Drishti IAS

# एडिटोरियल क्विज़

# मार्च

# 2024

Drishti, 641, First Floor, Dr. Mukharjee Nagar, Delhi-110009
Inquiry ( English ): 8010440440, Inquiry ( Hindi ): 8750187501
Email: help@groupdrishti.in

## प्रश्न

**1. एशियन इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट बैंक (AIIB) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत न केवल AIIB का संस्थापक सदस्य है, बल्कि भारत के पास संगठन में सबसे बड़ा परियोजना पोर्टफोलियो भी है।
2. बैंक की सभी शक्तियाँ गवर्नर बोर्ड में निहित हैं, जो सर्वोच्च निर्णायक संस्था है।
3. AIIB में भारत के पास सबसे बड़ा वोटिंग शेयर है और उसके बाद चीन तथा रूस का स्थान है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**2. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:**

| | मिशन | देश |
|---|---|---|
| 1. | लूना-25 | फ्राँस |
| 2. | गगनयान | भारत |
| 3. | ओडीसियस | संयुक्त राज्य अमेरिका |

**उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित नहीं है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 1 और 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

**3. भूमध्य सागर के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. पश्चिम में यह जिब्राल्टर की संकीर्ण जलडमरूमध्य के माध्यम से अटलांटिक महासागर से जुड़ा हुआ है।
2. सुदूर उत्तर-पूर्व में यह डार्डानेल्स जलडमरूमध्य, मरमारा सागर तथा बोस्पोरस जलडमरूमध्य के माध्यम से काला सागर से जुड़ा हुआ है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**4. इन विट्रो फर्टिलाइज़ेशन (IVF) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक चिकित्सा प्रक्रिया है जिसका उद्देश्य प्रजनन संबंधी कठिनाइयों का सामना करने वाले दंपतियों को गर्भधारण करने में सहायता प्रदान करना है।
2. इसमें अंडाशय से अंडे प्राप्त करने के साथ-साथ निषेचन के लिये प्रयोगशाला में शुक्राणु के साथ संयोजन करना शामिल है।
3. इस प्रक्रिया को या तो दंपतियों के स्वयं के अंडे एवं शुक्राणु का उपयोग करके किया जा सकता है या किसी दाता के अंडे, शुक्राणु अथवा भ्रूण का उपयोग शामिल हो सकता है, जो ज्ञात या अज्ञात रखा जा सकता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**5. आर्टेमिस समझौते के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. नागरिक अन्वेषण और शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिये बाहरी अंतरिक्ष के उपयोग को नियंत्रित करने हेतु सामान्य सिद्धांतों की स्थापना के लिये अमेरिका द्वारा आर्टेमिस समझौते की स्थापना की गई थी।
2. भारत बाध्यकारी आर्टेमिस समझौते पर हस्ताक्षर करने वाला 27वाँ देश बन गया।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**6. राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान (RGSA) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय के तहत एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है।
2. इसका उद्देश्य पंचायती राज संस्थानों (PRI) की शासन क्षमताओं को विकसित करना है।

नोट :

3. संशोधित RGSA का विस्तार देश के सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों तक है तथा इसमें भाग IX में शामिल क्षेत्रों के आलावा ग्रामीण स्थानीय सरकार की वे संस्थाएँ भी शामिल होंगी, जहाँ पंचायतें मौजूद नहीं हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**7. दुर्लभ बीमारियों के लिये राष्ट्रीय नीति, 2021 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक बार के इलाज के लिये 20 लाख रुपए तक की वित्तीय सहायता प्रदान करता है और एक क्राउड-फंडिंग प्राणाली का प्रावधान करता है।
2. दुर्लभ बीमारी के उपचार हेतु वित्तीय सहायता प्राप्त करने के लिये, स्थानीय क्षेत्र के रोगी मूल्यांकन के लिये निकटतम उत्कृष्टता केंद्र पर जा सकते हैं

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**8. एजियन सागर के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह काला सागर की एक शाखा है जो पश्चिम में ग्रीक प्रायद्वीप और पूर्व में एशिया माइनर के बीच स्थित है।
2. एजियन सागर डार्डनेल्स, मार्मारा सागर और बोस्पोरस जलडमरूमध्य के माध्यम से भूमध्य सागर से जुड़ा हुआ है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**9 निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. राज्यों के लिये ऋण ग्रहण की मानक सीमा सकल राज्य घरेलू उत्पाद (GSDP) का 3% निर्धारित है।
2. राज्यों को ऊर्जा क्षेत्र में सुधारों को कार्यान्वित करने के लिये प्रदर्शन-आधारित प्रोत्साहन के रूप में उनकी ऋण ग्रहण करने की क्षमता के आधार पर सकल राज्य घरेलू उत्पाद (GSDP) का 0.5% अतिरिक्त दिया जाता है।
3. यदि भारत सरकार अथवा उसके पूर्ववर्ती सरकार द्वारा पहले प्रदान किये गए ऋण का कोई हिस्सा बकाया रहता है तो भारत सरकार की सहमति के बिना कोई राज्य ऋण प्राप्त नहीं कर सकेगा।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**10. समग्र शिक्षा योजना के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह स्कूली शिक्षा के लिये एक एकीकृत योजना है जिसमें प्री-स्कूल से लेकर परास्नातक तक के सभी पहलुओं को शामिल किया है।
2. यह शिक्षा मंत्रालय द्वारा शुरू की गई एक केंद्र प्रायोजित योजना है और इसमें केंद्र एवं अधिकांश राज्यों के बीच 60:40 का वित्तीय विभाजन शामिल है।
3. इसे शिक्षा के लिये सतत् विकास लक्ष्य और वर्ष 2020 में प्रस्तुत की गई नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के साथ संरेखित करने के लिये अपग्रेड किया गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**11. राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) 2020 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NPE) पहली बार वर्ष 1968 में डॉ. के. कस्तूरीरंगन की अनुशंसाओं के आधार पर तैयार की गई थी।
2. राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP), 2020 या 21वीं सदी की भारत की पहली शिक्षा नीति है जो पूर्व की राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NPE), 1986 को प्रतिस्थापित करती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

**12. सती प्रथा के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ईश्वर चंद्र विद्यासागर के संवाद कौमुदी लेख में सती प्रथा के विरुद्ध अभियान शुरू किया गया, जिसमें स्पष्ट किया गया कि यह किसी भी वेद या महाकाव्य में निर्धारित नहीं है।
2. लॉर्ड विलियम बेंटिक द्वारा वर्ष 1829 के बंगाल सती विनियमन के माध्यम से बंगाल प्रेसीडेंसी के सभी क्षेत्रों में सती प्रथा को औपचारिक रूप से प्रतिबंधित कर दिया।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**13. निम्नलिखित में से कौन-सा विधि के शासन का भाग है ?**

1. विधि की सर्वोच्चता
2. विधि के समक्ष समानता
3. विधिक भावना की प्रधानता

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1
B. केवल 1 और 2
C. केवल 2 और 3
D. 1,2 और 3

**14. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940 सुरक्षा, प्रभावकारिता एवं गुणवत्ता मानकों के अनुपालन को सुनिश्चित करने हेतु भारत में दवाओं के आयात, उत्पादन एवं वितरण की निगरानी करता है।
2. CDSCO द्वारा विनियामक अनुमोदन तथा पंजीकरण के साथ चिकित्सा उपकरणों के नियमों का वर्गीकरण, ड्रग कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया (DCGI) के नियंत्रण में है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**15. चिकित्सीय शोध/अध्ययन/परीक्षण रजिस्ट्री- इंडिया (CTRI) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह भारत में किये जा रहे सभी नैदानिक अध्ययनों के संभावित पंजीकरण हेतु एक ऑनलाइन, निशुल्क और खोज योग्य प्रणाली है एवं इसका प्रबंधन ICMR- नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल स्टैटिस्टिक्स द्वारा किया जाता है।
2. औषधि महानियंत्रक (भारत) (DCGI) के अनुसार सभी नियामक नैदानिक परीक्षणों का पंजीकरण पूरी तरह से वैकल्पिक है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**16. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:**

**ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 ने नगरपालिका ठोस अपशिष्ट (प्रबंधन और हैंडलिंग) नियम, 2000 का स्थान ले लिया।**

**कथन-II:**

**इसके तहत मूल स्थान पर अपशिष्ट पृथक्करण पर बल दिया जाता है, निर्माताओं को स्वच्छता व संवेष्टन अपशिष्ट का प्रबंधन करने के लिये बाध्य किया जाता है तथा संग्रहण, पृथक्करण, भंडारण, परिवहन, प्रसंस्करण और निपटान लिये थोक अपशिष्ट उत्पन्न करने वालों पर उपयोगकर्त्ता शुल्क लगाया जाता है।**

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?**

A. कथन-I और कथन - II दोनों सही हैं तथा कथन- II कथन- I की सही व्याख्या है।
B. कथन-I और कथन - II दोनों सही हैं तथा कथन- II कथन - I की सही व्याख्या नहीं है।
C. कथन - I सही है किंतु कथन II गलत है।
D. कथन - I गलत है किंतु कथन II सही है।

**ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016:**

**17. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. पूर्वी भूमध्यसागरीय बेसिन में स्थित गाज़ा पट्टी की सीमा दक्षिण-पश्चिम में मिस्र, उत्तर-पूर्व में इज़रायल और पश्चिम में भूमध्य सागर से लगती है।
2. गाज़ा और वेस्ट बैंक, इज़रायली क्षेत्र द्वारा एक-दूसरे से अलग किये गए हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

**18. संयुक्त राष्ट्र विश्व खाद्य कार्यक्रम (WFP) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसकी स्थापना वर्ष 1961 में खाद्य एवं कृषि संगठन (FAO) और संयुक्त राष्ट्र महासभा (UNGA) द्वारा जिनेवा में मुख्यालय के साथ की गई थी।
2. यह खाद्य एवं कृषि संगठन (FAO) और कृषि विकास हेतु अंतर्राष्ट्रीय कोष (IFAD) के साथ मिलकर सहयोग करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**19. केयर्न समूह के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:**

1. यह 20 कृषि मेला-व्यापारिक देशों का एक गठबंधन है जिनकी विश्व के कृषि निर्यात में लगभग 30 प्रतिशत की हिस्सेदारी है।
2. इस समूह में केवल छह महाद्वीपों के विकासशील देश शामिल हैं, जो विकासशील देशों के लाभ हेतु न्यायसंगत एवं सतत् कृषि व्यापार प्राप्त करने हेतु प्रतिबद्ध हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**20. धान के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. धान की खेती गर्म और आर्द्र जलवायु (विशेष रूप से उच्च आर्द्रता, लंबे समय तक धूप एवं जल की प्रचुर आपूर्ति वाले क्षेत्रों) में अच्छी होती है।
2. धान एक कार्बोहाइड्रेट युक्त पोषक तत्त्व है जिससे त्वरित ऊर्जा मिलती है लेकिन इसमें नाइट्रोजन युक्त पदार्थ कम होने के साथ वसा की मात्रा नगण्य होती है।
3. थाईलैंड, विश्व में धान का सबसे बड़ा निर्यातक है, उसके बाद भारत का स्थान है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**21. महत्त्वपूर्ण खनिजों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ऑन क्रिटिकल मिनरल्स (CECM) की भूमिका प्रत्येक तीन वर्ष में भारत के महत्त्वपूर्ण खनिजों की सूची को अद्यतन करना और समय-समय पर महत्त्वपूर्ण खनिज रणनीति को अधिसूचित करना है।
2. खनिज विदेश इंडिया लिमिटेड (KABIL) एक संयुक्त उद्यम कंपनी है जो भारतीय घरेलू बाज़ार हेतु महत्त्वपूर्ण और रणनीतिक खनिजों की स्थिर आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिये बनाई गई है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. उपरोक्त सभी
D. इनमें से कोई भी नहीं

**22. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:**

**आर्थिक विकास और राष्ट्रीय सुरक्षा हेतु आवश्यक महत्त्वपूर्ण खनिज, भविष्य की वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिये अपरिहार्य हैं जो उच्च तकनीक इलेक्ट्रॉनिक्स, दूरसंचार, परिवहन एवं रक्षा जैसे क्षेत्रों में प्रौद्योगिकियों का समर्थन करते हैं।**

**कथन-II:**

**कुछ भौगोलिक स्थानों में महत्त्वपूर्ण खनिज निष्कर्षण या प्रसंस्करण की गहनता, उनकी सीमित उपलब्धता के साथ मिलकर, आपूर्ति श्रृंखला की कमज़ोरियों एवं आपूर्ति में संभावित व्यवधान का परिणाम हो सकती है।**

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है।
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।
C. कथन-I सही है किंतु कथन-II गलत है।
D. कथन-I गलत है किंतु कथन-II सही है।

**23. निम्न कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:**

**अर्द्धचालक/सेमीकंडक्टर और डिस्प्ले आधुनिक इलेक्ट्रॉनिकी की नींव हैं जो उद्योग 4.0 के तहत डिजिटल परिवर्तन के अगले चरण में प्रगति हेतु योगदान दे रहे हैं।**

नोट :

कथन-II:

**सेमीकंडक्टर आधुनिक इलेक्ट्रॉनिकी और ICT उत्पादों में मूल भूमिका निभाते हैं एवं ये वर्तमान समय के ऑटोमोबाइल, घरेलू गैजेट तथा ECG मशीनों जैसे महत्त्वपूर्ण चिकित्सा उपकरणों में पाए जाने वाले महत्त्वपूर्ण घटक हैं।**

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन I की सही व्याख्या है।
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।
C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II गलत है।
D. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है।

**24. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. स्वच्छ भारत कोष ट्रस्ट का उद्देश्य स्वच्छ भारत अभियान का समर्थन करने के लिये कॉर्पोरेट क्षेत्र से कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (CSR) धन और वैयक्तिक रूप से तथा परोपकारी लोगों से दान एकत्र करना है।
2. वित्त मंत्रालय ने एक समर्पित बैंक खाते में विदेशी योगदान प्राप्त करने के लिये विदेशी योगदान (विनियमन) अधिनियम (FCRA) के तहत ट्रस्ट को छूट प्रदान की।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**25. शरणार्थी के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. शरणार्थी वह व्यक्ति होता है जो गंभीर मानवाधिकारों के हनन और उत्पीड़न के खतरे के कारण अपना देश छोड़ चुका है।
2. वे संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी सम्मेलन और उसके प्रोटोकॉल के तहत अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा के हकदार हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**26. ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (HPV) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ह्यूमन पेपिलोमा वायरस (HPV) एक सामान्य यौन संचारित संक्रमण है जो त्वचा, जननांग क्षेत्र तथा गले को प्रभावित कर सकता है।
2. कम-से-कम 14 प्रकार के ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (HPV) में कैंसर उत्पन्न करने की क्षमता होती है, जिनमें HPV प्रकार 16 और 18 सबसे अधिक ऑन्कोजेनिक होते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**27. त्रिपुरा जनजातीय क्षेत्र स्वायत्त ज़िला परिषद (TTADC) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसका गठन वर्ष 1985 में संविधान की छठी अनुसूची के तहत आदिवासी समुदायों के विकास एवं अधिकारों और सांस्कृतिक विरासत को सुरक्षित करने के लिये किया गया था।
2. इसके पास केवल कार्यकारी शक्तियाँ हैं और यह राज्य के भौगोलिक क्षेत्र के लगभग दो-तिहाई हिस्से को कवर करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**28. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ग्रे हाइड्रोजन प्राकृतिक रूप से भू-पर्पटी में पाया जाता है और इसे एक आशाजनक स्वच्छ ऊर्जा स्रोत के रूप में देखा जा रहा है, जो प्राय: अन्य अणुओं के साथ संयोजन में पाया जाता है।
2. वाइट हाइड्रोजन मुख्य रूप से कोयला या लिग्नाइट गैसीकरण अथवा प्राकृतिक गैस या मीथेन के वाष्प मीथेन पुनर्विरचन (SMR) से प्राप्त होता है, जिसमें आमतौर पर कार्बन-गहन प्रक्रियाएँ शामिल होती हैं।
3. अमेरिका, पूर्वी यूरोप, रूस, ऑस्ट्रेलिया, फ्राँस और अन्य देशों सहित विश्व भर में वाइट हाइड्रोजन के भंडार पाए गए हैं।

नोट :

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**29. भारतीय प्रतिस्पर्द्धा आयोग (CCI) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह प्रतिस्पर्द्धा अधिनियम, 2002 के तहत स्थापित एक वैधानिक निकाय है।
2. इसमें एक अर्द्ध-न्यायिक निकाय की संरचना होती है, जिसमें एक अध्यक्ष और छह अतिरिक्त सदस्य होते हैं।
3. CCI के सदस्यों की नियुक्ति एक पैनल द्वारा की जाती है जिसमें प्रधानमंत्री, गृह मंत्री और लोकसभा में विपक्ष के नेता शामिल होते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई नहीं

**30. स्पीति घाटी के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह जम्मू-कश्मीर के उत्तरपूर्वी भाग में स्थित एक ठंडी पर्वती-मरुस्थलीय घाटी है।
2. यह वृहत हिमालय पर्वतमाला के वृष्टिछाया क्षेत्र में स्थित है।
3. यह घाटी दक्षिण-पूर्व में किन्नौर ज़िलों, दक्षिण में कुल्लू और उत्तर में ज़ांस्कर व लद्दाख की घाटियों से घिरी हुई है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**31. दीपोर बील के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह कर्नाटक में स्थित मीठे जल की एक स्थायी झील और साथ ही एक पक्षी अभयारण्य है।
2. यह ब्रह्मपुत्र नदी के पूर्व की धारा में स्थित एक नदी आर्द्रभूमि है जो मुख्य नदी के दक्षिण में स्थित है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**32. राष्ट्रीय न्यायिक डेटा ग्रिड (NJDG) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. NJDG पोर्टल संपूर्ण देश के विभिन्न न्यायालयों में चल रहे, लंबित और निपटाए गए मामलों से संबंधित डेटा का एक राष्ट्रीय भंडार है।
2. इसे ई-कोर्ट परियोजना के चरण II के हिस्से के रूप में बनाया गया था, जो एक केंद्र प्रायोजित योजना है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**33. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. एक नौसेना जिसका संचालन तट के करीब प्रतिबंधित है, जहाँ जल गंदा है, ब्राउन वॉटर फोर्स कहलाती है।
2. ब्लू वॉटर फोर्स ईंधन भरने अथवा फिर से भंडारित करने के लिये अपने होम पोर्ट पर लौटने की आवश्यकता के बिना ही अपनी सीमाओं से दूर ऑपरेशन कर सकता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**34. क्लस्टर्ड रेगुलरली इंटरस्पेस्ड शॉर्ट पैलिंड्रोमिक रिपीट्स (CRISPR) तकनीक के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक जीन संपादन तकनीक है, जो Cas9 नामक एक विशेष प्रोटीन का उपयोग करके वायरस से लड़ने के लिये बैक्टीरिया में प्राकृतिक रक्षा तंत्र को पुर:स्थापित करती है।
2. CRISPR तकनीक अपनी सरलता, असाधारण सटीकता एवं बाह्य जीन को प्रस्तुत करने की आवश्यकता हेतु जानी जाती है।

नोट :

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**35. 'सिल्फियम', जो हाल ही में समाचारों में देखा गया था:**

A. एक प्राचीन रोमन जड़ी बूटी
B. एक कृत्रिम बुद्धिमत्ता उपकरण
C. एक स्वदेशी रूप से विकसित कॉफी किस्म
D. इनमें से कोई भी नहीं

**36. निम्नलिखित पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:**

**जीनोम एक जीव की संपूर्ण आनुवंशिक सामग्री को समाहित करता है, मानव जीनोम काफी हद तक व्यक्तियों के बीच सुसंगत होता है, हालाँकि DNA के एक छोटे से हिस्से में मामूली बदलाव होते हैं।**

**कथन-II:**

**प्रत्येक जीनोम में किसी जीव के निर्माण और उसे बनाए रखने के लिये आवश्यक निर्देशों का पूरा समूह शामिल होता है, मानव जीनोम में 3 अरब से अधिक DNA बेस जोड़े होते हैं।**

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन I की सही व्याख्या है।
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।
C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II गलत है।
D. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है।

**37. गोलान हाइट्स के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह पश्चिम में जॉर्डन नदी व गैलील सागर, उत्तर में माउंट हर्मन, पूर्व में मौसमी वादी अल-रुक्काद नदी और दक्षिण में यरमुक नदी से घिरा हुआ है।
2. वर्ष 1967 के छह-दिवसीय युद्ध के अंतिम चरण में इज़रायल ने सीरिया से गोलान हाइट्स को ज़ब्त कर लिया।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**38. घरेलू उपभोग व्यय सर्वेक्षण के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह आमतौर पर भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा प्रत्येक पाँच वर्ष में आयोजित किया जाता है।
2. इसका लक्ष्य ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच चित्रण करते हुए घरेलू मासिक प्रति व्यक्ति उपभोग व्यय (MPCE) तथा इसके वितरण का अनुमान लगाना है।
3. सर्वेक्षण डेटा सकल घरेलू उत्पाद (GDP), गरीबी स्तर और उपभोक्ता मूल्य मुद्रास्फीति (CPI) सहित महत्त्वपूर्ण आर्थिक संकेतकों की समीक्षा में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**39. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. WTO के अपीलीय निकाय में सात सदस्य शामिल होते हैं जिन्हें विवाद समाधान निकाय (DSB) द्वारा चार वर्ष की अवधि के लिये नियुक्त किया जाता है।
2. DSB विवाद समाधान पैनल की स्थापना कर सकता है, संबद्ध मामलों को मध्यस्थता के लिये अग्रेषित कर सकता है, अनुशंसाओं के कार्यान्वयन का अनुवीक्षण कर सकता है तथा उनका अनुपालन न होने की दशा में रियायतों के निलंबन की अनुमति दे सकता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**40. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. कुप्रबंधित अपशिष्ट सूचकांक, कुप्रबंधित अपशिष्ट और कुल अपशिष्ट का अनुपात है।
2. प्लास्टिक ओवरशूट डे का निर्धारण संबंधित देश के कुप्रबंधित अपशिष्ट सूचकांक के आधार पर किया जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

**41. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:**

| **द्वीप** | **राष्ट्र** |
|---|---|
| 1. अगलेगा | चीन |
| 2. रीयूनियन द्वीप | फ्राँस |
| 3. डिएगो गार्सिया | यूनाइटेड किंगडम |

**उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं ?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

**42. ग्रेटर एडजुटेंट स्टॉर्क के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. एक समय दक्षिण और दक्षिण-पूर्व एशिया में व्यापक रूप से पाया जाने वाला ग्रेटर एडजुटेंट सारस अब विश्व स्तर पर सर्वाधिक संकटग्रस्त प्रजातियों में से एक है।
2. इसके केवल तीन प्रजनन स्थल ज्ञात हैं, जो सभी भारत में स्थित हैं।
3. यह अनुसूची I वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 में सूचीबद्ध है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**43. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन संविधान की दसवीं अनुसूची के तहत संसद सदस्य की अयोग्यता का कारण बनेगा ?**

1. यदि वह स्वेच्छा से उस राजनीतिक दल की सदस्यता छोड़ देता है जिसके टिकट पर वह सदन के लिये चुना गया है।
2. यदि वह अपने राजनीतिक दल द्वारा दिये गए किसी निर्देश के विपरीत सदन में मतदान करता है या मतदान से अनुपस्थित रहता है।
3. यदि कोई स्वतंत्र रूप से निर्वाचित सदस्य सत्तारूढ़ दल में शामिल होता है।

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1
B. केवल 1 और 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

**44. खनिज सुरक्षा भागीदारी (MSP) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह दुर्लभ खनिज आपूर्ति शृंखलाओं को मज़बूत करने के लिये भारत की एक पहल है।
2. गठबंधन का लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि देश दुर्लभ खनिजों का ज़िम्मेदारीपूर्वक उत्पादन, प्रसंस्करण और पुनर्चक्रण करके अपने भूवैज्ञानिक संसाधनों से आर्थिक रूप से पूरी तरह से लाभान्वित हो सकें।
3. कोबाल्ट, निकेल, लिथियम जैसे खनिजों की आपूर्ति शृंखला और 17 "दुर्लभ पृथ्वी" खनिजों पर भी ध्यान देना।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**45. 'सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ एडवांस्ड कंप्यूटिंग' (C-DAC) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की शीर्ष अनुसंधान और विकास शाखा है।
2. इसकी स्थापना संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा सुपर कंप्यूटर के आयात से इनकार के संदर्भ में सुपर कंप्यूटर बनाने के लिये की गई थी।
3. C-DAC ने 1991 में भारत का पहला स्वदेश निर्मित सुपर कंप्यूटर परम 8000 बनाया।

**उपर्युक्त कितने कथन सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**46. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. शरण चाहने वाला वह व्यक्ति होता है जो शरणार्थी स्थिति का दावा करता है लेकिन अभी तक औपचारिक मूल्यांकन से नहीं गुज़रा है, अपने दावे के सफल मूल्यांकन पर शरणार्थी स्थिति में परिवर्तित हो जाता है।
2. शरणार्थी स्थिति निर्धारण (RSD) अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय या क्षेत्रीय कानून के तहत शरण चाहने वाले की शरणार्थी स्थिति का पता लगाने के लिये सरकारों या UNHCR द्वारा नियोजित एक कानूनी प्रक्रिया है।

नोट :

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**47. जीनोम इंडिया प्रोजेक्ट के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. जीनोम इंडिया प्रोजेक्ट जैव प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा स्वीकृत एक जीन मैपिंग परियोजना है।
2. यह परियोजना शोधकर्त्ताओं को भारत के जनसंख्या समूहों के लिये विशिष्ट आनुवंशिक विविधताओं का अध्ययन करने में सक्षम बनाएगी, जिससे दवाओं और उपचारों के अनुकूलन की सुविधा मिलेगी।
3. वर्ष 2022 में उद्घाटन किया गया भारतीय जैविक डेटा केंद्र (IBDC) पूरे डेटासेट को संग्रहीत करेगा और इसे देश का एकमात्र डेटाबैंक होने के नाते डिजिटल सार्वजनिक वस्तु या अनुसंधान के रूप में उपलब्ध कराएगा।

**उपर्युक्त कितने कथन सही नहीं हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**48. चौकड़ी रोड मैप और अरब शांति पहल को अक्सर समाचारों में निम्नलिखित के संदर्भ में देखा जाता है:**

A. ईरान-इज़रायल

B. इज़रायल-फिलिस्तीन

C. ईरान-सऊदी अरब

D. ईरान-संयुक्त राज्य अमेरिका

**49. ब्लैक सी ग्रेन पहल के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह रूसी-यूक्रेनी संघर्ष के कारण आपूर्ति श्रृंखला व्यवधानों से उत्पन्न खाद्य पदार्थों की बढ़ती कीमतों से निपटने का प्रयास करती है।
2. इस समझौते ने संयुक्त समन्वय केंद्र (JCC) की स्थापना की, जिसमें निरीक्षण और समन्वय के लिये रूस, तुर्किये, यूक्रेन तथा संयुक्त राष्ट्र के वरिष्ठ प्रतिनिधि शामिल थे।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**50. प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना (PMKSY) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक केंद्र प्रायोजित योजना है।
2. यह आधारिक संरचना, रसद परियोजनाओं और खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना के लिये विभिन्न योजनाओं के तहत निवेशकों को पात्र परियोजना लागत के 35% से 75% तक की अधिकतम निर्दिष्ट सीमा के अधीन सहायता अनुदान प्रदान किया जाता है।
3. PMKSY का उद्देश्य कृषि को पूरक बनाना, प्रसंस्करण का आधुनिकीकरण करना और कृषि-अपशिष्ट को कम करना है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**51. गिनी गुणांक के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह जनसंख्या के बीच आय के वितरण का एक माप है।
2. इसका उपयोग अक्सर आर्थिक असमानता, आय वितरण को मापने या कम सामान्यत:, आबादी के बीच धन वितरण को मापने के रूप में किया जाता है।
3. उच्च गिनी सूचकांक अधिक असमानता को इंगित करता है, उच्च आय वाले व्यक्तियों को जनसंख्या की कुल आय का बहुत बड़ा प्रतिशत प्राप्त होता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**52. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. मतदाता सूची की तैयारी और नगर पालिकाओं के सभी चुनावों के संचालन का अधीक्षण, निर्देशन एवं नियंत्रण राज्य चुनाव आयोग में निहित होगा।
2. हालाँकि नगर पालिकाओं के चुनावों से संबंधित सभी मामलों में प्रावधान करने की ज़िम्मेदारी पूरी तरह से संसद की है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**53. वैश्विक जैवविविधता फ्रेमवर्क कोष के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह देशों को कुनमिंग-मॉन्ट्रियल वैश्विक जैवविविधता फ्रेमवर्क (KMGBF) के तहत निर्धारित 23 लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करेगा।
2. इसका प्रबंधन वैश्विक पर्यावरण सुविधा (GEF) द्वारा किया जाएगा और निजी, परोपकारी तथा सरकारी निवेश के माध्यम से धन एकत्र किया जाएगा।
3. GBF फंड काउंसिल के निर्णय वैश्विक पर्यावरण सुविधा (GEF) उपकरण की तर्ज़ पर बहुमत से लिये जाते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**54. म्यूचुअल फंड के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. एक म्यूचुअल फंड में निवेशकों से उनकी ओर से प्रतिभूतियों (ऋण, इक्विटी, या दोनों) में निवेश करने के लिये धन एकत्र किया जाता है और काफी कम प्रबंधन शुल्क लिया जाता है।
2. म्यूचुअल फंड एकमात्र ऐसा सुरक्षा निवेश है जिसका प्रबंधन भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा किया जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**55. कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (CSR) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत निगमों के लिये कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (CSR) को अनिवार्य करने वाले विश्व स्तर पर पहले देशों में से एक था।
2. भारत शायद एकमात्र ऐसा देश है जो सीएसआर दायित्वों के व्यय और रिपोर्टिंग दोनों को अनिवार्य बनाता है।
3. प्रत्येक पात्र कंपनी को एक कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व समिति बनानी होगी जिसमें कम-से-कम एक स्वतंत्र निदेशक सहित तीन निदेशक शामिल हों।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**56. उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वह 65 वर्ष की आयु प्राप्त करने तक पद पर बने रहते हैं।
2. वह राष्ट्रपति को पत्र लिखकर अपने पद से इस्तीफा दे सकता है।
3. संसद की अनुशंसा पर राष्ट्रपति द्वारा उसे उसके पद से हटाया जा सकता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**57. भारत-नेपाल संबंधों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. नेपाल की सीमा पाँच भारतीय राज्यों से लगती है, जो 1850 किमी. में फैली हुई है, जिसमें असम, पश्चिम बंगाल, बिहार, उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड शामिल हैं।
2. पारगमन संशोधित संधि द्वारा नेपाल को हल्दिया, कोलकाता, पारादीप एवं विशाखापत्तनम जैसे- बंदरगाहों सहित भारत के अंतर्देशीय जलमार्गों तक पहुँच के माध्यम से अन्य देशों के साथ व्यापार करने की अनुमति दी है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**58. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. एक नगर निगम में इसके प्राधिकारियों के रूप में परिषद, स्थायी समितियाँ तथा आयुक्त शामिल होते हैं।
2. 74वें संवैधानिक संशोधन अधिनियम के अनुसार परिषद में निर्वाचित पार्षद एवं नामांकित सदस्य शामिल हैं।
3. अधिकांश राज्यों में परिषद का नेतृत्व एक मेयर द्वारा किया जाता है, जिसे एक उप महापौर द्वारा समर्थित किया जाता है, जो एक वर्ष के कार्यकाल के लिये चुना जाता है, जो मुख्य रूप से एक औपचारिक प्रमुख के रूप में कार्य करता है और साथ ही परिषद की बैठकों की अध्यक्षता करता है।

नोट :

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**59. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:**

| **द्वीप** | **देशों के बीच विवाद** |
|---|---|
| 1. स्कारबोरो शोल | मलेशिया, भारत |
| 2. पैरासेल द्वीप | चीन, ताइवान, वियतनाम |
| 3. स्प्रैटली द्वीप | चीन, ताइवान, नेपाल |

**उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?**

A. केवल 2
B. केवल 1 और 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

**60. भ्रष्टाचार निवारण (संशोधन) अधिनियम (PCA), 2018 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसका उद्देश्य PCA को भ्रष्टाचार के विरुद्ध संयुक्त राष्ट्र कन्वेंशन- 2005 के साथ संरेखित करना था, जिसे वर्ष 2011 में भारत द्वारा अनुमोदित किया गया था।
2. व्यवसाय या लाभ प्राप्त करने या बनाए रखने के इरादे से PCA का उल्लंघन करने वाले वाणिज्यिक संगठन दंड के अधीन हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**61. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. 56वें संवैधानिक संशोधन के तहत कानून निर्माताओं के लंबे समय से लंबित मुकदमों को तेज़ी से निपटाने के लिये देश भर में विशेष अदालत की स्थापना की गई।
2. प्रत्येक राज्य में विशेष अदालत का क्षेत्राधिकार पूरे राज्य पर होता है, जबकि दिल्ली में दो अदालतें दिल्ली या "आंशिक रूप से दिल्ली" की सीमा के भीतर के मामलों को कवर करती हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**62. गैरकानूनी गतिविधियाँ (रोकथाम) अधिनियम, 1967 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. अधिनियम केंद्र सरकार को पूर्ण शक्ति प्रदान करता है, जिसके माध्यम से यदि केंद्र किसी गतिविधि को गैर-कानूनी मानता है तो वह आधिकारिक राजपत्र के माध्यम से इसे घोषित कर सकता है।
2. यह केवल भारतीय नागरिक पर लागू होता है।

- UAPA के तहत जाँच एजेंसी गिरफ्तारी के बाद अधिकतम 180 दिनों में चार्जशीट दाखिल कर सकती है और न्यायालय को सूचित करने के बाद उस अवधि को बढ़ाया भी जा सकता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**63. वन अधिकार अधिनियम, 2006 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह पीढ़ियों से वनों में निवास करने वाले वन निवासी अनुसूचित जनजातियों (FDST) और अन्य पारंपरिक वन निवासियों (OTFD) के वन अधिकारों तथा वन संसाधनों पर उनके स्वामित्व को मान्यता देकर अनुदान प्रदान करता है।
2. यह चार प्रकार के अधिकारों की पहचान करता है जिनमें स्वामित्व अधिकार, राहत और विकास अधिकार, वन प्रबंधन अधिकार एवं उपयोग अधिकार शामिल है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**64. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:**

**संविधान संसद को परिसीमन आयोग अधिनियम के माध्यम से जनगणना के उपरांत लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में सीटों को पुनः आवंटित करने के लिये एक स्वतंत्र परिसीमन आयोग के गठन हेतु प्राधिकृत करता है।**

**कथन-II:**

**परिसीमन आयोग की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा की जाती है और यह निर्वाचन आयोग के सहयोग से काम करता है।**

नोट :

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन I की सही व्याख्या है।

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।

C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II गलत है।

D. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है।

**65. 'महिला स्वास्थ्य अंतर को समाप्त करना' रिपोर्ट निम्नलिखित में से किसके द्वारा जारी की गई थी:**

A. विश्व आर्थिक मंच

B. विश्व स्वास्थ्य संगठन

C. विश्व बैंक

D. अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष

**66. वन्य जीवन (संरक्षण) लाइसेंसिंग (विचार के लिये अतिरिक्त मामले) नियम, 2024 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. नए दिशा-निर्देश अनुसूची II प्रजातियों में व्यापार के लिये लाइसेंसिंग प्रतिबंधों को खत्म करते हैं, जिससे केंद्र सरकार के परामर्श के बिना आसानी से अनुमोदन की अनुमति मिलती है।
2. नए दिशा-निर्देश केंद्र सरकार से पूर्व परामर्श के बिना अनुसूची I के जंगली जानवरों के लिये लाइसेंस देने पर रोक लगाते हैं, बाघों, हाथियों और गैंडों जैसी अत्यधिक संरक्षित प्रजातियों पर प्रतिबंध बनाए रखते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**67. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. हाल ही में केरल ने मानव-पशु संघर्ष को राज्य-विशिष्ट आपदा घोषित किया है।
2. वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 के अनुसार मानव-वन्यजीव संघर्ष के प्रबंधन के लिये वन विभाग उत्तरदायी है।
3. राज्य-विशिष्ट आपदा घोषित किये जाने के उपरांत राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 के प्रावधानों के तहत त्वरित और निर्णायक कार्रवाई करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**68. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:**

| | **राष्ट्रीय उद्यान** | **राज्य** |
|---|---|---|
| 1. | जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क | उत्तराखंड |
| 2. | कूनो राष्ट्रीय उद्यान | गुजरात |
| 3. | रायमोना राष्ट्रीय उद्यान | उत्तर प्रदेश |

**उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 1 और 2

C. केवल 2 और 3

D. 1, 2 और 3

**69. U-WIN के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत के सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम (UIP) को डिजिटल बनाने वाला कार्यक्रम U-WIN प्रति राज्य और केंद्रशासित प्रदेश के दो ज़िलों में पायलट मोड में लॉन्च किया गया है।
2. U-WIN टीकाकरण सेवाओं के लिये मुख्य केंद्र के रूप में कार्य करेगा, जिसमें टीकाकरण स्थिति अपडेट, वितरण परिणाम, RI सत्रों की योजना और प्रतिजन-वार कवरेज पर रिपोर्ट शामिल है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**70. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. दक्षिण चीन सागर चीन के दक्षिण में स्थित है, जिसकी सीमा म्याँमार, चीन, इंडोनेशिया, मलेशिया, फिलीपींस, ताइवान और वियतनाम से लगती है।
2. चीन की नाइन-डैश लाइन, जो मूल रूप से वर्ष 1953 तक "एलेवेन-डैश लाइन" थी, उसके समुद्री दावों का निरूपण करती है, जिसका विस्तार फिलीपींस, मलेशिया और वियतनाम के पास मुख्य भूमि से 2,000 किमी. तक है।

नोट :

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**71. केंद्रशासित प्रदेशों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. संविधान का भाग VIII केंद्रशासित प्रदेशों से संबंधित है।
2. राष्ट्रपति प्रत्येक केंद्रशासित प्रदेश का प्रशासन एक नियुक्त प्रशासक के माध्यम से करता है, जो राज्यपाल के विपरीत, राष्ट्रपति का एजेंट होता है, राज्य का प्रमुख नहीं।
3. राष्ट्रपति किसी राज्य के राज्यपाल को निकटवर्ती केंद्रशासित प्रदेश के प्रशासक के रूप में नियुक्त कर सकता है, जहाँ राज्यपाल को अपने मंत्रिपरिषद से स्वतंत्र रूप से कार्य करना होगा।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**72. केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के तहत एक वैधानिक निकाय है।
2. इसकी अध्यक्षता पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के सचिव करते हैं एवं इसमें 15 अन्य सदस्य होते हैं।
3. प्राधिकरण का मुख्य उद्देश्य समृद्ध जैवविविधता के संरक्षण में राष्ट्रीय प्रयास को पूरक एवं सुदृढ़ करना है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**73. पेमेंट्स बैंक के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ये बैंक कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत पंजीकृत एक सार्वजनिक लिमिटेड कंपनी के रूप में संचालन करते हैं और बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 22 के तहत इन्हें लाइसेंस प्रदान किया जाता है।
2. मांग जमा शेष का 50% सांविधिक चलनिधि अनुपात (SLR) के रूप में सुरक्षित सरकारी प्रतिभूतियों में निवेश किया जाना चाहिये।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**74. अल-नीनो के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. अल नीनो के दौरान भारत सहित विश्व के अन्य क्षेत्रों में अमूमन सामान्य परिस्थितियों की तुलना में अधिक ताप और अल्प वर्षा की स्थिति उत्पन्न होती है।
2. अल-नीनो घटना एक आवर्ती वार्षिक परिघटना है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**75. इंडिया स्टैक के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एप्लिकेशन प्रोग्रामिंग इंटरफेस (API) का एक सेट है जो सरकारों, व्यवसायों, स्टार्टअप्स और डेवलपर्स को एक अद्वितीय डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर का उपयोग करने की अनुमति देता है।
2. इंडिया स्टैक सरकार द्वारा संचालित प्रयास है जिसका उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों में विविध डिजिटल सेवाओं की सुविधा प्रदान करने वाला एक सुदृढ़ डिजिटल ढाँचा स्थापित करना है। इसमें शामिल घटकों का स्वामित्व और प्रबंधन अलग-अलग एजेंसियों के पास होता है।
3. इंडिया स्टैक में विशिष्ट बायोमेट्रिक पहचान के लिये आधार, तत्काल डिजिटल भुगतान के लिये यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (UPI) और वैयक्तिक दस्तावेज़ों के सुरक्षित भंडारण के लिये एक डिजिटल लॉकर शामिल है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**76. भाषिणी प्लेटफॉर्म के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसका उद्देश्य ध्वनि-आधारित विकल्पों सहित भारतीय भाषाओं में सुविधाजनक इंटरनेट और डिजिटल सेवा पहुँच की सुविधा प्रदान करना तथा उन भाषाओं में सामग्री निर्माण को बढ़ावा देना है।
2. इसका उद्देश्य सार्वजनिक डोमेन में भारतीय MSME, स्टार्टअप्स और व्यक्तिगत इनोवेटर्स के उपयोग के लिये कृत्रिम बुद्धिमत्ता तथा प्राकृतिक भाषा प्रसंस्करण (NLP) आधारित संसाधन प्रदान करना है।
3. यह राष्ट्रीय भाषा अनुवाद मिशन का अंग नहीं है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**77. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:**

**ग्रीन क्लाइमेट फंड (GCF) पेरिस समझौते का एक महत्त्वपूर्ण भाग है और विकासशील देशों को उनके राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान (NDC) में उल्लिखित GHG उत्सर्जन को कम करने तथा जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को अनुकूलित करने में मदद करने के लिये समर्पित विश्व का सबसे बड़ा कोष है।**

**कथन-II:**

**ग्रीन क्लाइमेट फंड (GCF) एक देश-संचालित दृष्टिकोण को प्राथमिकता देता है जो विकासशील देशों को प्रोग्रामिंग और कार्यान्वयन का नेतृत्व करने की अनुमति देता है, वित्तपोषण निर्णयों में उनका स्वामित्व सुनिश्चित करता है तथा उन्हें NDC महत्त्वाकांक्षाओं को जलवायु कार्रवाई में परिवर्तित करने में सक्षम बनाता है।**

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन I की सही व्याख्या है।
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।
C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II गलत है।
D. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है।

**78. राष्ट्रीय आयुष मिशन के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसका उद्देश्य आयुष्मान भारत योजना के तहत आयुष स्वास्थ्य और कल्याण केंद्रों (AHWC) के माध्यम से संपूर्ण देश में आयुष स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार करना है।
2. मिशन के अनिवार्य घटकों में आयुष सेवाएँ, शैक्षणिक संस्थान, ASU और H औषधियों का गुणवत्ता नियंत्रण तथा औषधीय संयंत्र शामिल हैं।
3. केंद्रीय मंत्रिमंडल ने हाल ही में एक केंद्रीय क्षेत्र योजना के तहत विभिन्न आयुष स्वास्थ्य और कल्याण केंद्रों के संचालन को मंज़ूरी दी।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**79. राष्ट्रमंडल देशों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. राष्ट्रमंडल 56 देशों का एक समूह है जिसमें मुख्य रूप से पूर्व में ब्रिटिश उपनिवेश रह चुके राष्ट्र शामिल हैं।
2. इसकी स्थापना वर्ष 1949 में लंदन घोषणा-पत्र द्वारा की गई थी।
3. इसके सभी सदस्य मुख्य रूप से विकासशील देश हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**80. हिम तेंदुए के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. हिम तेंदुए उच्च तुंगता पर पाए जाने वाले शीर्ष शिकारी के रूप में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं जो उनके उच्च तुंगता वाले आवास की स्थिति और पर्वतीय वातावरण पर जलवायु परिवर्तन के प्रभावों का संकेत देते हैं।
2. भूटान ने संरक्षण और पारिस्थितिक संतुलन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दर्शाते हुए आधिकारिक तौर पर हिम तेंदुए को अपना राष्ट्रीय प्रतीक घोषित किया है।

दृष्टि The Vision

नोट :

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**81. NBFC के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. कंपनी अधिनियम, 1956 के तहत पंजीकृत NBFC, कृषि और रियल एस्टेट गतिविधियों को छोड़कर, ऋण देने तथा प्रतिभूतियों में निवेश जैसी वित्तीय गतिविधियों में शामिल हो सकती है।
2. आमतौर पर इन संस्थानों को लोगों की मांग जमा स्वीकार करने की अनुमति होती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**82. 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह महिला एवं बाल विकास मंत्रालय (MW&CD), स्वास्थ्य तथा परिवार कल्याण मंत्रालय (MH&FW) और शिक्षा मंत्रालय की सयुंक्त पहल है।
2. केंद्र सरकार ने गैर-पारंपरिक आजीविका में शामिल लड़कियों के कौशल विकास हेतु 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' (BBBP) योजना का विस्तार किया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

**C. 1 और 2 दोनों**

**D. न तो 1 और न ही 2**

**83. नियंत्रण रेखा के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. नियंत्रण रेखा (LoC) की उत्पत्ति वर्ष 1948 में कश्मीर युद्ध के बाद संयुक्त राष्ट्र (UN) द्वारा निर्धारित युद्धविराम रेखा से हुई थी।
2. भारत और पाकिस्तान के बीच शिमला समझौते के बाद वर्ष 1972 में इसे LoC के रूप में नामित किया गया था।
3. LoC को दुनिया के सबसे ऊँचे युद्ध क्षेत्र सियाचिन ग्लेशियर तक सीमांकित किया गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**84. वाटरशेड के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वाटरशेड (जिसे जल निकासी बेसिन/जलग्रहण क्षेत्र भी कहा जाता है) भूमि का एक क्षेत्र है, जो एक विशिष्ट जलाशय में जल को प्रवाहित करता है या "विभाजित" करता है।
2. यह सतही जल अपवाह के लिये एक स्वतंत्र जल निकासी इकाई नहीं है।
3. एक जल विभाजक दूसरे जल विभाजक से एक प्राकृतिक सीमा द्वारा अलग होता है, जिसे जल विभाजक या कटक रेखा कहते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**85. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. लिंगायत 12वीं सदी के समाज सुधारक-दार्शनिक कवि बसवेश्वर के अनुयायी हैं।
2. लिंगायत बहुदेववाद के कट्टर अनुयायी होते हैं जो कई देवताओं की उपासना करते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**86. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:**

**जनरेशन इक्वेलिटी फोरम संयुक्त राष्ट्र महिला (UN Women) द्वारा विभिन्न देशों की सरकारों, निगमों और संपूर्ण विश्व के समर्थकों के सहयोग से आयोजित की गई जिसका उद्देश्य लैंगिक समानता के लिये महत्त्वपूर्ण निवेश तथा नीतियों की घोषणा करना एवं उनके प्रति प्रतिबद्धता दर्शाना था।**

**कथन-II:**

**इस फोरम का महत्त्वाकांक्षी एक्शन एजेंडा बहु-हितधारक एक्शन गठबंधन द्वारा संचालित किया जाएगा, जिन्होंने मिलकर लैंगिक समानता को आगे बढ़ाने के लिये एक वैश्विक त्वरण योजना विकसित की है।**

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन I की सही व्याख्या है
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है
C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II गलत है
D. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है

**87. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारतीय संविधान का अनुच्छेद 27 मानव तस्करी एवं बेगार को प्रतिबंधित करता है।
2. अनैतिक तस्करी (रोकथाम) अधिनियम, 1956 (ITPA) प्राथमिक कानून के रूप में कार्य करता है जिसका उद्देश्य विशेष रूप से व्यावसायिक यौन शोषण के लिये तस्करी को रोकना है।
3. इंटरपोल के ऑपरेशन स्टॉर्म मेकर्स II ने मानव तस्करी से जुड़ी धोखाधड़ी गतिविधियों के बढ़ते नेटवर्क को उजागर किया है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**88. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. लैंगिक समानता तथा महिला सशक्तीकरण को आगे बढ़ाने हेतु समर्पित मुख्य वैश्विक अंतर-सरकारी संगठन महिलाओं की स्थिति पर संयुक्त राष्ट्र आयोग है।
2. भारत को वर्ष 2021-2025 कार्यकाल के लिये आर्थिक और सामाजिक परिषद (ECOSOC) के तहत महिलाओं की स्थिति पर आयोग (CSW) के सदस्य के रूप में चुना गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

1. केवल 1
2. केवल 2
3. 1 और 2 दोनों
4. न तो 1 और न ही 2

**89. INS जटायु के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. INS जटायु लक्षद्वीप में पहला नौसैनिक अड्डा है।
2. मिनिकॉय पर इसकी तैनाती से अरब सागर में महत्त्वपूर्ण समुद्री संचार लाइनों (SLOC) की निगरानी करते हुए नौसेना के अनुवीक्षण और संचालन में वृद्धि होगी।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**90. संसदीय विशेषाधिकारों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. संसदीय विशेषाधिकार संसद के सदस्यों और उनकी समितियों को प्राप्त विशेष अधिकार, उन्मुक्तियाँ एवं छूट हैं।
2. भारतीय संविधान का अनुच्छेद 194 संसद सदस्यों के लिये विशेषाधिकारों को परिभाषित करता है जबकि अनुच्छेद 105 राज्यों की विधानसभाओं के सदस्यों के लिये इसकी गारंटी सुनिश्चित करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**91. निम्नलिखित पर विचार कीजिये:**

**कथन-I: सात न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने वर्ष 1998 के पी.वी. नरसिम्हा राव बनाम राज्य मामले में निर्णय को पलट दिया, जो यह स्थापित करता है कि यदि सांसद और विधायक अपने वोट के लिये रिश्वत स्वीकार करते हैं तो उन्हें छूट नहीं है।**

**कथन-II: रिश्वत स्वीकार करना एक अलग आपराधिक कृत्य है, जो संसद अथवा विधानसभा के भीतर कानून निर्माताओं के मुख्य कर्त्तव्यों से संबंधित नही हैं।**

**उपर्युक्त कथनों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन I की सही व्याख्या है
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है
C. कथन-I सही है और कथन-II गलत है
D. कथन-I गलत है और कथन-II सही है

**92. राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति (NHP), 2017 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसका उद्देश्य सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज प्राप्त करना और साथ ही सभी को सस्ती कीमत पर गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करना है।
2. स्वतंत्रता के बाद भारत की यह पहली स्वास्थ्य नीति है।
3. इसका लक्ष्य जीवन प्रत्याशा को 67.5 वर्ष से बढ़ाकर 70 वर्ष करना है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**93. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. बहुपक्षीय मुक्त व्यापार समझौतों में कई देश शामिल होते हैं तथा इसका उद्देश्य टैरिफ, आयात कोटा और अन्य व्यापार प्रतिबंधों को कम या समाप्त करके व्यापार को उदार बनाना है।
2. क्षेत्रीय मुक्त व्यापार समझौते, बहुपक्षीय FTA के समान, आमतौर पर एक विशिष्ट भौगोलिक क्षेत्र के देशों को शामिल करते हैं, जिसका लक्ष्य उस क्षेत्र के भीतर व्यापार और आर्थिक सहयोग को बढ़ावा देना है।
3. अधिमान्य व्यापार समझौते (PTA) टैरिफ को कम करके नहीं, बल्कि समाप्त करके विशिष्ट उत्पादों तक अधिमान्य पहुँच प्रदान करते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**94. यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (EFTA) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसकी स्थापना 1960 में स्टॉकहोम कन्वेंशन द्वारा तत्कालीन सात सदस्य राज्यों द्वारा अपने सदस्यों के बीच मुक्त व्यापार और आर्थिक एकीकरण को बढ़ावा देने के लिये की गई थी।
2. संगठन यूरोपीय यूनियन के साथ संचालित होता है, इसके चार सदस्य देश यूरोपीय एकल बाज़ार और यूरोपीय यूनियन सीमा शुल्क संघ में भाग लेते हैं, लेकिन शेंगेन क्षेत्र में नहीं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**95. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. 1921 में मद्रास, बॉम्बे और बंगाल के तीन प्रेसीडेंसी बैंकों के विलय से इंपीरियल बैंक ऑफ इंडिया का गठन किया गया था।
2. 1935 से पहले इंपीरियल बैंक ऑफ इंडिया ने अपनी वाणिज्यिक बैंकिंग भूमिकाओं के साथ-साथ केंद्रीय बैंकिंग के कर्त्तव्यों को भी निभाया जिसमें सरकार के बैंकर, बैंकर के बैंक और क्लियरिंगहाउस के रूप में कार्य करना शामिल था।
3. सरकार ने 1954 में इंपीरियल बैंक का राष्ट्रीयकरण किया, जिससे भारतीय स्टेट बैंक का गठन हुआ।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**96. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. पेनिसिलिन G एक एक्टिव फार्मास्युटिकल इन्ग्रीडेंट (Active Pharmaceutical Ingredient - API) है जिसका उपयोग कई सामान्य एंटीबायोटिक दवाओं के निर्माण में किया जाता है।
2. API, जिसे बल्क ड्रग्स भी कहा जाता है, दवाओं के निर्माण में महत्त्वपूर्ण तत्त्व हैं।
3. तमिलनाडु API विनिर्माण उद्योग का केंद्र है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**97. मल्टीपल इंडिपेंडेंटली टारगेटेबल री-एंट्री व्हीकल (MIRV) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. मल्टीपल इंडिपेंडेंटली टारगेटेबल री-एंट्री व्हीकल (MIRV) एक ही मिसाइल को कई वॉरहेड ले जाने की अनुमति देता है, जिनमें से प्रत्येक स्वतंत्र रूप से विभिन्न स्थानों को निशाना बनाने में सक्षम है।

2. MIRV की एकमात्र सीमा यह है कि उन्हें केवल भूमि-आधारित प्लेटफॉर्मों से ही लॉन्च किया जा सकता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**98. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. अग्नि-5 परीक्षण उड़ान भारत में मल्टीपल इंडिपेंडेंटली टारगेटेबल री-एंट्री व्हीकल (MIRV) तकनीक का प्रदर्शन करने वाली पहली उड़ान थी, जो एक ही लॉन्च में विभिन्न स्थानों पर कई वॉरहेड की तैनाती को सक्षम बनाती है।
2. DRDO द्वारा विकसित अग्नि, 5,000 किलोमीटर से अधिक की रेंज वाली एक स्वदेशी रूप से निर्मित अंतर-महाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल (ICBM) है।
3. वर्तमान में संयुक्त राज्य अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम, स्वीडन, रूस, चीन तथा भारत के पास MIRV तकनीक है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**99. बाल्टिक सागर के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह उत्तरी यूरोप में स्थित उत्तरी अटलांटिक महासागर का एक भाग है।
2. यह दक्षिणी डेनमार्क के अक्षांश से उत्तर की ओर लगभग आर्कटिक वृत्त तक विस्तृत है और शेष महाद्वीपीय यूरोप से स्कैंडिनेवियाई प्रायद्वीप को अलग करता है।
3. यह विश्व का सबसे छोटा खारे पानी का भंडार है, जिसमें आस-पास की भूमि से ताज़े पानी के प्रवाह और इसकी उथली गहराई के कारण विश्व के महासागरों की तुलना में कम लवणता का स्तर है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**100. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. सामरिक परमाणु हथियार व्यापक उद्देश्यों के लिये डिज़ाइन किये गए हैं, जैसे महत्त्वपूर्ण युद्ध-क्षमता वाले शहरों या बड़े रणनीतिक क्षेत्रों को लक्षित करना।
2. सामरिक परमाणु हथियार (TNW) का उपयोग लक्षित युद्धक्षेत्र लाभ के लिये किया जाता है, जिसका लक्ष्य न्यूनतम रेडियोधर्मी गिरावट और व्यापक क्षति के साथ स्थानीय क्षेत्र में दुश्मन के लक्ष्यों को नष्ट करना है।
3. भारत के पास सामरिक परमाणु हथियार (TNW) नहीं हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**101. जैवविविधता हॉटस्पॉट के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. एक जैवविविधता हॉटस्पॉट में ग्रह पर मौजूद अन्य संबद्ध क्षेत्रों की तुलना में पादपों का घनत्व अधिक होता जिसमें संवहनी पादपों की कम-से-कम 1,500 प्रजातियाँ पाई जाती हैं जो विश्व के अन्य क्षेत्रों में पाई जाने वाली कुल प्रजातियों के 0.5% से अधिक का प्रतिनिधित्व करती हैं।
2. इसके मूल क्षेत्र में 70% का ह्रास हुआ है जो दर्शाता है कि वर्तमान में यह खतरे की स्थिति में है। इसकी मूल प्राकृतिक वनस्पति 30% अथवा उससे कम है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**102. पुष्पगिरि वन्यजीव अभयारण्य (PWS) किस राज्य में स्थित है?**

A. कर्नाटक
B. असम
C. मणिपुर
D. तमिलनाडु

**103. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. गिफेन वस्तु एक कम आय वाला, गैर-लक्जरी उत्पाद है जिसकी कीमत बढ़ने के साथ-साथ मांग भी बढ़ती है।
2. गिफेन वस्तु में ऊपर की ओर झुका हुआ मांग वक्र होता है जो मांग के मूलभूत नियमों के विपरीत होता है जो नीचे की ओर झुके हुए मांग वक्र पर आधारित होते हैं।

3. गिफेन वस्तुओं की मांग करीबी विकल्प की कमी और आय के दबाव से काफी प्रभावित होती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**104. निम्नलिखित पर विचार कीजिये:**

**अभिकथन-I:**

**बीटी कपास को ट्रांसजेनिक पौधे बनाने के लिये मिट्टी के जीवाणु बैसिलस थुरिंगिएन्सिस से जीन के सम्मिलन के माध्यम से आनुवंशिक रूप से संशोधित किया जाता है।**

**अभिकथन-II:**

**ये प्रोटीन प्रमुख कपास कैटरपिलर कीटों जैसे तंबाकू बडवर्म और बॉलवर्म लार्वा को प्रभावी ढंग से मारते हैं।**

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. अभिकथन-I और अभिकथन-II दोनों सही हैं तथा अभिकथन-II अभिकथन I की सही व्याख्या करता है।
B. अभिकथन-I और अभिकथन-II दोनों सही हैं तथा अभिकथन-II अभिकथन-I की सही व्याख्या नहीं करता है।
C. अभिकथन-I सही है लेकिन अभिकथन-II गलत है
D. अभिकथन-I गलत है लेकिन अभिकथन-II सही है

**105. आईटी (मध्यवर्ती दिशा-निर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता) नियम, 2021 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वर्ष 2021 के नियम सोशल मीडिया मध्यस्थों को ऐसे मध्यस्थों के रूप में परिभाषित करते हैं जो मुख्य रूप से या पूरी तरह से दो या दो से अधिक उपयोगकर्त्ताओं के बीच ऑनलाइन बातचीत को सक्षम बनाते हैं।
2. फैक्ट चेक यूनिट के पास यह तय करने की असीमित शक्तियाँ होती हैं कि कौन-सी जानकारी झूठी है और साथ ही यह सोशल मीडिया मध्यस्थों को इन निष्कर्षों के आधार पर कार्य करने के लिये बाध्य भी करती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**106. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:**

| | शहर | देश |
|---|---|---|
| 1. | गेलेफू | भूटान |
| 2. | नुसंतारा | इंडोनेशिया |
| 3. | निओम | सऊदी अरब |

**उपर्युक्त युग्मों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**107. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:**

| | ऑपरेशन | देश |
|---|---|---|
| 1. | ऑपरेशन ऑल क्लियर | चाइना |
| 2. | ऑपरेशन 1027 | म्याँमार |
| 3. | ऑपरेशन कावेरी | सऊदी अरब |

**उपर्युक्त युग्मों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई नहीं

**108. अंतर्राष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारे (INSTC) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक बहु-मॉडल परिवहन मार्ग है जो प्रशांत महासागर और फारस की खाड़ी को ईरान के माध्यम से कैस्पियन सागर से जोड़ता है, जो सेंट पीटर्सबर्ग, रूस के माध्यम से उत्तरी यूरोप तक फैला हुआ है।
2. इस गलियारे में सड़क और रेल मार्गों के साथ-साथ फारस की खाड़ी तथा कैस्पियन क्षेत्र में बंदरगाह शामिल हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**109. नमामि गंगे कार्यक्रम के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वर्ष 2014 में केंद्र सरकार द्वारा 20,000 करोड़ रुपए के बजट परिव्यय के साथ 'फ्लैगशिप प्रोग्राम' के रूप में स्वीकृत, यह एक एकीकृत संरक्षण मिशन है।

2. पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय दो लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिये इसका संचालन करता है: प्रदूषण को प्रभावी ढंग से कम करना तथा राष्ट्रीय नदी गंगा का संरक्षण एवं कायाकल्प करना।
3. परियोजना कार्यान्वयन के लिये त्रिस्तरीय निगरानी तंत्र मौजूद है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**110.केंद्रीय जल आयोग के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह जल संसाधनों के क्षेत्र में भारत का अग्रणी तकनीकी संगठन है, जो वर्तमान में भारत सरकार के अधीन जल शक्ति मंत्रालय के एक संलग्न कार्यालय के रूप में कार्य कर रहा है।
2. इसकी अध्यक्षता जल शक्ति मंत्री करते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**111. मानव विकास सूचकांक ( HDI ) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक सारांश समग्र माप है जिसमें किसी देश की स्वास्थ्य, शिक्षा और जीवन स्तर में औसत उपलब्धियों को शामिल किया जाता है।
2. इसे वर्ष 1990 से संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP) द्वारा द्विवार्षिक रूप से प्रकाशित किया जाता रहा है।
3. जीवन प्रत्याशा, शिक्षा और प्रति व्यक्ति सकल राष्ट्रीय आय सहित HDI के सभी संकेतकों में प्रगति के साथ वर्ष 2022 में भारत की रैंक 135 से बढ़कर 134 हो गई।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**112. समग्र जल प्रबंधन सूचकांक निम्नलिखित में से किसके द्वारा जारी किया जाता है:**

A. नीति आयोग
B. जल शक्ति मंत्रालय
C. केंद्रीय जल आयोग
D. केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड

**113. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:**

| | बंदरगाह | देश |
|---|---|---|
| 1. | चट्टोग्राम | बांग्लादेश |
| 2. | मोंगला | मालदीव |
| 3. | क्याऊकप्यू | म्याँमार |

**ऊपर दिये गए युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 1 और 3
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

**114. अनुच्छेद 356 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह भारत सरकार अधिनियम, 1935 पर आधारित है।
2. अनुच्छेद 356 के अनुसार संवैधानिक मशीनरी की विफलता के आधार पर भारत के किसी भी राज्य पर राष्ट्रपति शासन लगाया जा सकता है।
3. राष्ट्रपति शासन शुरू में छह महीने के लिये लगाया जा सकता है और प्रतिवर्ष संसदीय अनुमोदन के अधीन इसे पाँच वर्ष तक बढ़ाया जा सकता है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**115 . आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अधिनियम, 2024 हाल ही में निम्नलिखित में से किसके द्वारा पारित किया गया था:**

A. यूरोपीय संघ
B. भारत
C. चीन
D. संयुक्त राज्य अमेरिका

नोट :

**116. उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (NATO) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वर्ष 1949 में वाशिंगटन संधि पर हस्ताक्षर के माध्यम से स्थापित, NATO एक सुरक्षा गठबंधन है।
2. यूक्रेन आधिकारिक तौर पर NATO का 32वाँ सदस्य बन गया, जिससे द्वितीय विश्व युद्ध के बाद उसकी दशकों पुरानी तटस्थता समाप्त हो गई।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**117. फिएट मनी के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. फिएट मनी एक सरकारी या निजी संस्था द्वारा जारी की गई मुद्रा है जो सोने जैसी वस्तु द्वारा समर्थित नहीं है।
2. फिएट मनी केंद्रीय बैंकों को अर्थव्यवस्था पर अधिक नियंत्रण देती है क्योंकि वे नियंत्रित कर सकते हैं कि कितना पैसा मुद्रित किया जाए।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**118. इनिशियल पब्लिक ऑफर (IPO) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसमें एक निजी स्वामित्व वाली या सरकारी स्वामित्व वाली कंपनी जनता या नए निवेशकों को शेयर बेचकर धन जुटाना शामिल है।
2. IPO के बाद कंपनी स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध हो गई है।
3. एक सूचीबद्ध कंपनी अनुवर्ती सार्वजनिक पेशकश या FPO के माध्यम से भविष्य में वृद्धि और विस्तार के लिये शेयर पूंजी जुटा सकती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**119. चुनावी ट्रस्ट योजना के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. केवल कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 25 के तहत पंजीकृत कंपनियाँ ही चुनावी ट्रस्ट के रूप में आवेदन करने के लिये पात्र हैं जिन्हें प्रत्येक तीन वित्तीय वर्षों में नवीकरण की आवश्यकता होती है।
2. चुनावी ट्रस्टों को अपने वार्षिक योगदान का 95% लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के तहत पंजीकृत राजनीतिक दलों को वितरित करना आवश्यक है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**120. इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर डेमोक्रेसी एंड इलेक्टोरल असिस्टेंस के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वर्ष 1995 में स्थापित यह एक अंतर-सरकारी संगठन है जिसका मिशन विश्व स्तर पर स्थायी लोकतंत्र को बढ़ावा देना है।
2. भारत इस संगठन का सदस्य नहीं है।
3. इसे संयुक्त राष्ट्र पर्यवेक्षक का दर्जा प्रदान किया गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**121. लाल बहादुर शास्त्री के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. उन्होंने सर्वेंट्स ऑफ पीपल सोसाइटी के अध्यक्ष के रूप में कार्य किया, जिसकी स्थापना लाला लाजपत राय ने की थी, जो हरिजनों के उत्थान हेतु कार्य करती थी।
2. वर्ष 1930 में उन्हें इलाहाबाद कॉन्ग्रेस कमेटी के अध्यक्ष का पद दिया गया।
3. उन्होंने लोगों को सरकारी भूमि लाभ एवं करों का भुगतान करने का विरोध करने हेतु प्रोत्साहित करने के लिये सविनय अवज्ञा आंदोलन में भी भाग लिया।

नोट :

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**122. राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (NCLT) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह कंपनी अधिनियम, 2013 के अंतर्गत उत्पन्न होने वाले नागरिक कॉर्पोरेट विवादों को संबोधित करने हेतु स्थापित एक अर्द्ध-न्यायिक निकाय है।
2. इसकी स्थापना बालकृष्ण इराडी समिति की अनुशंसा पर की गई थी।
3. इसके पास न्यायालयों के समान ही अपना आदेश लागू करने की शक्ति है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही नहीं हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**123. क्रय प्रबंधक सूचकांक (PMI) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक सर्वेक्षण-आधारित प्रणाली है जो उत्तरदाताओं से पिछले महीने की तुलना में प्रमुख व्यावसायिक चर के संबंध में उनकी धारणा में बदलाव के बारे में पूछा जाता है।
2. इसकी गणना विनिर्माण एवं सेवा क्षेत्रों के लिये अलग-अलग की जाती है और फिर एक समग्र सूचकांक भी बनाया जाता है।
3. PMI को विश्व व्यापार संगठन द्वारा विश्व भर की 40 से अधिक अर्थव्यवस्थाओं के लिये संकलित किया जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**124. अविश्वास प्रस्ताव के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत के संविधान में अविश्वास प्रस्ताव की प्रक्रिया का स्पष्ट उल्लेख है।
2. कोई भी लोकसभा सांसद, जो 50 सहयोगियों का समर्थन प्राप्त कर सकता है, किसी भी समय मंत्रिपरिषद के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव पेश कर सकता है।
3. अविश्वास प्रस्ताव किसी भी सदन में लाया जा सकता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**125. आदर्श आचार संहिता के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. आदर्श आचार संहिता (MCC) निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव से पूर्व राजनीतिक दलों और उनके उम्मीदवारों के विनियमन तथा स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने हेतु जारी दिशा-निर्देशों का एक समूह है।
2. आदर्श आचार संहिता (MCC) के तहत राजनीतिक दलों की आलोचना केवल उनकी नीतियों, कार्यक्रमों, पिछले रिकॉर्ड और कार्य तक सीमित होनी चाहिये।
3. MCC को जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के तहत वैधानिक समर्थन प्राप्त है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**126. भारतीय प्रतिस्पर्द्धा आयोग (CCI) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह भारत सरकार का एक सांविधिक निकाय है और इसकी स्थापना प्रतिस्पर्द्धा अधिनियम, 2002 के तहत की गई थी।
2. CCI का उद्देश्य अर्थव्यवस्था में समान प्रतिस्पर्द्धा सुनिश्चित करना और बनाए रखना, उत्पादकों को समान अवसर प्रदान करना तथा उपभोक्ताओं को लाभ पहुँचाना है।
3. आयोग में एक अध्यक्ष और छह सदस्य होते हैं जिन्हें केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त किया जाएगा।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**127. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:**

**इंडियन ओशन रिम के सभी संप्रभु देश जो चार्टर के सिद्धांतों और उद्देश्यों का अनुपालन करने के लिये सहमत हैं वे इंडियन ओशन रिम एसोसिएशन की सदस्यता प्राप्त कर सकते हैं।**

नोट :

**कथन-II:**

**यह हिंद महासागर की सीमा से लगे देशों के बीच आर्थिक सहयोग और क्षेत्रीय एकीकरण को बढ़ावा देने के लिये स्थापित एक अंतर-सरकारी संगठन है।**

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन I की सही व्याख्या है।

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।

C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II गलत है।

D. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है।

**128. कोलंबो सिक्योरिटी कॉन्क्लेव ( CSC ) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक क्षेत्रीय सुरक्षा समूह है जिसमें भारत, श्रीलंका, मालदीव और मॉरीशस शामिल हैं।
2. इसका स्थायी सचिवालय नई दिल्ली में स्थित है जिसे गतिविधियों के समन्वय और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (NSA ) स्तर की बैठकों में लिये गए निर्णयों को लागू करने के लिये वर्ष 2021 में स्थापित किया गया था।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**129. भारतीय संविधान की पाँचवीं अनुसूची के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह उन अनुसूचित क्षेत्रों एवं अनुसूचित जनजातियों के प्रबंधन तथा प्रशासन से संबंधित है जहाँ जनजातीय समूहों की बहुलता है।
2. पाँचवीं अनुसूची असम, मेघालय, त्रिपुरा एवं मिज़ोरम को छोड़कर, किसी भी राज्य में अनुसूचित क्षेत्रों तथा अनुसूचित जनजातियों के प्रशासन और नियंत्रण के लिये लागू होती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**130. निम्नलिखित पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:**

**वहन क्षमता वह अधिकतम जनसंख्या है जिसे पारिस्थितिकी तंत्र अपने संसाधनों अथवा स्वास्थ्य को हानि पहुँचाए बिना स्थायी रूप से समर्थन दे सकता है।**

**कथन-II:**

**जब जनसंख्या वृद्धि के कारण पृथ्वी की वहन क्षमता अधिक हो जाती है, तो इससे अस्वीकार्य नकारात्मक प्रभाव पड़ते हैं।**

**उपर्युक्त कथनों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन I की सही व्याख्या है

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है

C. कथन-I सही है किंतु कथन-II गलत है

D. कथन-I गलत है किंतु कथन-II सही है

**131. राष्ट्रीय प्रशिक्षुता संवर्द्धन योजना ( NAPS ) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. NAPS भारत सरकार की एक पहल है जिसका उद्देश्य समग्र देश में प्रशिक्षुता को प्रोत्साहन देना और युवा कौशल विकास को बढ़ावा देना है।
2. सरकार नियोक्ताओं को प्रशिक्षुता प्रदान करने के लिये प्रोत्साहित करने और उनके वित्तीय भार को कम करने के लिये प्रति प्रशिक्षु प्रति माह 25% स्टाइपेंड, अधिकतम 1500 रुपए की सहायता प्रदान करती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**132. भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम ( NPCI ) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) और भारतीय बैंक संघ (IBA) द्वारा संयुक्त रूप से स्थापित निगम है जिसका उद्देश्य भारत में एक सुदृढ़ भुगतान तथा निपटान बुनियादी ढाँचा तैयार करना था।
2. इसे कंपनी अधिनियम 1956 के तहत "नॉट फॉर प्रॉफिट" कंपनी के रूप में निगमित किया गया है।
3. नेशनल फाइनेंशियल स्विच (NFS) और इमीडिएट पेमेंट सिस्टम (IMPS) इसके द्वारा संचालित एकमात्र सेवाएँ हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**133. निम्न पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:**

**मर्चेंट डिस्काउंट रेट (MDR) एक शुल्क है जो एक व्यापारी को उसके जारीकर्त्ता बैंक द्वारा अपने ग्राहकों से क्रेडिट और डेबिट कार्ड के माध्यम से भुगतान स्वीकार करने के लिये लिया जाता है।**

**कथन-II:**

**MDR कार्ड जारी करने वाले बैंक, प्वाइंट ऑफ सेल टर्मिनल स्थापित करने वाले बैंक एवं नेटवर्क प्रदाताओं और उनकी सेवाओं के लिये पेमेंट गेटवे को मुआवज़ा देता है।**

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन I की सही व्याख्या है।
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।
C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II गलत है।
D. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है।

**134. हाल ही में समाचारों में देखी गई कल्याणी, बावियाँ और गोकट्टे का सबसे अच्छा वर्णन इस प्रकार किया गया है:**

A. जल निकाय
B. पक्षियों
C. जनजाति
D. इनमें से कोई भी नहीं

**135. BharatNet परियोजना के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह ऑप्टिकल फाइबर का उपयोग करने वाला विश्व स्तर पर सबसे बड़ा ग्रामीण ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी कार्यक्रम है जिसे भारत ब्रॉडबैंड नेटवर्क लिमिटेड (BBNL) द्वारा कार्यान्वित किया जाता है।
2. इसे यूनिवर्सल सर्विस ऑब्लिगेशन फंड (USOF) द्वारा वित्तपोषित किया जाता है।
3. इसे संचार मंत्रालय के तहत दूरसंचार विभाग द्वारा कार्यान्वित किया जा रहा है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**136. PM-AASHA योजना के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान' (PM-AASHA) किसानों के लिये न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) सुनिश्चित करने की एक व्यापक योजना है।
2. PM-AASHA के तहत, राज्य/केंद्रशासित प्रदेश निर्दिष्ट खरीद सीज़न में पूरे राज्य के लिये एक विशिष्ट तिलहन फसल के मूल्य समर्थन योजना (PSS) या मूल्य कमी भुगतान योजना (PDPS) का चयन कर सकते हैं।
3. एक वस्तु के संबंध में एक राज्य में केवल एक योजना यानी PSS या PDPS चालू की जा सकती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं है/हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**137. वन अधिकार अधिनियम, 2006 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसे वन में रहने वाली अनुसूचित जनजातियों और अन्य पारंपरिक वन निवासियों को वन अधिकारों तथा वन भूमि पर कब्ज़े को मान्यता देने के लिये लागू किया गया था।
2. वन अधिकारों का दावा उन व्यक्तियों या समुदायों द्वारा किया जा सकता है जो कम-से-कम तीन पीढ़ियों (75 वर्ष) से अपनी आजीविका के लिये वन भूमि में निवास कर रहे हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**138. UMANG एप के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. उमंग मोबाइल एप भारत सरकार का एकल, एकीकृत, सुरक्षित, मल्टी-चैनल, मल्टी-प्लेटफॉर्म, बहुभाषी, मल्टी-सर्विस मोबाइल एप है।

नोट :

2. उमंग एप को राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस डिवीज़न (NeGD), इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा विकसित किया गया था।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**139. प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसे कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय (MSDE) के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (NSDC) द्वारा कार्यान्वित किया जाता है।
2. PMKVY 3.0 के तहत मांग-आपूर्ति के अंतराल को पाटने के लिये नए युग और उद्योग 4.0 में नौकरी की भूमिका के क्षेत्रों में कौशल विकसित करने पर ज़ोर दिया गया है जिससे इसे अधिक प्रशिक्षु एवं शिक्षार्थी-केंद्रित बनाया जा सके।
3. PMKVY 3.0 को केंद्र सरकार की एजेंसियों के लिये अधिक ज़िम्मेदारियों के साथ अधिक केंद्रीकृत संरचना में लागू किया जाएगा।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**140. नेशनल इंटेलिजेंस ग्रिड (NATGRID) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह भारत सरकार की मुख्य सुरक्षा अभिकरणों के डेटाबेस को जोड़ने वाले एक एकीकृत इंटेलिजेंस ग्रिड के रूप में कार्य करता है।
2. घटनाओं की स्पष्ट समझ और संदिग्धों पर नज़र रखने के लिये बड़ी मात्रा में उत्पन्न डेटा का विश्लेषण करने के लिये बिग डेटा एनालिटिक्स का उपयोग किया जाता है।
3. एंड-टू-एंड एन्क्रिप्शन के कारण उचित प्राधिकरण और प्रमाणीकरण पूरा होने पर ही डेटा तक पहुँच प्राप्त की जा सकती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**141. हाल ही में समाचारों में देखी गई वेचूर संरक्षण परियोजना निम्नलिखित में से किससे संबंधित है:**

A. पक्षी की प्रजाति
B. गाय की प्रजाति
C. तितली की प्रजाति
D. मछली की प्रजाति

**142. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. CEC और EC का चयन एक पैनल की सिफारिश पर किया जाता है जिसमें प्रधानमंत्री, एक केंद्रीय कैबिनेट मंत्री एवं विपक्ष के नेता/लोकसभा में सबसे बड़े विपक्षी दल के नेता शामिल होते हैं।
2. इस समिति में कोई पद रिक्त होने पर भी चयन समिति की सिफारिशें मान्य होती हैं।
3. विधि एवं न्याय मंत्री की अध्यक्षता वाली एक खोज समिति चयन समिति को नामों का एक पैनल प्रस्तावित करती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**143. सहायक प्रजनन तकनीक के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसमें शरीर के बाहर शुक्राणु या अंडे की कोशिकाओं में हेर-फेर करके और परिणामी भ्रूण को महिला की प्रजनन प्रणाली में स्थानांतरित करके गर्भावस्था प्राप्त करने के सभी तरीके शामिल हैं।
2. हालाँकि इसमें - शुक्राणु दान और इन-विट्रो-फर्टिलाइज़ेशन (IVF) शामिल है, इसमें गर्भकालीन सरोगेसी शामिल नहीं है।
3. इसे स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय (MoHFW) द्वारा जारी सहायक प्रजनन प्रौद्योगिकी विनियम 2023 के तहत विनियमित किया जाता है।

नोट :

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**144. निम्नलिखित पर विचार कीजिये :**

**कथन-I:**

**PM-WANI की रूपरेखा एक मज़बूत डिजिटल संचार बुनियादी ढाँचा बनाने के राष्ट्रीय डिजिटल संचार नीति, 2018 (NDCP) के लक्ष्य को आगे बढ़ाती है।**

**कथन-II:**

**PM-WANI का लक्ष्य राष्ट्रव्यापी डिजिटल संचार बुनियादी ढाँचे को मज़बूत करने के लिये विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में सार्वजनिक वाई-फाई हॉटस्पॉट उपलब्धता को बढ़ाना है।**

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन I की सही व्याख्या करता है।
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन I की सही व्याख्या नहीं करता है।
C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II गलत है।
D. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है।

**145. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. हेज फंड अपने निवेशकों हेतु अधिक रिटर्न की तलाश में अधिक आक्रामक निवेश रणनीतियों को नियोजित करने के लिये प्रसिद्ध हैं।
2. हेज फंड निजी निवेश हैं जो केवल मान्यता प्राप्त निवेशकों के लिये उपलब्ध हैं।
3. हेज फंड में म्यूचुअल फंड के समान ही मूल एकत्रित निधि संरचना होती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**146. शॉर्ट सेलिंग के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. शॉर्ट सेलिंग वह प्रक्रिया है जिसमें एक निवेशक किसी स्टॉक अथवा प्रतिभूति को उधार लेता है।
2. भारत के नियम कम बिक्री की अनुमति देते हैं, लेकिन वित्तीय अधिकारियों को व्यापारियों के ऑर्डर के समय कम बिक्री की पहचान करने की आवश्यकता होती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**147. वर्ल्ड हैप्पीनेस रिपोर्ट 2024 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. फिनलैंड निरंतर सातवें वर्ष इस सूची में शीर्ष पर है उसके बाद डेनमार्क का स्थान है।
2. 126वीं रैंक के साथ भारत का प्रदर्शन चीन से बेहतर रहा।
3. इसे विश्व बैंक द्वारा जारी किया जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**148. दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. दिव्यांग वह व्यक्ति है जो ऐसी दीर्घकालिक अपंगता अथवा अक्षमता रखता है जो उसकी शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक या संवेदी क्षमताओं को प्रभावित करती है।
2. दिव्यांगता के मौजूदा 7 प्रकारों को बढ़ाकर 21 कर दिया गया है तथा केंद्र सरकार के पास दिव्यांगता के और अधिक प्रकारों को शामिल करने की शक्ति होगी।
3. यह अधिनियम भारत द्वारा हस्ताक्षरित दिव्यांगजन अधिकार पर संयुक्त राष्ट्र अभिसमय (UNCRPD) के दायित्वों के अनुरूप है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**149. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. क्रूक्स एलायंस सरकारों, संगठनों और व्यवसायों की एक साझेदारी है जो अल्पकालिक जलवायु प्रदूषकों को कम करने के कार्यों के माध्यम से वायु गुणवत्ता में सुधार करने के लिये प्रतिबद्ध है।

नोट :

2. जलवायु एवं स्वच्छ वायु गठबंधन विश्व भर में प्रभावी और महत्त्वाकांक्षी नीति डिज़ाइन तथा सलाहकार सेवाएँ प्रदान करता है।
3. एशिया के लिये NDC ट्रांसपोर्ट इनिशिएटिव एक क्षेत्रीय पहल है जिसका उद्देश्य चीन, भारत, वियतनाम और अन्य एशियाई देशों में परिवहन क्षेत्र को डीकार्बोनाइज़िंग करने के लिये एक समग्र दृष्टिकोण है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**150. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:**

| | GNSS | देश |
|---|---|---|
| 1. | BeiDou नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम (BDS) | जापान |
| 2. | गैलीलियो | यूरोपीय संघ |
| 3. | ग्लोनास (GLONASS) | रूस |

**उपर्युक्त युग्मों में से कितने युग्म सही सुमेलित हैं/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**151. भारत में आय एवं संपत्ति असमानता रिपोर्ट निम्नलिखित में से किसके द्वारा जारी की जाती है?**

A. विश्व असमानता प्रयोगशाला
B. विश्व बैंक
C. अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष
D. इनमें से कोई भी नहीं

**152. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. डेटा एक्सचेंज, स्केलेबल इकोसिस्टम के रूप में विभिन्न हितधारकों को संगठित करता है, जो परिणाम-उन्मुख निर्णय लेने और पैमाने की अर्थव्यवस्थाओं को प्राप्त करने के लिये उन्नत विश्लेषण करने के लिये सतह प्रदान करता है।
2. इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeiTY) ने हाल ही में राष्ट्रीय डेटा गवर्नेंस फ्रेमवर्क नीति (NPD फ्रेमवर्क) का अनावरण किया है।
3. भारतीय विज्ञान संस्थान के सहयोग से नीति आयोग द्वारा इंडिया अर्बन डेटा एक्सचेंज की स्थापना की गई है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**153. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:**

| | मिशन | उद्देश्य |
|---|---|---|
| 1. | मिशन दिव्यास्त्र | अग्नि-5 मिसाइल-(MIRV) प्रौद्योगिकी |
| 2. | मिशन शक्ति | एंटी-सैटेलाइट (ASAT) मिसाइल |
| 3. | मिशन डेफस्पेस | INS अरिहंत |

**उपर्युक्त युग्मों में से कितने सही सुमेलित है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**154. अग्नि-V के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. अग्नि-V ठोस ईंधन से चलने वाली एक अंतर-महाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल (ICBM) है।
2. यह दो चरणों वाली ठोस रॉकेट से चलने वाली मिसाइल है जो 1.5 टन का परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**155. प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (PMKSY) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह वर्ष 2015 में शुरू की गई एक केंद्र प्रायोजित योजना (कोर स्कीम) है।
2. यह एक व्यापक योजना है जिसमें दो प्रमुख घटक शामिल हैं: त्वरित सिंचाई लाभ कार्यक्रम (AIBP) और हर खेत को पानी (HKKP)।
3. PMKSY का वाटरशेड विकास घटक (WDC) भूमि संसाधन विभाग द्वारा कार्यान्वित किया जा रहा है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

नोट :

**156. मिशन अमृत सरोवर के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इस मिशन का उद्देश्य आज़ादी के अमृत महोत्सव के एक भाग के रूप में देश के प्रत्येक ज़िले में 75 जल निकायों का विकास और कायाकल्प करना है।
2. इस मिशन के तहत लगभग एक एकड़ अथवा उससे अधिक क्षेत्रफल के 50,000 जल निकायों का निर्माण किया जाएगा।
3. मिशन इन प्रयासों को पूरा करने के लिये नागरिक और गैर-सरकारी संसाधनों को जुटाने हेतु प्रोत्साहित करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**157. विश्व जल विकास रिपोर्ट (WWDR) निम्नलिखित में से किसके द्वारा जारी की जाती है:**

A. यूनेस्को
B. विश्व मौसम विज्ञान संगठन
C. विश्व बैंक
D. IPCC

**158. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन- I:**

**UN-वॉटर जल और स्वच्छता मामलों पर ध्यान केंद्रित करने वाली संयुक्त राष्ट्र संस्थाओं (सदस्यों) तथा अंतर्राष्ट्रीय संगठनों (साझेदारों) से युक्त एक समन्वय निकाय है।**

**कथन- II:**

**जल संबंधी मुद्दों के लिये विशेष रूप से समर्पित कोई भी संयुक्त राष्ट्र एजेंसी, कोष या कार्यक्रम नहीं है।**

**उपर्युक्त कथनों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है
C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II गलत है
D. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है

**159. निम्नलिखित पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:**

**चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (CPEC) बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव का एक भाग है।**

**कथन-II:**

**बेल्ट एंड रोड पहल का उद्देश्य दक्षिण-पूर्व एशिया, मध्य एशिया, खाड़ी क्षेत्र, अफ्रीका तथा यूरोप को भूमि एवं समुद्री मार्गों के नेटवर्क से जोड़ना है।**

**उपर्युक्त कथनों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन I की सही व्याख्या है।
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।
C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II गलत है।
D. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है।

**160. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वर्ष 2015 में पेरिस समझौते द्वारा अनुकूलन पर वैश्विक लक्ष्य (GGA) की अवधारणा प्रस्तुत की, जो वैश्विक शमन लक्ष्य के समानांतर है, जिसका उद्देश्य वैश्विक तापमान वृद्धि को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित करना है।
2. जबकि शमन प्रगति को एकल मीट्रिक का उपयोग करके मापा जा सकता है, अनुकूलन हेतु अधिक जटिल मूल्यांकन पद्धति की आवश्यकता होती है।
3. अनुकूलन पर वैश्विक लक्ष्य को लेकर ग्लासगो, शर्म अल शेख वर्क-प्रोग्राम, COP-28 के दौरान लॉन्च किया गया था।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**161. PIB की फैक्ट चेक यूनिट के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसे वर्ष 2021 के आईटी नियमों के तहत अधिसूचित किया गया था।
2. इसमें केवल भारत सरकार से संबंधित प्रश्नों को ही कार्रवाई योग्य माना जाता है, जबकि अन्य को कार्रवाई के लिये अप्रासंगिक माना जाता है।
3. इसका नेतृत्व इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री करते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**162. राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 (NFSA) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह अधिनियम लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत 100% ग्रामीण आबादी तथा 50% शहरी आबादी को सब्सिडी वाले खाद्यान्न का कानूनी अधिकार प्रदान करता है।
2. इस अधिनियम के तहत, राशन कार्ड जारी करने के लिये परिवार की 18 वर्ष या उससे अधिक उम्र की सबसे बड़ी महिला को परिवार का मुखिया होना आवश्यक है।
3. इस अधिनियम के तहत केंद्र खाद्यान्न आवंटित करता है, जबकि राज्य अथवा केंद्रशासित प्रदेश अधिनियम को लागू करने हेतु ज़िम्मेदार हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**163. प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (PMGKAY) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. सरकार राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत आने वाले परिवारों को सब्सिडी वाले राशन के अलावा प्रति माह 5 किलो अतिरिक्त मुफ्त खाद्यान्न उपलब्ध कराती है।
2. यह योजना केवल विधवाओं, असाध्य रूप से बीमार व्यक्तियों, विकलांग व्यक्तियों या बिना किसी गारंटीकृत आय या सामुदायिक समर्थन के 60 वर्ष या उससे अधिक आयु वाले परिवारों तक ही सीमित है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**164. CERT-In के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तहत CERT-In, हैकिंग एवं फिशिंग जैसे साइबर सुरक्षा खतरों के प्रबंधन के लिये एक राष्ट्रीय नोडल एजेंसी है।
2. CERT-In सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के दायरे में आता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**165. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन- I:**

**नेशनल डेटा एंड एनालिटिक्स प्लेटफॉर्म (NDAP) केंद्र एवं राज्य सरकार की संस्थाओं से उपयोगकर्त्ता के अनुकूल इंटरफेस और पॉवरफुल एनालिटिक्स के साथ-साथ मशीन-रिडेबल प्रारूपों में मूलभूत डेटासेट प्रदान करता है।**

**कथन- II:**

**NDAP का लक्ष्य उपयोगकर्त्ता की मांगों, कौशल और चुनौतियों पर व्यापक शोध का लाभ उठाकर सरकारी डेटा के उपयोग में मौजूदा सीमाओं का समाधान करना है।**

**उपर्युक्त कथनों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन I और कथन II दोनों सही हैं तथा कथन II कथन I की सही व्याख्या है
B. कथन I और कथन II दोनों सही हैं तथा कथन II कथन I की सही व्याख्या नहीं है
C. कथन I सही है लेकिन कथन II सही नहीं है
D. कथन I सही नहीं है लेकिन कथन II सही है

**166. राज्यपाल के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. किसी राज्य की सरकार की सभी कार्यकारी कार्रवाइयाँ औपचारिक रूप से राज्यपाल के नाम पर की जाती हैं।
2. वह मुख्यमंत्री तथा अन्य मंत्रियों की नियुक्ति करता है।
3. वह कुलाधिपति के रूप में कार्य करता है और राज्य के विश्वविद्यालयों के कुलपतियों की नियुक्ति करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

नोट :

**167. क्षय रोग (टीबी) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. TB मुख्य रूप से फेफड़ों को प्रभावित करता है और माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस जीवाणु के कारण होता है
2. यह उपचार योग्य नहीं बल्कि रोकथाम योग्य बीमारी है।
3. कमज़ोर प्रतिरक्षा प्रणाली वाले, जैसे- HIV, कुपोषण, मधुमेह से पीड़ित अथवा तंबाकू का सेवन करने वाले व्यक्तियों में TB से ग्रसित होने का जोखिम काफी अधिक होता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**168. फारस की खाड़ी के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह पश्चिमी एशिया में स्थित है और हिंद महासागर का एक खंड है।
2. यह ओमान की खाड़ी का विस्तार है और पूर्व में होर्मुज़ जलडमरूमध्य के माध्यम से हिंद महासागर से जुड़ता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**169. सिलीगुड़ी कॉरिडोर के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह पश्चिम बंगाल में स्थित भूमि का एक संकीर्ण विस्तार है, जो भारत के पूर्वोत्तर राज्यों को शेष भारत से जोड़ता है।
2. इसकी सीमा नेपाल, बांग्लादेश और भूटान साम्राज्य से लगती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**170. निम्न पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:**

**सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 का प्राथमिक उद्देश्य नागरिकों को सूचना तक पहुँचने में सक्षम बनाना, सरकारी कार्यों में पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा देना है।**

**कथन-II:**

**सूचना का अधिकार, 2005 संविधान के अनुच्छेद 19 के तहत भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के मौलिक अधिकार से लिया गया है।**

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन I की सही व्याख्या है
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है
C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II गलत है
D. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है

**171. धन शोधन निवारण अधिनियम (PMLA) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. अधिनियम का उद्देश्य मनी लॉन्ड्रिंग को रोकना है और मनी लॉन्ड्रिंग से प्राप्त या उपयोग की गई संपत्तियों को ज़ब्त करने की अनुमति देता है।
2. वित्त मंत्रालय के तहत राजस्व विभाग का एक हिस्सा, प्रवर्तन निदेशालय (ED) को मनी लॉन्ड्रिंग अपराधों की जाँच करने का काम सौंपा गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**172. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:**

**महाड सत्याग्रह को दलित आंदोलन की आधारभूत घटना माना जाता है।**

**कथन-II:**

**महाड सत्याग्रह का नेतृत्व महात्मा गांधी ने किया था।**

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन I की सही व्याख्या है।
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।
C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II गलत है।
D. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है।

नोट :

**173. राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (NCRB) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. गृह मंत्रालय के तहत वर्ष 1986 में स्थापित यह ब्यूरो अपराध और अपराधियों के संबंध में जानकारी एकत्र करने का कार्य करता है।
2. इसकी स्थापना सरकारिया आयोग की अनुशंसाओं पर की गई थी।
3. NCRB द्वारा लॉन्च किया गया राष्ट्रीय डिजिटल पुलिस पोर्टल, पुलिस अधिकारियों को CCTNS डेटाबेस पर अपराधियों अथवा संदिग्धों की खोज करने में सुविधा प्रदान करता है और नागरिकों को ऑनलाइन शिकायत दर्ज करने जैसी सेवाएँ प्रदान करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**174. नैनो यूरिया के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसे भारतीय किसान उर्वरक सहकारी लिमिटेड (IFFCO) द्वारा विकसित और पेटेंट कराया गया है।
2. पारंपरिक यूरिया प्रिल की तुलना में, नैनो यूरिया का वांछनीय कण आकार लगभग 5-10 nm और कम पृष्ठीय क्षेत्रफल होता है।
3. यह कम कार्बन फुटप्रिंट के साथ ऊर्जा-कुशल, पर्यावरण-अनुकूल उत्पादन प्रक्रिया द्वारा उत्पादित किया जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई नहीं

**175. राष्ट्रीय जैविक उत्पादन कार्यक्रम (NPOP) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसमें प्रमाणन निकायों के लिये प्रमाणन कार्यक्रम, जैविक उत्पादन के लिये मानक, जैविक खेती को बढ़ावा देना आदि शामिल है।
2. इसे कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (APEDA), वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा कार्यान्वित किया जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**176. गेलेफू स्मार्ट सिटी परियोजना किस देश से संबंधित है:**

A. भूटान
B. नेपाल
C. श्रीलंका
D. चीन

**177. विश्व सामाजिक सुरक्षा रिपोर्ट निम्नलिखित में से किसके द्वारा जारी की जाती है?**

A. अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (ILO)
B. विश्व बैंक
C. आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (OECD)
D. संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP)

**178. प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह योजना BPL परिवारों को प्रत्येक LPG कनेक्शन के लिये 1600 रुपए की वित्तीय सहायता प्रदान करती है।
2. उज्ज्वला 2.0 के लाभार्थियों को डिपॉज़िट-फ्री LPG कनेक्शन के साथ पहला रिफिल और एक चूल्हा निशुल्क दिया जाता है।
3. लाभार्थी सीधे अपने बैंक खातों में सब्सिडी राशि प्राप्त करने के लिये पहल योजना से भी जुड़ सकते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**179. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. जल आपूर्ति और स्वच्छता राज्य का विषय है।
2. जल शक्ति मंत्रालय शहरी जल आपूर्ति का प्रभारी नोडल मंत्रालय है।
3. केंद्रीय लोक स्वास्थ्य और पर्यावरणीय इंजीनियरिंग संगठन (CPHEEO) शहरी जल आपूर्ति के कार्यान्वयन, संचालन एवं रखरखाव में संबंधित राज्य एजेंसियों तथा शहरी स्थानीय निकायों (ULB) को परामर्श देने के लिये केंद्रीय स्तर पर एक सलाहकार निकाय के रूप में कार्य करता है।

नोट :

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**180. पेय जल सर्वेक्षण पुरस्कारों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इन्हें वर्ष 2014 से जल शक्ति मंत्रालय द्वारा प्रतिवर्ष दिया जाता है।
2. पुरस्कारों के रूप में सर्वश्रेष्ठ जल निकाय, स्थिरता चैंपियन, पुनः उपयोग चैंपियन, जल गुणवत्ता, शहर संतृप्ति और अमृत 2.0 रोटेटिंग ट्रॉफी ऑफ द ईयर की सराहना की जाती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**181. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारतीय चुनाव आयोग (ECI) के पास जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, (RPA) 1951 के तहत पार्टियों को पंजीकृत करने की शक्ति है।
2. जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, (RPA) 1950 चुनाव आयोग को पार्टी का पंजीकरण रद्द करने की शक्ति देता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**182. संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. नीति आयोग भारत में UNDP से संबंधित सभी मामलों के लिये नोडल एजेंसी के रूप में कार्य करता है।
2. UNDP ने प्रदूषण को संबोधित करने में सरकार के अटल इनोवेशन मिशन (AIM) के साथ सहयोग करने के लिये भारत में अपनी एक्सेलेरेटर लैब की शुरुआत की।
3. जेंडर सोशल नॉर्म्स इंडेक्स UNDP द्वारा प्रकाशित किया जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**183. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ताइवान जलडमरूमध्य, जिसे फॉर्मोसा जलडमरूमध्य भी कहा जाता है, ताइवान द्वीप और महाद्वीपीय एशिया को अलग करने वाली 180 किलोमीटर चौड़ी जलडमरूमध्य है।
2. ताइवान जलडमरूमध्य की मध्य रेखा चीनी मुख्य भूमि को ताइवान से अलग करने वाली एक अनौपचारिक सीमा के रूप में कार्य करती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**184. सूडान निम्नलिखित में से किस देश से घिरा हुआ है:**

1. मिस्र
2. जिबूटी
3. इथियोपिया
4. मध्य अफ्रीकी गणराज्य

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1 और 2
B. 1, 3 और 4
C. 1, 2 और 3
D. 1, 2, 3, और 4

**185. फिलिस्तीन शरणार्थियों के लिये संयुक्त राष्ट्र राहत और कार्य एजेंसी (UNRWA) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह गाज़ा, इज़रायल के कब्ज़े वाले वेस्ट बैंक, लेबनान, सीरिया और जॉर्डन में संचालित होता है, जहाँ शरणार्थियों ने निष्कासित होने के बाद आश्रय मांगा था।
2. यह अमेरिका जैसे राज्यों के स्वैच्छिक दान पर बहुत अधिक निर्भर करता है, जिसमें संयुक्त राष्ट्र से मिलने वाली एक छोटी सब्सिडी केवल प्रशासनिक व्यय को कवर करती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

दृष्टि The Vision

**186. निम्न पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:**

**डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढाँचे में डिजिटल नेटवर्क शामिल हैं जो नागरिकों को सामाजिक सेवाओं की डिलीवरी की सुविधा प्रदान करते हैं, जिनमें आधार, यूनाइटेड पेमेंट्स इंटरफेस (UPI) और फास्टैग जैसे उल्लेखनीय उदाहरण शामिल हैं।**

**कथन-II:**

**डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (DPI) भारत को वर्ष 2030 तक 8 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने में मदद कर सकता है।**

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन I की सही व्याख्या है
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है
C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II गलत है
D. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है

**187. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. केंद्रीय निर्गम मूल्य (CIP) वह दर है जिस पर सरकार राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 और अन्य कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों के लिये राज्यों को केंद्रीय पूल से खाद्यान्न प्रदान करती है।
2. न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) वह कीमत है जिस पर सरकार किसानों से फसल खरीदती है और उन्हें बाज़ार की कीमतों में अचानक गिरावट की स्थिति में सुरक्षा मिलती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**188. ताजिकिस्तान की सीमा निम्नलिखित में से किस देश से लगती है?:**

1. अफगानिस्तान
2. तुर्कमेनिस्तान
3. किर्गिज़स्तान
4. चीन

**नीचे दिये गए कूट का उपयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

A. 1 और 3
B. 1, 3, और 4
C. 2, 3, और 4
D. 1, 2, 3, और 4

**189. जैवविविधता अधिनियम 2002 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. संसद ने 1992 में आयोजित जैवविविधता सम्मेलन (CBD) के तहत भारत की प्रतिबद्धताओं के अनुसार जैवविविधता अधिनियम, 2002 पारित किया।
2. यह दो-स्तरीय ढाँचा स्थापित करता है जिसमें राष्ट्रीय स्तर पर एक राष्ट्रीय जैवविविधता प्राधिकरण (NBA) और राज्य स्तर पर राज्य जैवविविधता बोर्ड (SBB) शामिल हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**190. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. नंदा देवी बायोस्फीयर रिज़र्व (NDBR), देश का दूसरा बायोस्फीयर रिज़र्व है तथा यह उत्तराखंड के तीन तीन ज़िलों में फैला हुआ है।
2. नंदा देवी राष्ट्रीय उद्यान (NDNP) और फूलों की घाटी राष्ट्रीय उद्यान (VoFNP), दोनों को यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल के रूप में मान्यता प्रदान की गई है।
3. इस क्षेत्र की विविध स्थलाकृति के परिणामस्वरूप यहाँ विभिन्न सूक्ष्म जलवायु देखने को मिलती है जिससे निम्न क्षेत्रों में शुष्क पर्णपाती वन और उच्च तुंगता पर अल्पाइन घास के मैदान पाए जाते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**191. NI-KSHAY के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. NI-KSHAY राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम (NTEP) के तहत टीबी नियंत्रण के लिये वेब-सक्षम रोगी प्रबंधन प्रणाली है।

2. यह प्रणाली राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (NIC) और भारत के विश्व स्वास्थ्य संगठन कार्यालय के साथ साझेदारी में सेंट्रल टीबी डिवीज़न (CTD) द्वारा बनाई एवं प्रबंधित की जाती है।
3. NIKSHA 2.0 पोर्टल कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (CSR) के अवसरों तक पहुँच की सुविधा प्रदान करके टीबी रोगी सहायता को बढ़ाता है, जिससे उपचार के परिणामों में सुधार होता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**192. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. MeitY ने API मार्केटप्लेस सह डायरेक्ट्री पोर्टल के रूप में काम करने के लिये API सेतु परियोजना शुरू की, जिसका उद्देश्य नीति कार्यान्वयन को गति प्रदान करना है।
2. सरकार में निर्बाध सेवा वितरण को सक्षम करने के लिये एक खुला और इंटरऑपरेबल प्लेटफॉर्म विकसित करने के लिये सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा एक 'Open API' नीति अधिसूचित की गई थी।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**193. "भारत रोज़गार रिपोर्ट 2024", निम्नलिखित में से किसके द्वारा जारी की जाती है?**

A. अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (ILO)
B. विश्व बैंक
C. अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष
D. NITI आयोग

**194. भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण (IRDAI) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह IRDA अधिनियम 1999 के तहत स्थापित एक स्वायत्त और वैधानिक निकाय है।
2. यह वित्त मंत्रालय के अधिकार क्षेत्र में कार्य करता है।
3. यह भारत में बीमा क्षेत्र की देख-रेख करने वाली शीर्ष संस्था है जो पॉलिसीधारकों के हितों की सुरक्षा सुनिश्चित करती है और उद्योग के व्यवस्थित विकास, विनियमन एवं विकास को बढ़ावा देती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**195. वित्त आयोग के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक संवैधानिक निकाय है जो संघ और राज्यों के साथ-साथ राज्यों के बीच कर राजस्व के वितरण की सिफारिश करता है।
2. वित्त आयोग का गठन संविधान के अनुच्छेद 280 के तहत वित्तमंत्री द्वारा किया जाता है।
3. इसमें राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त एक अध्यक्ष और चार अन्य सदस्य शामिल होते हैं जिनमें से प्रत्येक की कार्यावधि राष्ट्रपति के आदेश द्वारा निर्दिष्ट होती है तथा पुनर्नियुक्ति के लिये पात्र होते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**196. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:**

| | **शहर** | **क्षेत्र** |
|---|---|---|
| 1. | बेशम | खैबर पख्तूनख्वा |
| 2. | दासू | ईरान |
| 3. | तुर्बत | सीरिया |

**उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 1 और 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

**197. निम्नलिखित पर विचार कीजिये:**

**कथन-I: प्रति महिला लगभग 2.1 बच्चों की कुल प्रजनन दर (TFR) को प्रतिस्थापन स्तर की प्रजनन क्षमता कहा जाता है।**

नोट :

**कथन-II: जनसंख्या में वर्तमान आयु-विशिष्ट प्रजनन दर को देखते हुए TFR एक महिला के जीवनकाल में बच्चों के जन्म की औसत संख्या का प्रतिनिधित्व करता है।**

**उपर्युक्त कथनों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन I की सही व्याख्या है।
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।
C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II गलत है।
D. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है।

**198. निम्न पर विचार कीजिये:**

**कथन-I: रामकृष्ण आंदोलन की शुरुआत स्वामी विवेकानंद ने वेदांत के सार्वभौमिक संदेश के प्रचार-प्रसार के लिये की थी।**

**कथन-II: वेदों में निहित वेदांत, विश्व के प्राचीन और सबसे व्यापक आध्यात्मिक दर्शनों में से एक है।**

**उपर्युक्त कथनों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन I की सही व्याख्या है।
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।
C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II गलत है।
D. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है।

**199. सशस्त्र बल विशेषाधिकार अधिनियम (AFSPA) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. 1958 में संसद द्वारा अधिनियमित सशस्त्र बल विशेषाधिकार अधिनियम, सशस्त्र बलों को "अशांत क्षेत्रों" में सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखने के लिये विशेष शक्तियाँ और प्रतिरक्षा प्रदान करता है।
2. केंद्र सरकार, किसी राज्य के राज्यपाल के पास किसी राज्य या केंद्रशासित प्रदेश या उसके किसी हिस्से को अशांत क्षेत्र घोषित करने का अधिकार है।
3. अधिनियम के तहत, सशस्त्र बलों को अभियोजन से छूट प्राप्त है जब तक कि राज्य सरकार अभियोजन एजेंसियों को मंज़ूरी प्रदान नहीं करती।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**200. भारत TB रिपोर्ट 2024 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. रिपोर्ट के अनुसार, भारत में तपेदिक (TB) की अनुमानित संख्या और वास्तविक मामलों के बीच का अंतर कम हो रहा है।
2. इसे विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा जारी किया गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

## व्याख्या

**1.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**एशियन इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट बैंक (AIIB):**

- भारत न केवल AIIB का संस्थापक सदस्य है, बल्कि भारत के पास संगठन में सबसे बड़ा परियोजना पोर्टफोलियो भी है। **अतः कथन 1 सही है।**
- बैंक की सभी शक्तियाँ गवर्नर बोर्ड में निहित हैं, जो सर्वोच्च निर्णायक संस्था है। **अतः कथन 2 सही है।**
- AIIB में चीन के पास सबसे बड़ा वोटिंग शेयर है और उसके बाद भारत तथा रूस का स्थान है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**2.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- लूना-25 अगस्त 2023 में रॉस्कॉस्मोस द्वारा एक असफल रूसी चंद्र लैंडर मिशन था जिसने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के निकट लैंड करने की योजना बनाई थी। **अतः युग्म 1 सही सुमेलित नहीं है।**

नोट :

- गगनयान भारतीय चालक दल के साथ अंतरिक्ष की परिक्रमा करने वाला अंतरिक्ष यान है जिसका उद्देश्य देश के मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम के लिये प्रोटोटाइप अंतरिक्ष यान के रूप में कार्य करना है। **अतः युग्म 2 सही सुमेलित है।**
- ओडीसियस, वर्ष 1972 के बाद चंद्रमा पर उतरने वाला पहला अमेरिकी अंतरिक्ष यान है। अतः युग्म 3 सही सुमेलित है। **अतः विकल्प A सही है।**

**3.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**भूमध्य सागर:**

- पश्चिम में यह जिब्राल्टर की संकीर्ण जलडमरूमध्य के माध्यम से अटलांटिक महासागर से जुड़ा हुआ है। **अतः कथन 1 सही है।**
- सुदूर उत्तर-पूर्व में यह डार्डनेल्स जलडमरूमध्य, मरमारा सागर तथा बोस्पोरस जलडमरूमध्य के माध्यम से काला सागर से जुड़ा हुआ है। **अतः कथन 2 सही है।**




**4.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**इन विट्रो फर्टिलाइज़ेशन (IVF):**

- यह एक चिकित्सा प्रक्रिया है जिसका उद्देश्य प्रजनन संबंधी कठिनाइयों का सामना करने वाले दंपतियों को गर्भधारण करने में सहायता प्रदान करना है।**अतः कथन 1 सही है।**
- इसमें अंडाशय से अंडे प्राप्त करने के साथ-साथ निषेचन के लिये प्रयोगशाला में शुक्राणु के साथ संयोजन करना शामिल है।**अतः कथन 2 सही है।**
- इस प्रक्रिया को या तो दंपतियों के स्वयं के अंडे एवं शुक्राणु का उपयोग करके किया जा सकता है या किसी दाता के अंडे, शुक्राणु अथवा भ्रूण का उपयोग शामिल हो सकता है, जो ज्ञात या अज्ञात रखा जा सकता है।**अतः कथन 3 सही है।**

**5.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**आर्टेमिस समझौते:**

- नागरिक अन्वेषण और शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिये बाहरी अंतरिक्ष के उपयोग को नियंत्रित करने हेतु सामान्य सिद्धांतों की स्थापना के लिये अमेरिका द्वारा आर्टेमिस समझौते की स्थापना की गई थी। **अतः कथन 1 सही है।**

नोट :

- भारत गैर-बाध्यकारी आर्टेमिस समझौते पर हस्ताक्षर करने वाला 27वाँ देश बन गया। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**6.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान (RGSA):**

- भारत के पंचायती राज मंत्रालय के तहत 24 अप्रैल, 2018 को शुरू किये गए राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान (RGSA) का उद्देश्य वर्ष 2018-19 से 2021-22 तक ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायती राज प्रणाली को बढ़ाना और मज़बूत करना है, बाद में इसे वर्ष 2022-23 से 2025-26 की अवधि के लिये पुर्नोत्थानित राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान (RGSA) की केंद्र प्रायोजित योजना में पुनर्गठित किया गया। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- इसका उद्देश्य पंचायती राज संस्थानों (PRI) की शासन क्षमताओं को विकसित करना है। **अतः कथन 2 सही है।**
- संशोधित RGSA देश के सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों तक है तथा इसमें भाग IX में शामिल क्षेत्रों के आलावा ग्रामीण स्थानीय सरकार की वे संस्थाएँ भी शामिल होंगी, जहाँ पंचायतें मौजूद नहीं हैं। **अतः कथन 3 सही है।**

**7.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**दुर्लभ बीमारियों के लिये राष्ट्रीय नीति, 2021**

- यह एकमुश्त उपचार के लिये 20 लाख रुपए तक की वित्तीय सहायता, क्राउड-फंडिंग प्रणाली की स्थापना, दुर्लभ बीमारियों के लिये रजिस्ट्री और बीमारी का शीघ्र पता लगाने में सहायता प्रदान करता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- दुर्लभ बीमारी के उपचार हेतु वित्तीय सहायता प्राप्त करने के लिये, स्थानीय क्षेत्र के रोगी मूल्यांकन के लिये निकटतम उत्कृष्टता केंद्र पर जा सकते हैं और लाभ प्राप्त कर सकते हैं। प्रत्येक केंद्र को बुनियादी ढाँचे के विकास के लिये 5 करोड़ रुपए तक का एकमुश्त अनुदान प्रदान किया जाता है। **अतः कथन 2 सही है।**

**8.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**एजियन सागर:**

- यह भूमध्य सागर की एक शाखा है जिसके पश्चिम में ग्रीक प्रायद्वीप और पूर्व में एशिया माइनर स्थित है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- एजियन सागर डार्डानेल्स, मार्मारा सागर और बोस्पोरस जलडमरूमध्य के माध्यम से काला सागर से जुड़ा हुआ है। **अतः कथन 2 सही है।**




**9.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- राज्यों के लिये ऋण ग्रहण की मानक सीमा सकल राज्य घरेलू उत्पाद (GSDP) का 3% निर्धारित है। **अतः कथन 1 सही है।**
- राज्यों को प्रदर्शन-आधारित प्रोत्साहन के रूप में उनकी ऋण ग्रहण करने की क्षमता के आधार पर उनके सकल राज्य घरेलू उत्पाद (GSDP) का अतिरिक्त 0.5% प्रदान किया जाता है जिसका उद्देश्य राज्यों को ऊर्जा क्षेत्र में सुधार करने हेतु सहायता प्रदान करना है। **अतः कथन 2 सही है।**
- अनुच्छेद 293 (3) के अनुसार भारत सरकार अथवा उसकी पूर्ववर्ती सरकार द्वारा राज्य को प्रदान किये गए ऋण का कोई भी अंश बकाया रहने की दशा में कोई राज्य भारत सरकार की सहमति के बिना कोई ऋण प्राप्त नहीं कर सकता है। **अतः कथन 3 सही है।**

**10.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**समग्र शिक्षा योजना:**

- यह स्कूली शिक्षा के लिये एक एकीकृत योजना है जिसमें प्री-स्कूल से लेकर 12वीं कक्षा तक के सभी पहलुओं को शामिल किया गया है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- यह शिक्षा मंत्रालय द्वारा शुरू की गई एक केंद्र प्रायोजित योजना है और इसमें केंद्र एवं अधिकांश राज्यों के बीच 60:40 का वित्तीय विभाजन शामिल है। **अतः कथन 2 सही है।**

- इसे शिक्षा के लिये सतत् विकास लक्ष्य और वर्ष 2020 में प्रस्तुत की गई नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के साथ संरेखित करने के लिये अपग्रेड किया गया है। **अतः कथन 3 सही है।**

**11.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) 2020:**

- कोठारी आयोग की अनुशंसाओं के आधार पर प्रथम राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NPE) वर्ष 1968 में तैयार की गई थी। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP), 2020 21वीं सदी की भारत की पहली शिक्षा नीति है जो पूर्व की राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NPE), 1986 को प्रतिस्थापित करती है। **अतः कथन 2 सही है।**

**12.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**सती:**

- राजा राममोहन राय के संवाद कौमुदी लेख में सती प्रथा के विरुद्ध अभियान शुरू किया गया, जिसमें स्पष्ट किया गया कि यह किसी भी वेद या महाकाव्य में निर्धारित नहीं है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- लॉर्ड विलियम बेंटिक द्वारा वर्ष 1829 के बंगाल सती विनियमन के माध्यम से बंगाल प्रेसीडेंसी के सभी क्षेत्रों में सती प्रथा को औपचारिक रूप से प्रतिबंधित कर दिया। **अतः कथन 2 सही है।**

**13.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- प्रोफेसर ए.वी.डाइसी का दावा है कि विधि को प्राथमिकता देने के लिये निम्नलिखित तीन दिशा-निर्देशों का पालन किया जाना चाहिये:
  - विधि की सर्वोच्चता
  - विधि के समक्ष समानता
  - विधिक भावना की प्रधानता: न्यायालय को निष्पक्षता एवं बाह्य प्रभाव से मुक्त होना चाहिये। **अतः विकल्प D सही है।**

**14.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940 सुरक्षा, प्रभावकारिता एवं गुणवत्ता मानकों के अनुपालन को सुनिश्चित करने हेतु भारत में दवाओं के आयात, उत्पादन और वितरण की निगरानी करता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- CDSCO द्वारा विनियामक अनुमोदन तथा पंजीकरण के साथ चिकित्सा उपकरणों के नियमों का वर्गीकरण, ड्रग कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया (DCGI) के नियंत्रण में है। **अतः कथन 2 सही है।**

**15.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**चिकित्सीय शोध/अध्ययन/परीक्षण रजिस्ट्री- इंडिया (Clinical Trials Registry - India-CTRI):**

- यह भारत में किये जा रहे सभी नैदानिक अध्ययनों के संभावित पंजीकरण के लिये एक ऑनलाइन, निशुल्क और खोज योग्य प्रणाली है एवं इसका प्रबंधन ICMR-नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल स्टैटिस्टिक्स द्वारा किया जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- औषधि महानियंत्रक (DCGI, भारत) के अनुसार सभी नियामक नैदानिक परीक्षणों का पंजीकरण अनिवार्य है और कई जर्नल संपादकों, नैतिक समितियों एवं मेडिकल कॉलेजों द्वारा भी इसकी आवश्यकता होती है, जो चिकित्सीय शोध/अध्ययन/परीक्षण रजिस्ट्री- इंडिया (CTRI) में पंजीकरण अनिवार्य करते हैं। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**16.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 ने नगरपालिका ठोस अपशिष्ट (प्रबंधन और हैंडलिंग) नियम, 2000 को प्रतिस्थापित कर दिया। **अतः कथन-I सही है।**
- इसके तहत मूल स्थान पर अपशिष्ट पृथक्करण पर बल दिया जाता है, निर्माताओं को स्वच्छता व संवेष्टन अपशिष्ट का प्रबंधन करने के लिये बाध्य किया जाता है तथा संग्रहण, पृथक्करण, भंडारण, परिवहन, प्रसंस्करण और निपटान लिये थोक अपशिष्ट उत्पन्न करने वालों पर उपयोगकर्त्ता शुल्क लगाया जाता है। **अतः कथन-II सही है।**

नोट :

**अत: विकल्प B सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन I की सही व्याख्या नहीं है।**

17.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**गाज़ा पट्टी:**

- पूर्वी भूमध्यसागरीय बेसिन में स्थित गाज़ा पट्टी की सीमा दक्षिण-पश्चिम में मिस्र, उत्तर-पूर्व में इज़रायल और पश्चिम में भूमध्य सागर से लगती है। **अत: कथन 1 सही है।**
- गाज़ा और वेस्ट बैंक इज़रायली क्षेत्र द्वारा एक-दूसरे से अलग किये गए हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
  - यह विश्व स्तर पर सबसे घनी आबादी वाले क्षेत्रों में से एक है, जहाँ एक छोटे से क्षेत्र में 2 मिलियन से अधिक निवासी रहते हैं।
- गाज़ा की स्थितियों को दर्शाने के लिये शिक्षाविदों, कार्यकर्त्ताओं और पत्रकारों द्वारा "ओपन-एयर जेल" शब्द का व्यापक रूप से उपयोग किया गया है।




18.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**संयुक्त राष्ट्र विश्व खाद्य कार्यक्रम (WFP):**

- इसकी स्थापना 1961 में खाद्य और कृषि संगठन (FAO) तथा संयुक्त राष्ट्र महासभा (UNGA) द्वारा रोम, इटली में मुख्यालय के साथ की गई थी। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- यह संयुक्त राष्ट्र सतत् विकास समूह (UNSDG) का भी सदस्य है, जो सतत् विकास लक्ष्यों (SDG) को पूर्ण करने के उद्देश्य से संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों और संगठनों का एक समूह है।
- यह खाद्य एवं कृषि संगठन (FAO) और कृषि विकास हेतु अंतर्राष्ट्रीय कोष (IFAD) के साथ मिलकर सहयोग करता है, जो क्रमश: निर्धन ग्रामीण क्षेत्रों में सतत् कृषि तथा वित्त परियोजनाओं के लिये नीतियाँ व कानून निर्माण में देशों की सहायता करते हैं। **अत: कथन 2 सही है।**

19.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**केयर्न समूह (Cairns Group):**

- यह 20 कृषि उत्पाद व्यापारिक देशों का एक गठबंधन है जिनकी विश्व के कृषि निर्यात में लगभग 30 प्रतिशत की हिस्सेदारी है। **अत: कथन 1 सही है।**
- छह महाद्वीपों के विकसित और विकासशील देशों से बना यह समूह कृषि क्षेत्र में मुक्त एवं निष्पक्ष व्यापार हासिल करने हेतु प्रतिबद्ध है जो विकासशील देशों के लिये वास्तविक तथा स्थायी लाभ प्रदान करने पर केंद्रित है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

20.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**धान:**

- धान उष्णकटिबंधीय पौधा न होने के बावजूद आमतौर पर आर्द्र जलवायु से संबंधित है।
- धान की खेती गर्म और आर्द्र जलवायु (विशेष रूप से उच्च आर्द्रता, लंबे समय तक धूप एवं जल की प्रचुर आपूर्ति वाले क्षेत्रों) में अच्छी होती है। **अत: कथन 1 सही है।**
- धान एक कार्बोहाइड्रेट युक्त पोषक तत्त्व है जिससे त्वरित ऊर्जा मिलती है लेकिन इसमें नाइट्रोजन युक्त पदार्थ कम होने के साथ वसा की मात्रा नगण्य होती है। **अत: कथन 2 सही है।**
- भारत विश्व में धान का सबसे बड़ा निर्यातक है, उसके बाद थाईलैंड का स्थान है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

21.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**महत्त्वपूर्ण खनिज:**

- सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ऑन क्रिटिकल मिनरल्स (CECM)

की भूमिका प्रत्येक तीन वर्ष में भारत के महत्त्वपूर्ण खनिजों की सूची को अद्यतन करना और समय-समय पर महत्त्वपूर्ण खनिज रणनीति को अधिसूचित करना है। **अतः कथन 1 सही है।**

- इस समिति में देश के लिये महत्त्वपूर्ण 30 खनिजों की पहचान की गई है, जिनमें से 24 खनिजों को खान और खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957 (MMDR अधिनियम) की अनुसूची 1 के भाग D में महत्त्वपूर्ण तथा रणनीतिक खनिजों की सूची में शामिल किया गया है।
- भारतीय घरेलू बाज़ार में महत्त्वपूर्ण और रणनीतिक खनिजों की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से खनिज विदेश इंडिया लिमिटेड (KABIL) नामक एक संयुक्त उद्यम कंपनी को शामिल किया गया है। **अतः कथन 2 सही है।**

**22.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**महत्त्वपूर्ण खनिज:**

- आर्थिक विकास और राष्ट्रीय सुरक्षा हेतु आवश्यक महत्त्वपूर्ण खनिज, भविष्य की वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिये अपरिहार्य हैं जो उच्च तकनीक इलेक्ट्रॉनिक्स, दूरसंचार, परिवहन एवं रक्षा जैसे क्षेत्रों में प्रौद्योगिकियों का समर्थन करते हैं। **अतः कथन-I सही है।**
- कुछ भौगोलिक स्थानों में महत्त्वपूर्ण खनिज निष्कर्षण या प्रसंस्करण की गहनता, उनकी सीमित उपलब्धता के साथ मिलकर, आपूर्ति शृंखला की कमज़ोरियों एवं आपूर्ति में संभावित व्यवधान का परिणाम हो सकती है। **अतः कथन-II सही है।**

**इसलिये विकल्प A सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन I की सही व्याख्या है।**

**23.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**अर्द्धचालक:**

- अर्द्धचालक/सेमीकंडक्टर और डिस्प्ले आधुनिक इलेक्ट्रॉनिकी की नींव हैं जो उद्योग 4.0 के तहत डिजिटल परिवर्तन के अगले चरण में प्रगति हेतु योगदान दे रहे हैं। **अतः कथन-I सही है।**
- सेमीकंडक्टर आधुनिक इलेक्ट्रॉनिकी और ICT उत्पादों में मूल भूमिका निभाते हैं एवं ये वर्तमान समय के ऑटोमोबाइल, घरेलू गैजेट तथा ECG मशीनों जैसे महत्त्वपूर्ण चिकित्सा उपकरणों में पाए जाने वाले महत्त्वपूर्ण घटक हैं। **अतः कथन-II सही है।**

**अतः विकल्प A सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन I की सही व्याख्या है।**

**24.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**स्वच्छ भारत कोष ट्रस्ट:**

- स्वच्छ भारत कोष ट्रस्ट का उद्देश्य स्वच्छ भारत अभियान का समर्थन करने के लिये कॉर्पोरेट क्षेत्र से कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (CSR) धन और वैयक्तिक रूप से तथा परोपकारी लोगों से दान एकत्र करना है। **अतः कथन 1 सही है।**
- गृह मंत्रालय (MHA) ने एक समर्पित बैंक खाते में विदेशी योगदान प्राप्त करने के लिये विदेशी योगदान (विनियमन) अधिनियम (FCRA) के तहत ट्रस्ट को छूट प्रदान की। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**25.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**शरणार्थी:**

- शरणार्थी, वह व्यक्ति है जिसने गंभीर मानवाधिकारों के हनन और उत्पीड़न के खतरे के कारण अपना देश छोड़ दिया है। **अतः कथन 1 सही है।**
- वे संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी सम्मेलन और उसके प्रोटोकॉल के तहत अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा के हकदार हैं। **अतः कथन 2 सही है।**

**26.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (HPV):**

- ह्यूमन पेपिलोमा वायरस (HPV) एक सामान्य यौन संचारित संक्रमण है जो त्वचा, जननांग क्षेत्र तथा गले को प्रभावित कर सकता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- कम-से-कम 14 प्रकार के ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (HPV) में कैंसर होने की संभावना होती है, जिनमें HPV प्रकार 16 तथा 18 सबसे अधिक ऑन्कोजेनिक होते हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- सरकारी कार्यक्रम में कैंसर, जननांग मस्से एवं प्रायः होने वाले HPV उपभेदों 16, 18, 6 और 11 के कारण होने वाले संक्रमण को रोकने के लिये एक क्वाड्रिवेलेंट टीका का उपयोग किया जाएगा।

27.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**त्रिपुरा जनजातीय क्षेत्र स्वायत्त ज़िला परिषद ( TTADC ):**

- आदिवासी समुदायों के विकास एवं अधिकारों और सांस्कृतिक विरासत को सुरक्षित करने के लिये वर्ष 1985 में संविधान की छठी अनुसूची के तहत त्रिपुरा जनजातीय क्षेत्र स्वायत्त ज़िला परिषद (TTADC) का गठन किया गया था। **अत: कथन 1 सही है।**
- TTADC, जिसके पास विधायी एवं कार्यकारी शक्तियाँ हैं, राज्य के भौगोलिक क्षेत्र के लगभग दो-तिहाई हिस्से को कवर करता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
  - परिषद में 30 सदस्य होते हैं जिनमें से 28 निर्वाचित होते हैं जबकि दो राज्यपाल द्वारा नामित होते हैं।

28.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- कोयला या लिग्नाइट गैसीकरण अथवा प्राकृतिक गैस या मीथेन के वाष्प मीथेन पुनर्विरचन (SMR)द्वारा मुख्य रूप से ग्रे हाइड्रोजन प्राप्त होता है, जिसमें आमतौर पर कार्बन-गहन प्रक्रियाएँ शामिल होती हैं। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- प्राकृतिक रूप से भू-पर्पटी में वाइट हाइड्रोजन पाया जाता है और इसे एक आशाजनक स्वच्छ ऊर्जा स्रोत के रूप में देखा जा रहा है, जो प्राय: अन्य अणुओं के साथ संयोजन में पाया जाता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- अमेरिका, पूर्वी यूरोप, रूस, ऑस्ट्रेलिया, फ्राँस और अन्य देशों सहित विश्व भर में वाइट हाइड्रोजन के भंडार पाए गए हैं। **अत: कथन 3 सही है।**

29.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**भारतीय प्रतिस्पर्द्धा आयोग ( Competition Commission of India- CCI ):**

- प्रतिस्पर्द्धा अधिनियम, 2002 के तहत मार्च 2009 में स्थापित भारतीय प्रतिस्पर्द्धा आयोग (CCI), भारत सरकार का एक वैधानिक निकाय है जिसका उद्देश्य अर्थव्यवस्था में निष्पक्ष प्रतिस्पर्द्धा को बढ़ावा देना, उत्पादकों के लिये 'समान प्रतिस्पर्द्धा का क्षेत्र' सुनिश्चित करना और उपभोक्ता कल्याण के लिये बाज़ार क्षमता का संवर्द्धन करना है। **अत: कथन 1 सही है।**
- इसमें एक अर्द्ध-न्यायिक निकाय की संरचना होती है, जिसमें एक अध्यक्ष और छह अतिरिक्त सदस्य होते हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
- CCI के सभी सदस्यों की नियुक्ति केंद्र सरकार द्वारा की जाती है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

30.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**स्पीति घाटी:**

- यह हिमाचल प्रदेश के उत्तरपूर्वी भाग में स्थित एक ठंडी पर्वती-मरुस्थलीय घाटी है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- यह वृहत हिमालय पर्वतमाला के वृष्टिछाया क्षेत्र में स्थित है। **अत: कथन 2 सही है।**
- यह घाटी दक्षिण-पूर्व में किन्नौर ज़िलों, दक्षिण में कुल्लू और उत्तर में ज़ांस्कर व लद्दाख की घाटियों से घिरी हुई है। **अत: कथन 3 सही है।**

31.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**दीपोर बील:**

- यह असम में स्थित मीठे जल की एक स्थायी झील और साथ ही एक पक्षी अभयारण्य है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- यह ब्रह्मपुत्र नदी के पूर्व की धारा में, मुख्य नदी के दक्षिण में स्थित एक नदीय आर्द्रभूमि है। **अत: कथन 2 सही है।**

32.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**राष्ट्रीय न्यायिक डेटा ग्रिड ( NJDG ):**

- NJDG पोर्टल संपूर्ण देश के विभिन्न न्यायालयों में चल रहे, लंबित और निपटाए गए मामलों से संबंधित डेटा का एक राष्ट्रीय भंडार है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह ई-कोर्ट परियोजना के तहत एक ऑनलाइन मंच के रूप में बनाए गए 18,735 ज़िला और अधीनस्थ न्यायालयों तथा उच्च न्यायालयों के आदेशों, निर्णयों एवं मामले के विवरण का एक डेटाबेस है।
- इसकी मुख्य विशेषता यह है कि संबद्ध डेटा को वास्तविक समय में अपडेट किया जाता है और इसमें तालुका स्तर तक विस्तृत डेटा शामिल होता है।

नोट :

- इसे ई-कोर्ट परियोजना के चरण II के हिस्से के रूप में बनाया गया था जो एक केंद्र प्रायोजित योजना है। **अतः कथन 2 सही है।**

**33.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- नौसेनाओं को रंगों के आधार पर वर्गीकृत किया जाता है:
  - ब्राउन वॉटर फोर्स एक नौसेना है जिसका संचालन तट के आस-पास के गंदे जल तक सीमित है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - ग्रीन वाटर फोर्स एवं ब्लू वॉटर फोर्स क्रमशः विस्तारित एवं अधिक विस्तारित पहुँच वाली नौसेना है।
  - ब्लू वाटर नौसेना वह है जो अपनी समुद्री सीमाओं से कहीं अधिक बड़े समुद्री क्षेत्र में स्वयं को प्रदर्शित करने की क्षमता रखती है। सीधे शब्दों में कहें तो यह एक ऐसी नौसेना है जो दुनिया के विशाल, गहरे महासागरों में भी जा सकती है।
    - हालाँकि, जबकि अधिकांश नौसेनाओं के पास गहरे महासागरों में जहाज़ भेजने की क्षमता है, ब्लू वॉटर फोर्स ईंधन भरने अथवा फिर से भंडारित करने के लिये अपने होम पोर्ट पर लौटने की आवश्यकता के बिना ही अपनी सीमाओं से दूर ऑपरेशन करने में सक्षम है। **अतः कथन 2 सही है।**

**34.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**क्रिस्पर( CRISPR ):**

- यह एक जीन संपादन तकनीक है, जो Cas9 नामक एक विशेष प्रोटीन का उपयोग करके वायरस के हमलों से लड़ने के लिये बैक्टीरिया में प्राकृतिक रक्षा तंत्र को पुर:स्थापित करती है। **अतः कथन 1 सही है।**
- CRISPR तकनीक अपनी सरलता, बेहतर सटीकता के साथ बाह्य जीन पुर:स्थापन की अनुपस्थिति के लिये जानी जाती है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- प्राय: कंप्यूटर प्रोग्राम के 'कट-कॉपी-पेस्ट' या 'फाइंड-रिप्लेस' कार्यों की तुलना में इस प्रक्रिया में समस्याग्रस्त DNA अनुक्रम खंडों का पता लगाना और साथ ही उन्हें समाप्त करना शामिल है जो बीमारी एवं विकार का कारण बनते हैं, फिर उन्हें विशेष प्रोटीन तथा RNA अणुओं जैसे जैव-रासायनिक उपकरण उपयोग के माध्यम से 'सही' अनुक्रम के साथ प्रतिस्थापित करते हैं।

**35.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**सिल्फियम:**

- सिल्फियम एक प्राचीन रोमन जड़ी बूटी है।
- वर्तमान में सिल्फियम गायब हो चुका है, शायद केवल इस क्षेत्र से या हमारे ग्रह से पूरी तरह से, जैसा कि प्लिनी ने लिखा है, कि उनके जीवनकाल के दौरान केवल एक डंठल पाया गया था और 54-68 ईस्वी के आस-पास जिज्ञासा के रूप में सम्राट नीरो को भेजा गया था। **अतः विकल्प A सही है।**

**36.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**जीनोम:**

- जीनोम एक जीव की संपूर्ण आनुवंशिक सामग्री को समाहित करता है, मानव जीनोम काफी हद तक व्यक्तियों के बीच सुसंगत होता है, हालाँकि DNA के एक छोटे से हिस्से में मामूली बदलाव होते हैं। **अतः कथन-I सही है।**
- प्रत्येक जीनोम में किसी जीव के निर्माण और उसे बनाए रखने के लिये आवश्यक निर्देशों का पूरा समूह शामिल होता है, मानव जीनोम में 3 अरब से अधिक DNA आधार/बेस जोड़े होते हैं। **अतः कथन-II सही है।**

  **अतः विकल्प A सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन I के लिये सही स्पष्टीकरण है।**

**37.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**गोलान हाइट्स:**

- यह पश्चिम में जॉर्डन नदी व गैलील सागर, उत्तर में माउंट हर्मन, पूर्व में मौसमी वादी अल-रुक्काद नदी और दक्षिण में यरमुक नदी से घिरा हुआ है। **अतः कथन 1 सही है।**
- वर्ष 1967 के छह-दिवसीय युद्ध के अंतिम चरण में इज़रायल ने सीरिया से गोलान हाइट्स को ज़ब्त कर लिया। **अतः कथन 2 सही है।**

**38.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**घरेलू उपभोग व्यय सर्वेक्षण:**

- यह आमतौर पर राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (National

नोट :

Statistical Office- NSO) द्वारा प्रत्येक पाँच वर्ष में आयोजित किया जाता है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**

- इसका लक्ष्य ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच चित्रण करते हुए घरेलू मासिक प्रति व्यक्ति उपभोग व्यय (Monthly Per Capita Consumption Expenditure- MPCE) तथा इसके वितरण का अनुमान लगाना है। **अतः कथन 2 सही है।**
- सर्वेक्षण डेटा सकल घरेलू उत्पाद (GDP), गरीबी स्तर और उपभोक्ता मूल्य मुद्रास्फीति (CPI) सहित महत्त्वपूर्ण आर्थिक संकेतकों की समीक्षा में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है। **अतः कथन 3 सही है।**

**39.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- WTO के अपीलीय निकाय में सात सदस्य शामिल होते हैं जिन्हें विवाद समाधान निकाय (DSB) द्वारा चार वर्ष की अवधि के लिये नियुक्त किया जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- DSB विवाद समाधान पैनल की स्थापना कर सकता है, संबद्ध मामलों को मध्यस्थता के लिये अग्रेषित कर पैनल, अपीलीय निकाय और मध्यस्थता का प्रतिवेदन स्वीकार कर सकता है, अनुशंसाओं और निर्णयों के कार्यान्वयन का अनुवीक्षण कर सकता है तथा उन अनुशंसाओं और निर्णयों का अनुपालन न होने की दशा में रियायतों के निलंबन की अनुमति दे सकता है। **अतः कथन 2 सही है।**

**40.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- देश के कुप्रबंधित अपशिष्ट और कुल अपशिष्ट के अनुपात को कुप्रबंधित अपशिष्ट सूचकांक कहते हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- प्लास्टिक ओवरशूट डे का निर्धारण संबंधित देश के कुप्रबंधित अपशिष्ट सूचकांक (Mismanaged Waste Index- MWI) के आधार पर किया जाता है। **अतः कथन 2 सही है।**

**41.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- अगलेगा द्वीप पश्चिमी हिंद महासागर में मॉरीशस की दो-द्वीप निर्भरता है। इसमें नॉर्थ आइलैंड और साउथ आइलैंड शामिल हैं। **अतः युग्म 1 सही सुमेलित नहीं है।**
- रीयूनियन मस्कारेने एक द्वीप समूह है जो एक फ्राँसीसी विदेशी विभाग और विदेशी क्षेत्र है। **अतः युग्म 2 सही सुमेलित है।**
- डिएगो गार्सिया ब्रिटिश हिंद महासागर क्षेत्र, यूनाइटेड किंगडम के एक विदेशी क्षेत्र में एकमात्र बसा हुआ द्वीप है। अतः युग्म 3 सही सुमेलित है।

**42.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**ग्रेटर एडजुटेंट स्टॉर्क:**

- एक समय दक्षिण और दक्षिण-पूर्व एशिया में व्यापक रूप से पाया जाने वाला ग्रेटर एडजुटेंट सारस अब विश्व स्तर पर सर्वाधिक संकटग्रस्त प्रजातियों में से एक है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इसके केवल तीन ज्ञात प्रजनन स्थल हैं - एक कंबोडिया में और दो भारत (असम और बिहार) में। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- यह वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 की अनुसूची I में सूचीबद्ध है। **अतः कथन 3 सही है।**

**43.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**दसवीं अनुसूची के तहत अयोग्यता:**

- दल-बदल विरोधी कानून के तहत एक सदस्य को अयोग्य घोषित किया जाता है:
  - यदि वह स्वेच्छा से उस राजनीतिक दल की सदस्यता छोड़ देता है जिसके टिकट पर वह सदन के लिये चुना जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - यदि वह उस सदन में अपने राजनीतिक दल के निर्देशों के विपरीत मत देता है या मतदान में अनुपस्थित रहता है। **अतः कथन 2 सही है।**
  - यदि कोई स्वतंत्र रूप से निर्वाचित सदस्य किसी राजनीतिक दल में शामिल होता है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**
  - यदि कोई नामांकित सदस्य छह महीने की समाप्ति के बाद किसी राजनीतिक दल में शामिल होता है। **अतः विकल्प B सही है।**

44.

उत्तर: B

व्याख्या:

**खनिज सुरक्षा भागीदारी (MSP):**

- यह संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा दुर्लभ खनिज आपूर्ति शृंखलाओं को मज़बूत करने की पहल है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- MSP का लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि दुर्लभ खनिजों का उत्पादन, प्रसंस्करण और पुनर्चक्रण इस तरह से किया जाए कि देशों के उनके भूवैज्ञानिक प्रबंधन के पूर्ण आर्थिक विकास का लाभ प्राप्त कर सके। **अत: कथन 2 सही है।**
- कोबाल्ट, निकेल, लिथियम जैसे खनिजों की आपूर्ति शृंखला और 17 "दुर्लभ पृथ्वी" खनिजों पर भी ध्यान देना। **अत: कथन 3 सही है।**

45.

उत्तर: D

व्याख्या:

**सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ एडवांस्ड कंप्यूटिंग (C-DAC):**

- यह इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की शीर्ष अनुसंधान और विकास शाखा है। **अत: कथन 1 सही है।**
- इसकी स्थापना संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा सुपर कंप्यूटर के आयात से इनकार के संदर्भ में सुपर कंप्यूटर बनाने के लिये की गई थी। **अत: कथन 2 सही है।**
- C-DAC ने 1991 में भारत का पहला स्वदेश निर्मित सुपरकंप्यूटर परम 8000 बनाया। **अत: कथन 3 सही है।**

46.

उत्तर: D

व्याख्या:

- शरण चाहने वाला (Asylum-Seeker) वह व्यक्ति होता है जो शरणार्थी स्थिति का दावा करता है लेकिन अभी तक औपचारिक मूल्यांकन से नहीं गुज़रा है, अपने दावे के सफल मूल्यांकन पर शरणार्थी स्थिति में परिवर्तित हो जाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- शरणार्थी स्थिति निर्धारण (Refugee Status Determination- RSD) अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय या क्षेत्रीय कानून के तहत शरण चाहने वाले की शरणार्थी स्थिति का पता लगाने के लिये सरकारों या UNHCR द्वारा नियोजित एक कानूनी प्रक्रिया है। **अत: कथन 2 सही है।**

47.

उत्तर: D

व्याख्या:

**जीनोम इंडिया प्रोजेक्ट:**

- जीनोम इंडिया प्रोजेक्ट जैव प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा स्वीकृत एक जीन मैपिंग परियोजना है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह परियोजना शोधकर्त्ताओं को भारत के जनसंख्या समूहों के लिये विशिष्ट आनुवंशिक विविधताओं का अध्ययन करने में सक्षम बनाएगी, जिससे दवाओं और उपचारों के अनुकूलन की सुविधा मिलेगी। **अत: कथन 2 सही है।**
- वर्ष 2022 में उद्घाटन किया गया भारतीय जैविक डेटा केंद्र (IBDC) पूरे डेटासेट को संग्रहीत करेगा और इसे देश का एकमात्र डेटाबैंक होने के नाते डिजिटल सार्वजनिक वस्तु या अनुसंधान के रूप में उपलब्ध कराएगा। **अत: कथन 3 सही है।**

48.

उत्तर: B

व्याख्या:

**इज़रायल- फिलिस्तीन:**

- चौकड़ी रोड मैप (Quartet Road Map) और अरब शांति पहल इज़रायल एवं फिलिस्तीन के बीच शांति पहल से संबंधित हैं।
- **अत: विकल्प B सही है।**

49.

उत्तर: C

व्याख्या:

**ब्लैक सी पहल:**

- ब्लैक सी ग्रेन पहल रूसी-यूक्रेनी संघर्ष के कारण आपूर्ति शृंखला व्यवधानों से उत्पन्न खाद्य पदार्थों की बढ़ती कीमतों से निपटने का प्रयास करती है। **अत: कथन 1 सही है।**
- इस समझौते ने संयुक्त समन्वय केंद्र (JCC) की स्थापना की, जिसमें निरीक्षण और समन्वय के लिये रूस, तुर्किये, यूक्रेन तथा संयुक्त राष्ट्र के वरिष्ठ प्रतिनिधि शामिल थे। **अत: कथन 2 सही है।**

50.

उत्तर: B

व्याख्या:

**प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना (PMKSY):**

- यह एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- देश में आधारिक संरचना, रसद परियोजनाओं और खाद्य

नोट :

प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना के लिये विभिन्न योजनाओं के तहत निवेशकों को पात्र परियोजना लागत के 35% से 75% तक की अधिकतम निर्दिष्ट सीमा के अधीन सहायता अनुदान प्रदान किया जाता है। **अतः कथन 2 सही है।**

- PMKSY का उद्देश्य कृषि को पूरक बनाना, प्रसंस्करण का आधुनिकीकरण करना और कृषि-अपशिष्ट को कम करना है। **अतः कथन 3 सही है।**

**51.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**गिनी गुणांक:**

- गिनी सूचकांक, या गिनी गुणांक, जनसंख्या में आय के वितरण का एक माप है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इसका उपयोग अक्सर आर्थिक असमानता, आय वितरण को मापने या कम सामान्यतः, आबादी के बीच धन वितरण को मापने के रूप में किया जाता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- उच्च गिनी सूचकांक अधिक असमानता को इंगित करता है, उच्च आय वाले व्यक्तियों को जनसंख्या की कुल आय का बहुत बड़ा प्रतिशत प्राप्त होता है। **अतः कथन 3 सही है।**

**52.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- मतदाता सूची की तैयारी और नगर पालिकाओं के सभी चुनावों के संचालन का अधीक्षण, निर्देशन एवं नियंत्रण राज्य चुनाव आयोग में निहित होगा। **अतः कथन 1 सही है।**
- राज्य विधायिका नगर पालिकाओं के चुनाव से संबंधित सभी मामलों में प्रावधान कर सकती है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**53.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**वैश्विक जैवविविधता फ्रेमवर्क कोष:**

- यह देशों को कुनमिंग-मॉन्ट्रियल वैश्विक जैवविविधता फ्रेमवर्क (KMGBF) के तहत निर्धारित 23 लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करेगा। **अतः कथन 1 सही है।**
- इसका प्रबंधन वैश्विक पर्यावरण सुविधा (GEF) द्वारा किया जाएगा और निजी, परोपकारी तथा सरकारी निवेश के माध्यम से धन एकत्र किया जाएगा। **अतः कथन 2 सही है।**
- GBF फंड काउंसिल के निर्णय वैश्विक पर्यावरण सुविधा (GEF) उपकरण की तर्ज़ पर सर्वसम्मति से लिये जाते हैं। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**54.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**म्यूचुअल फंड:**

- एक म्यूचुअल फंड में निवेशकों से उनकी ओर से प्रतिभूतियों (ऋण, इक्विटी, या दोनों) में निवेश करने के लिये धन एकत्र करता है और काफी कम प्रबंधन शुल्क लिया जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (SEBI) भारत में प्रतिभूति बाज़ार और म्यूचुअल फंड उद्योग को नियंत्रित एवं विनियमित करने वाली नियामक संस्था है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
  - इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट (InvIt) और रियल एस्टेट इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट (ReITs) म्यूचुअल फंड के उदाहरण हैं।

**55.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (CSR):**

- भारत कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत निगमों के लिये कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (CSR) को अनिवार्य करने वाले विश्व के पहले देशों में से एक था। **अतः कथन 1 सही है।**
- भारत शायद एकमात्र ऐसा देश है जो CSR दायित्वों के व्यय और रिपोर्टिंग दोनों को अनिवार्य बनाता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- प्रत्येक पात्र कंपनी को एक कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व समिति बनानी होगी जिसमें कम-से-कम एक स्वतंत्र निदेशक सहित तीन निदेशक शामिल हों। **अतः कथन 3 सही है।**

**56.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**उच्च न्यायालय के न्यायाधीश:**

- वह 62 वर्ष की आयु प्राप्त करने तक पद पर बने रहते हैं। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- वह राष्ट्रपति को पत्र लिखकर अपने पद से इस्तीफा दे सकता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- संसद की अनुशंसा पर राष्ट्रपति द्वारा उसे उसके पद से हटाया जा सकता है। **अतः कथन 3 सही है।**

नोट :

**57.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**भारत-नेपाल संबंध:**


- नेपाल पाँच भारतीय राज्यों यथा सिक्किम, पश्चिम बंगाल, बिहार, उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड के साथ 1850 किमी. से अधिक की सीमा साझा करता है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- पारगमन संशोधित संधि द्वारा नेपाल को हल्दिया, कोलकाता, पारादीप एवं विशाखापत्तनम जैसे- बंदरगाहों सहित भारत के अंतर्देशीय जलमार्गों तक पहुँच के माध्यम से अन्य देशों के साथ व्यापार करने की अनुमति दी है। **अतः कथन 2 सही है।**

**58.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- एक नगर निगम में तीन प्राधिकरण होते हैं: परिषद, स्थायी समितियाँ और आयुक्त। **अतः कथन 1 सही है।**



- 74वें संवैधानिक संशोधन अधिनियम द्वारा शासित परिषद में निर्वाचित पार्षद एवं नगरपालिका प्रशासन विशेषज्ञता वाले नामांकित व्यक्ति शामिल हैं, जो निगम के विचार-विमर्श और विधायी निकाय के रूप में कार्यरत हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- परिषद का नेतृत्व एक महापौर द्वारा किया जाता है, जिसकी सहायता एक उप महापौर द्वारा की जाती है, जो अधिकांश राज्यों में एक वर्ष के कार्यकाल के लिये चुना जाता है, जो मुख्य रूप से एक औपचारिक प्रमुख के रूप में कार्य करता है और साथ ही परिषद की बैठकों की अध्यक्षता करता है। **अतः कथन 3 सही है।**

**59.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**विवादित क्षेत्र:**

**स्कारबोरो शोल पर फिलीपींस, चीन और ताइवान अपना दावा करते हैं। अतः युग्म 1 सही सुमेलित नहीं है।**

- फिलीपींस और चीन स्कारबोरो शोल पर दावा करते हैं लेकिन संप्रभुता कभी स्थापित नहीं हुई एवं वर्तमान में यह प्रभावी रूप से बीजिंग के नियंत्रण में है।

**पारासेल द्वीप समूह पर चीन, ताइवान और वियतनाम अपना दावा करते हैं। अतः युग्म 2 सही सुमेलित है।**

**स्प्रैटली द्वीप समूह पर चीन, ताइवान, वियतनाम, ब्रुनेई और फिलीपींस अपना दावा करते हैं। अतः युग्म 3 सही सुमेलित नहीं है।**

- चीन का कहना है कि पारासेल और स्प्रैटली द्वीप श्रृंखलाओं के साथ उसके सदियों पुराने संबंध हैं क्योंकि वे कभी चीनी राष्ट्र का अभिन्न अंग थे। लेकिन वियतनाम इस दावे का खंडन करता है और कहता है कि उसने 17वीं सदी से पैरासेल्स एवं स्प्रैटलिस दोनों पर सक्रिय रूप से शासन किया है- तथा उसके पास इसे सिद्ध करने के लिये दस्तावेज़ हैं। **अतः विकल्प A सही है।**

**60.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**भ्रष्टाचार निवारण (संशोधन) अधिनियम, 2018:**

- इसका उद्देश्य PCA को भ्रष्टाचार के विरुद्ध संयुक्त राष्ट्र कन्वेंशन- 2005 के साथ संरेखित करना था, जिसे वर्ष 2011 में भारत द्वारा अनुमोदित किया गया था। **अतः कथन 1 सही है।**
- व्यवसाय या लाभ प्राप्त करने या बनाए रखने के इरादे से PCA में सूचीबद्ध अपराध करने वाले वाणिज्यिक संगठन दंड के अधीन हैं। **अतः कथन 2 सही है।**

**61.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**विशेष अदालत:**

- वर्ष 2017 में सर्वोच्च न्यायालय (SC) ने आदेश दिया कि सांसदों के लंबे समय से लंबित मुकदमों को तेज़ी से निपटाने के लिये देश भर में विशेष अदालत स्थापित की जाएँ। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- इसके पश्चात् 11 राज्यों में विशेष रूप से मौजूदा सांसदों और विधायकों की सुनवाई के लिये 12 विशेष अदालतें स्थापित की गईं।
- प्रत्येक राज्य में विशेष अदालत का क्षेत्राधिकार पूरे राज्य पर होता है, जबकि दिल्ली में दो अदालतें दिल्ली या "आंशिक रूप से दिल्ली" की सीमा के भीतर के मामलों को कवर करती हैं। **अतः कथन 2 सही है।**

**62.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**गैरकानूनी गतिविधियाँ (रोकथाम) अधिनियम, 1967:**

- यह अधिनियम केंद्र सरकार को पूर्ण शक्ति प्रदान करता है, जिसके माध्यम से यदि केंद्र सरकार किसी गतिविधि को गैर-कानूनी मानती है तो वह आधिकारिक राजपत्र के माध्यम से इसकी घोषणा कर उसे अधिनियम के तहत अपराध बना सकती है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह अधिनियम भारतीय और विदेशी दोनों नागरिकों पर लागू होता है। यह अपराधियों पर एकसमान रूप से ही लागू होता है, भले ही वह अपराध भारत के बाहर किसी विदेशी भूमि पर ही क्यों न किया गया हो। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- UAPA के तहत जाँच एजेंसी गिरफ्तारी के बाद अधिकतम 180 दिनों में आरोप पत्र दायर कर सकती है और अदालत को सूचित करने के बाद अवधि को आगे बढ़ाया जा सकता है। **अतः कथन 3 सही है।**

**63.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**वन अधिकार अधिनियम, 2006:**

- यह अधिनियम पीढ़ियों से वनों में निवास करने वाले वन निवासी अनुसूचित जनजातियों (FDST) और अन्य पारंपरिक वन

निवासियों (OTFD) के वन अधिकारों तथा वन संसाधनों पर उनके स्वामित्व को मान्यता देकर अनुदान प्रदान करता है। **अत: कथन 1 सही है।**

- यह चार प्रकार के अधिकारों की पहचान करता है जिनमें स्वामित्व अधिकार, राहत और विकास अधिकार, वन प्रबंधन अधिकार एवं उपयोग अधिकार शामिल है। **अत: कथन 2 सही है।**

**64.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**परिसीमन आयोग:**

- संविधान संसद को परिसीमन आयोग अधिनियम के माध्यम से जनगणना के उपरांत लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में सीटों को पुन: आवंटित करने के लिये एक स्वतंत्र परिसीमन आयोग के गठन हेतु प्राधिकृत करता है। **अत: कथन-I सही है।**
- परिसीमन आयोग की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा की जाती है और यह निर्वाचन आयोग के सहयोग से काम करता है। **अत: कथन-II सही है।**

  **अत: विकल्प B सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं लेकिन कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।**

**65.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**'महिला स्वास्थ्य अंतर को समाप्त करना' रिपोर्ट:**

- महिला स्वास्थ्य अंतर को कम करना: विश्व आर्थिक मंच द्वारा मैकिन्से हेल्थ इंस्टीट्यूट के सहयोग से जीवन और अर्थव्यवस्था में सुधार के लिये $1 ट्रिलियन का अवसर जारी किया गया था।
- रिपोर्ट महिलाओं के स्वास्थ्य अंतर के मूल कारणों (विज्ञान, डेटा, देखभाल वितरण एवं निवेश पर केंद्रित) को संबोधित करती है और नए वित्तपोषण मॉडल को प्रोत्साहित करने से लेकर महिला-केंद्रित अनुसंधान में निवेश करने तथा अधिक समावेशी स्वास्थ्य नीतियों को लागू करने तक इस अंतर को कम करने के लिये कई तरीकों को प्रस्तुत करती है। **अत: विकल्प A सही है।**

**66.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**वन्य जीवन (संरक्षण) लाइसेंसिंग (विचार के लिये अतिरिक्त मामले) नियम, 2024:**

- नए दिशा-निर्देश अनुसूची II प्रजातियों में व्यापार के लिये लाइसेंसिंग प्रतिबंधों को खत्म करते हैं, जिससे केंद्र सरकार के परामर्श के बिना आसानी से अनुमोदन की अनुमति मिलती है। **अत: कथन 1 सही है।**
- नए दिशा-निर्देश केंद्र सरकार से पूर्व परामर्श के बिना अनुसूची I के जंगली जानवरों के लिये लाइसेंस देने पर रोक लगाते हैं, बाघों, हाथियों और गैंडों जैसी अत्यधिक संरक्षित प्रजातियों पर प्रतिबंध बनाए रखते हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
- नए नियम अधिकृत अधिकारियों के लिये लाइसेंस देते समय विचार करने हेतु कारकों की रूपरेखा तैयार करते हैं, जिसमें आवेदक की क्षमता, आपूर्ति स्रोत और तरीके, मौजूदा लाइसेंस तथा जंगली जानवरों के शिकार या व्यापार पर प्रभाव शामिल हैं।

**67.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- हाल ही में केरल ने मानव तथा पशु के बीच होने वाले संघर्ष को राज्य-विशिष्ट आपदा घोषित किया। **अत: कथन 1 सही है।**
- वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 के अनुसार मानव-वन्यजीव संघर्ष के प्रबंधन के लिये वन विभाग उत्तरदायी है। **अत: कथन 2 सही है।**
- राज्य-विशिष्ट आपदा घोषित किये जाने के उपरांत राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 के प्रावधानों के तहत त्वरित और निर्णायक कार्रवाई करता है। **अत: कथन 3 सही है।**
- राज्य स्तर पर निकाय का पदेन अध्यक्ष मुख्यमंत्री होता है और वन विभाग सहित कई अन्य विभाग इस निकाय में हितधारक की भूमिका निभाते हैं। ज़िला स्तर पर ज़िला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की अध्यक्षता ज़िला कलेक्टर करता है जो कार्यकारी मजिस्ट्रेट भी होता है।

**68.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क भारत का एक राष्ट्रीय उद्यान है जो उत्तराखंड के नैनीताल ज़िले में स्थित है। अत: युग्म 1 सही सुमेलित है।
- कूनो राष्ट्रीय उद्यान भारत के मध्य प्रदेश में स्थित एक राष्ट्रीय उद्यान और वन्यजीव अभयारण्य है। अत: युग्म 2 सही सुमेलित नहीं है।
- रायमोना राष्ट्रीय उद्यान भारत के असम के सुदूर पश्चिमी भाग में स्थित है। अत: युग्म 3 सही सुमेलित नहीं है। **अत: विकल्प A सही है।**

नोट :

69.

उत्तर: C

व्याख्या:

**यूनिवर्सल इम्यूनाइज़ेशन प्रोग्राम- वैक्सीन इंटेलिजेंस नेटवर्क (U-WIN):**

- भारत के सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम (Universal Immunization Program- UIP) को डिजिटल बनाने वाला कार्यक्रम U-WIN प्रति राज्य और केंद्रशासित प्रदेश के दो ज़िलों में पायलट मोड में लॉन्च किया गया है। **अत: कथन 1 सही है।**
- U-WIN टीकाकरण सेवाओं के लिये मुख्य केंद्र के रूप में कार्य करेगा, जिसमें टीकाकरण स्थिति अपडेट, वितरण परिणाम, RI सत्रों की योजना और प्रतिजन-वार कवरेज पर रिपोर्ट शामिल है। **अत: कथन 2 सही है।**
- यह प्लेटफॉर्म गर्भवती महिलाओं को पंजीकृत कर उनका टीकाकरण करेगा, प्रसव परिणामों को रिकॉर्ड करेगा, नवजात शिशुओं को पंजीकृत करेगा, जन्म खुराक का प्रबंधन करेगा और सभी टीकाकरण कार्यक्रमों का प्रबंधन करेगा।

70.

उत्तर: B

व्याख्या:

**दक्षिण चीन सागर:**

- दक्षिण चीन सागर चीन के दक्षिण में स्थित है, जिसकी सीमा ब्रुनेई, चीन, इंडोनेशिया, मलेशिया, फिलीपींस, ताइवान और वियतनाम से लगती है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- चीन की नाइन-डैश लाइन, जो मूल रूप से वर्ष 1953 तक "एलेवेन-डैश लाइन" थी, उसके समुद्री दावों का निरूपण करती है, जिसका विस्तार फिलीपींस, मलेशिया और वियतनाम के पास मुख्य भूमि से 2,000 किमी. तक है। **अत: कथन 2 सही है।**

71.

उत्तर: D

व्याख्या:

**केंद्रशासित प्रदेश:**

- संविधान के भाग VIII में अनुच्छेद 239 से 241 केंद्रशासित प्रदेशों से संबंधित हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- एक ही श्रेणी में होने के बावजूद केंद्रशासित प्रदेशों की प्रशासनिक प्रणालियों में एकरूपता का अभाव है।
- राष्ट्रपति प्रत्येक केंद्रशासित प्रदेश का प्रशासन एक नियुक्त प्रशासक के माध्यम से करता है, जो राज्यपाल के विपरीत राष्ट्रपति का एजेंट होता है, राज्य का प्रमुख नहीं। **अत: कथन 2 सही है।**
- राष्ट्रपति किसी राज्य के राज्यपाल को निकटवर्ती केंद्रशासित प्रदेश के प्रशासक के रूप में नियुक्त कर सकता है, जहाँ राज्यपाल को अपने मंत्रिपरिषद से स्वतंत्र रूप से कार्य करना होगा। **अत: कथन 3 सही है।**

72.

उत्तर B

व्याख्या:

**केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण:**

- यह पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के तहत एक वैधानिक निकाय है। **अत: कथन 1 सही है।**
- इसकी अध्यक्षता पर्यावरण मंत्री करते हैं और इसमें 10 सदस्य एवं एक सदस्य-सचिव होते हैं। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- प्राधिकरण का मुख्य उद्देश्य समृद्ध जैवविविधता के संरक्षण में राष्ट्रीय प्रयास को पूरक एवं सुदृढ़ बनाना है। **अत: कथन 3 सही है।**
- प्राधिकरण चिड़ियाघरों को मान्यता प्रदान करता है और साथ ही देश भर के चिड़ियाघरों को विनियमित करने का कार्य भी करता है।

73.

उत्तर: A

व्याख्या:

**पेमेंट्स बैंक:**

- ये बैंक कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत पंजीकृत एक सार्वजनिक लिमिटेड कंपनी के रूप में संचालन करते हैं और बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 22 के तहत इन्हें लाइसेंस प्रदान किया जाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- मांग जमा शेष का 75% सांविधिक चलनिधि अनुपात (SLR) के रूप में सुरक्षित सरकारी प्रतिभूतियों में निवेश किया जाना चाहिये। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

74.

उत्तर: A

व्याख्या:

**अल-नीनो:**

- अल-नीनो, अल-नीनो दक्षिणी दोलन (ENSO) परिघटना के एक चरण को संदर्भित करता है। इस दौरान भारत सहित विश्व के अन्य क्षेत्रों में अमूमन सामान्य परिस्थितियों की तुलना में अधिक ताप और अल्प वर्षा की स्थिति उत्पन्न होती है। **अत: कथन 1 सही है।**

नोट :

- अल-नीनो नियमित चक्र परिघटना नहीं है, इनका पूर्वानुमान नहीं किया जा सकता और ये दो से सात वर्ष के अंतराल पर अनियमित रूप से घटित होती हैं। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**75.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**इंडिया स्टैक:**

- यह एप्लिकेशन प्रोग्रामिंग इंटरफेस (API) का एक सेट है जो सरकारों, व्यवसायों, स्टार्टअप्स और डेवलपर्स को एक अद्वितीय डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर का उपयोग करने की अनुमति देता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इंडिया स्टैक सरकार द्वारा संचालित प्रयास है जिसका उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों में विविध डिजिटल सेवाओं की सुविधा प्रदान करने वाला एक सुदृढ़ डिजिटल ढाँचा स्थापित करना है। इसमें शामिल घटकों का स्वामित्व और प्रबंधन अलग-अलग एजेंसियों के पास होता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- इंडिया स्टैक में विशिष्ट बायोमेट्रिक पहचान के लिये आधार, तत्काल डिजिटल भुगतान के लिये यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (UPI) और वैयक्तिक दस्तावेज़ों के सुरक्षित भंडारण के लिये एक डिजिटल लॉकर शामिल है। **अतः कथन 3 सही है।**

**76.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**भाषिणी प्लेटफॉर्म:**

- इसका उद्देश्य ध्वनि-आधारित विकल्पों सहित भारतीय भाषाओं में सुविधाजनक इंटरनेट और डिजिटल सेवा पहुँच की सुविधा प्रदान करना तथा उन भाषाओं में सामग्री निर्माण को प्रोत्साहन प्रदान करना है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इसका उद्देश्य सार्वजनिक डोमेन में भारतीय MSME, स्टार्टअप्स और व्यक्तिगत इनोवेटर्स के उपयोग के लिये कृत्रिम बुद्धिमत्ता तथा प्राकृतिक भाषा प्रसंस्करण (NLP) आधारित संसाधन प्रदान करना है। **अतः कथन 2 सही है।**
- यह राष्ट्रीय भाषा अनुवाद मिशन का एक अंग है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**77.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**ग्रीन क्लाइमेट फंड (GCF):**

- ग्रीन क्लाइमेट फंड (GCF) पेरिस समझौते का एक महत्त्वपूर्ण भाग है और विकासशील देशों को उनके राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान (NDC) में उल्लिखित GHG उत्सर्जन को कम करने तथा जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को अनुकूलित करने में मदद करने के लिये समर्पित विश्व का सबसे बड़ा कोष है। **अतः कथन-I सही है।**
- GCF के अंतर्गत सर्वाधिक संवेदनशील देशों की आवश्यकताओं पर विशेष ध्यान दिया जाता है जिससे विकासशील देशों को प्रोग्रामिंग और कार्यान्वयन का नेतृत्व करने में सहायता मिलती है, वित्तपोषण निर्णयों में उनका स्वामित्व सुनिश्चित होता है तथा सभी विकासशील देश तत्परता कार्यक्रम के अंतर्गत क्षमता निर्माण के माध्यम से NDC महत्त्वाकांक्षाओं को जलवायु कार्रवाई में परिवर्तित करने में सक्षम होते हैं। **अतः कथन-II सही है।**

  **अतः विकल्प B सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं लेकिन कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।**

**78.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**राष्ट्रीय आयुष मिशन:**

- इसका उद्देश्य आयुष्मान भारत योजना के तहत आयुष स्वास्थ्य और कल्याण केंद्रों (AHWC) के माध्यम से संपूर्ण देश में आयुष/AYUSH स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार करना है। **अतः कथन 1 सही है।**
- मिशन के अनिवार्य घटकों में आयुष सेवाएँ, शैक्षणिक संस्थान, ASU और H औषधियों का गुणवत्ता नियंत्रण तथा औषधीय संयंत्र शामिल हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने हाल ही में केंद्र प्रायोजित योजना के तहत विभिन्न आयुष स्वास्थ्य और कल्याण केंद्रों के संचालन को मंज़ूरी दी। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**79.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**राष्ट्रमंडल देश:**

- राष्ट्रमंडल 56 देशों का एक समूह है जिसमें मुख्य रूप से पूर्व के ब्रिटिश उपनिवेश देश शामिल हैं। **अतः कथन 1 सही है।**

नोट :

- इसकी स्थापना वर्ष 1949 में लंदन घोषणा-पत्र द्वारा की गई थी। **अतः कथन 2 सही है।**
- राष्ट्रमंडल में मुख्यतः अफ्रीका, अमेरिका, एशिया और प्रशांत क्षेत्र की उभरती हुई अर्थव्यवस्थाएँ शामिल हैं, इसके यूरोपीय सदस्यों में साइप्रस, माल्टा और यूनाइटेड किंगडम शामिल हैं तथा ऑस्ट्रेलिया, कनाडा एवं न्यूज़ीलैंड इसमें शामिल विकसित राष्ट्र हैं। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**80.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**हिम तेंदुआ:**

- हिम तेंदुए उच्च तुंगता पर पाए जाने वाले शीर्ष शिकारी के रूप में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं जो उनके उच्च तुंगता वाले आवास की स्थिति और पर्वतीय वातावरण पर जलवायु परिवर्तन के प्रभावों का संकेत देते हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- किर्गिज़स्तान ने आधिकारिक तौर पर हिम तेंदुए (पैंथेरा अनसिया) को अपना राष्ट्रीय प्रतीक घोषित किया है, जो संरक्षण और पारिस्थितिक संतुलन के प्रति देश की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**81.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (NBFC):**

- कंपनी अधिनियम, 1956 के तहत पंजीकृत NBFC, कृषि और रियल एस्टेट गतिविधियों को छोड़कर, ऋण देने तथा प्रतिभूतियों में निवेश जैसी वित्तीय गतिविधियों में शामिल हो सकती है। **अतः कथन 1 सही है।**
- आमतौर पर ये संस्थान लोगों की मांग जमा स्वीकार नहीं कर सकते हैं। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- NBFC के उदाहरणों में निवेश बैंक, बंधक ऋणदाता, मुद्रा बाज़ार फंड, बीमा कंपनियाँ, बुनियादी ढाँचा वित्त कंपनियाँ, हेज फंड, निजी इक्विटी फंड और P2P ऋणदाता शामिल हैं।

**82.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना:**

- यह महिला एवं बाल विकास मंत्रालय (MW&CD), स्वास्थ्य तथा परिवार कल्याण मंत्रालय (MH&FW) और शिक्षा मंत्रालय की सयुंक्त पहल है। **अतः कथन 1 सही है।**
- केंद्र सरकार ने गैर-पारंपरिक आजीविका में शामिल लड़कियों के कौशल विकास हेतु 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' (BBBP) योजना का विस्तार किया है। **अतः कथन 2 सही है।**
- गैर-पारंपरिक आजीविका में शामिल लड़कियों के कौशल विकास पर राष्ट्रीय सम्मेलन में महिला एवं बाल विकास मंत्रालय (MW&CD)) ने लड़कियों को सशक्त बनाने के लिये गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने हेतु विभिन्न विभागों के बीच अभिसरण के महत्त्व पर बल दिया है।

**83.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**नियंत्रण रेखा (Line of Control):**

- नियंत्रण रेखा (LoC) की उत्पत्ति वर्ष 1948 में कश्मीर युद्ध के बाद संयुक्त राष्ट्र (UN) द्वारा निर्धारित युद्धविराम रेखा से हुई थी। **अतः कथन 1 सही है।**
- भारत और पाकिस्तान के बीच शिमला समझौते के बाद वर्ष 1972 में इसे LoC के रूप में नामित किया गया था। **अतः कथन 2 सही है।**
- LoC को दुनिया के सबसे ऊँचे युद्धक्षेत्र - सियाचिन ग्लेशियर (प्वाइंट NJ9842) तक सीमांकित किया गया है। **अतः कथन 3 सही है।**

**84.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**वाटरशेड:**

- वाटरशेड (जिसे जल निकासी बेसिन/जलग्रहण क्षेत्र भी कहा जाता है) भूमि का एक क्षेत्र है, जो एक विशिष्ट जलाशय में जल को प्रवाहित करता है या "विभजित" करता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह सतही जल अपवाह के लिये एक स्वतंत्र जल निकासी इकाई है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- एक जल विभाजक दूसरे जल विभाजक से एक प्राकृतिक सीमा द्वारा अलग होता है, जिसे जल विभाजक या कटक रेखा कहते हैं। **अतः कथन 3 सही है।**

**85.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**लिंगायत:**

- लिंगायत शब्द का आशय एक ऐसे व्यक्ति से है जो दीक्षा समारोह के दौरान प्राप्त लिंग को शरीर पर व्यक्तिगत रूप से धारण करता

है जिसे भगवान शिव के एक प्रतिष्ठित रूप मानते हुए धारण किया जाता है।

- लिंगायत 12वीं सदी के समाज सुधारक-दार्शनिक कवि बसवेश्वर के अनुयायी हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- लिंगायत कट्टर एकेश्वरवादी होते हैं। वे केवल एक भगवान, अर्थात् लिंग (शिव) की उपासना करते हैं। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**86.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**जनरेशन इक्वेलिटी फोरम:**

- वर्ष 2021 का जनरेशन इक्वेलिटी फोरम संयुक्त राष्ट्र महिला (UN Women) द्वारा विभिन्न देशों की सरकारों, निगमों और संपूर्ण विश्व के समर्थकों के सहयोग से आयोजित की गई जिसका उद्देश्य लैंगिक समानता के लिये महत्त्वपूर्ण निवेश तथा नीतियों की घोषणा करना एवं उनके प्रति प्रतिबद्धता दर्शाना था। **अतः कथन-I सही है।**
- इस फोरम का महत्त्वाकांक्षी एक्शन एजेंडा बहु-हितधारक एक्शन गठबंधन द्वारा संचालित किया जाएगा, जिन्होंने मिलकर लैंगिक समानता को आगे बढ़ाने के लिये एक वैश्विक त्वरण योजना विकसित की है। **अतः कथन-II सही है।**

**अतः विकल्प B सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं लेकिन कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।**

**87.**

**उत्तर: B**

**मानव तस्करी:**

- भारतीय संविधान का अनुच्छेद 23 मानव तस्करी एवं बेगार को प्रतिबंधित करता है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
  - अनुच्छेद 27 के अनुसार, किसी भी व्यक्ति को किसी भी कर का भुगतान करने के लिये मजबूर नहीं किया जाएगा, जिसकी आय विशिष्ट रूप से किसी विशेष धर्म या धार्मिक संप्रदाय के प्रचार अथवा रखरखाव के लिये खर्चों के भुगतान में विनियोजित की जाती है।
- अनैतिक तस्करी (रोकथाम) अधिनियम, 1956 ((ITPA) प्राथमिक कानून के रूप में कार्य करता है जिसका उद्देश्य विशेष रूप से व्यावसायिक यौन शोषण के लिये तस्करी को रोकना है। **अतः कथन 2 सही है।**
- इंटरपोल के ऑपरेशन स्टॉर्म मेकर्स II द्वारा मानव तस्करी से जुड़ी धोखाधड़ी गतिविधियों के बढ़ते नेटवर्क को उजागर किया है। **अतः कथन 3 सही है।**

**88.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**महिलाओं की स्थिति पर संयुक्त राष्ट्र का आयोग:**

- महिलाओं की स्थिति पर संयुक्त राष्ट्र का आयोग प्रमुख वैश्विक अंतर-सरकारी निकाय है जो विशेष रूप से लैंगिक समानता को बढ़ावा देने तथा महिलाओं के सशक्तीकरण हेतु समर्पित है।**अतः कथन 1 सही है।**
- भारत को वर्ष 2021-2025 कार्यकाल के लिये आर्थिक और सामाजिक परिषद (ECOSOC) के तहत महिलाओं की स्थिति पर आयोग (CSW) के सदस्य के रूप में चुना गया है। **अतः कथन 2 सही है।**

**89.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**INS जटायु:**

- INS जटायु वर्ष 2012 में कावारत्ती में INS द्वीपरक्षक की तैनाती के बाद लक्षद्वीप में स्थापित दूसरा नौसैनिक अड्डा है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- लक्षद्वीप में मिनिकॉय द्वीप पर INS जटायु की तैनाती से अरब सागर में महत्त्वपूर्ण समुद्री संचार लाइनों (SLOC) की अवलोकन प्रदान कर नौसेना के अनुवीक्षण और संचालन में वृद्धि होती है जो समुद्री यातायात की निगरानी के लिये एक रणनीतिक सुविधाजनक स्थान प्रदान करता है। **अतः कथन 2 सही है।**

**90.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**संसदीय विशेषाधिकार:**

- संसदीय विशेषाधिकार संसद के सदस्यों और उनकी समितियों को प्राप्त विशेष अधिकार, उन्मुक्तियाँ एवं छूट हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- भारतीय संविधान का अनुच्छेद 105 संसद सदस्यों के लिये विशेषाधिकारों को परिभाषित करता है जबकि अनुच्छेद 194 राज्यों की विधानसभाओं के सदस्यों के लिये इसकी गारंटी सुनिश्चित करता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**91.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- सात न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने वर्ष 1998 के पी.वी. नरसिम्हा राव बनाम राज्य मामले में निर्णय को पलट दिया, जो

नोट :

यह स्थापित करता है कि यदि सांसद और विधायक अपने वोट के लिये रिश्वत स्वीकार करते हैं तो उन्हें छूट नहीं है। **अतः कथन-I सही है।**

- रिश्वत स्वीकार करना एक अलग आपराधिक कृत्य है, जो संसद अथवा विधानसभा के भीतर कानून निर्माताओं के मुख्य कर्त्तव्यों से संबंधित नही हैं। **अतः कथन-II सही है।**

**इसलिये, विकल्प A सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन I के लिये सही व्याख्या है।**

**92.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति (NHP), 2017:**

- इसका उद्देश्य सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज प्राप्त करना और साथ ही सभी को सस्ती कीमत पर गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करना है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह वर्ष 1983, वर्ष 2002 की पिछली नीति के बाद नई राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति, 2017 है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- इसका उद्देश्य जीवन प्रत्याशा को 67.5 वर्ष से बढ़ाकर 70 वर्ष करना है। **अतः कथन 3 सही है।**

**93.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**व्यापार समझौता:**

- बहुपक्षीय मुक्त व्यापार समझौतों में कई देश शामिल होते हैं तथा इसका उद्देश्य टैरिफ, आयात कोटा और अन्य व्यापार प्रतिबंधों को कम या समाप्त करके व्यापार को उदार बनाना है। **अतः कथन 1 सही है।**
- क्षेत्रीय मुक्त व्यापार समझौते, बहुपक्षीय FTA के समान, आमतौर पर एक विशिष्ट भौगोलिक क्षेत्र के देशों को शामिल करते हैं, जिसका लक्ष्य उस क्षेत्र के भीतर व्यापार और आर्थिक सहयोग को बढ़ावा देना है। **अतः कथन 2 सही है।**
- अधिमान्य व्यापार समझौते (PTA) टैरिफ को कम करके नहीं, बल्कि समाप्त करके विशिष्ट उत्पादों तक अधिमान्य पहुँच प्रदान करते हैं। **अतः कथन 3 सही है।**

**94.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (EFTA):**

- इसकी स्थापना वर्ष 1960 में (स्टॉकहोम कन्वेंशन द्वारा 1960 में) इसके तत्कालीन सात सदस्य राज्यों द्वारा अपने सदस्यों के बीच मुक्त व्यापार और आर्थिक एकीकरण को बढ़ावा देने के लिये की गई थी। **अतः कथन 1 सही है।**
- संगठन यूरोपीय यूनियन (EU) के साथ संचालित होता है, इसके चार सदस्य देश यूरोपीय एकल बाज़ार और शेंगेन क्षेत्र में भाग लेते हैं, लेकिन यूरोपीय यूनियन सीमा शुल्क संघ में नहीं। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**95.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**भारतीय स्टेट बैंक:**

- 1921 में मद्रास, बॉम्बे और बंगाल के तीन प्रेसीडेंसी बैंकों के विलय से इंपीरियल बैंक ऑफ इंडिया का गठन किया गया था। **अतः कथन 1 सही है।**
- 1935 से पहले, इंपीरियल बैंक ऑफ इंडिया ने अपनी वाणिज्यिक बैंकिंग भूमिकाओं के साथ-साथ केंद्रीय बैंकिंग के कर्त्तव्यों को भी निभाया, जिसमें सरकार के बैंकर, बैंकर के बैंक और क्लियरिंगहाउस के रूप में कार्य करना शामिल था। **अतः कथन 2 सही है।**
- सरकार ने 1954 में इंपीरियल बैंक का राष्ट्रीयकरण किया, जिससे भारतीय स्टेट बैंक का गठन हुआ। **अतः कथन 3 सही है।**

**96.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- पेनिसिलिन G एक एक्टिव फार्मास्युटिकल इन्ग्रीडेंट (Active Pharmaceutical Ingredient - API) है जिसका उपयोग कई सामान्य एंटीबायोटिक दवाओं के निर्माण में किया जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- API, जिसे बल्क ड्रग्स भी कहा जाता है, दवाओं के निर्माण में महत्त्वपूर्ण तत्त्व हैं।**अतः कथन 2 सही है।**
- चीन का हुबेई प्रांत API निर्माण उद्योग का केंद्र है।**अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**97.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**मल्टीपल इंडिपेंडेंटली टारगेटेबल री-एंट्री व्हीकल (MIRV):**

- मल्टीपल इंडिपेंडेंटली टारगेटेबल री-एंट्री व्हीकल (MIRV) एक ही मिसाइल को कई वॉरहेड (3 से 4 तक) ले जाने की

नोट :

अनुमति देता है, जिनमें से प्रत्येक स्वतंत्र रूप से विभिन्न स्थानों को निशाना बनाने में सक्षम है। **अतः कथन 1 सही है।**

- MIRV को भूमि-आधारित प्लेटफॉर्मों तथा समुद्र-आधारित प्लेटफार्मों (जैसे कि पनडुब्बियों) दोनों से लॉन्च किया जा सकता है, जिससे उनके परिचालन में लचीलेपन के साथ-साथ सीमा का विस्तार भी होता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**98.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- अग्नि-5 परीक्षण उड़ान भारत में मल्टीपल इंडिपेंडेंटली टारगेटेबल री-एंट्री व्हीकल (MIRV) तकनीक का प्रदर्शन करने वाली पहली उड़ान थी, जो एक ही लॉन्च में विभिन्न स्थानों पर कई वॉरहेड की तैनाती को सक्षम बनाती है। **अतः कथन 1 सही है।**
- रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (DRDO) द्वारा स्वदेशी रूप से निर्मित अंतर-महाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल (ICBM) अग्नि को सफलतापूर्वक विकसित किया है, जो तीन चरणों वाले ठोस-ईंधन इंजन का उपयोग करके 5,000 किलोमीटर से अधिक की दूरी के परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम है तथा साथ ही इसका सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया है। जिसमें वर्ष 2012 से दिसंबर, 2022 तक इसकी रात्रिकालीन क्षमताओं का आकलन करने हेतु किये गए परीक्षण भी शामिल हैं। अतः कथन 2 सही है.
- संयुक्त राज्य अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम, फ्रॉंस, रूस, चीन तथा भारत जैसी प्रमुख परमाणु शक्तियों के पास MIRV तकनीक है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**99.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**बाल्टिक सागर:**

- यह उत्तरी यूरोप में स्थित उत्तरी अटलांटिक महासागर का एक भाग है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह दक्षिणी डेनमार्क के अक्षांश से उत्तर की ओर लगभग आर्कटिक वृत्त तक विस्तृत है और शेष महाद्वीपीय यूरोप से स्कैंडिनेवियाई प्रायद्वीप को अलग करता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- यह विश्व का सबसे बड़ा खारे पानी का भंडार है, जिसमें आस-पास की भूमि से ताज़े पानी के प्रवाह और इसकी उथली गहराई के कारण विश्व के महासागरों की तुलना में कम लवणता का स्तर है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**



100.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**परमाणु हथियार:**

- सामरिक परमाणु हथियार व्यापक उद्देश्यों के लिये डिज़ाइन किये गए हैं, जैसे महत्त्वपूर्ण युद्ध-क्षमता वाले शहरों या बड़े रणनीतिक क्षेत्रों को लक्षित करना। **अतः कथन 1 सही है।**
- सामरिक परमाणु हथियार (TNW) का उपयोग लक्षित युद्धक्षेत्र लाभ के लिये किया जाता है, जिसका लक्ष्य न्यूनतम रेडियोधर्मी गिरावट और व्यापक क्षति के साथ स्थानीय क्षेत्र में दुश्मन के लक्ष्यों को नष्ट करना है। **अतः कथन 2 सही है।**
- फेडरेशन ऑफ अमेरिकन साइंटिस्ट्स ने सामरिक परमाणु हथियार रखने वाले नौ देशों की पहचान की है: रूस, संयुक्त राज्य अमेरिका, चीन, फ्राँस, यूनाइटेड किंगडम, पाकिस्तान, भारत, इज़राइल और उत्तर कोरिया। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

101.

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**जैवविविधता हॉटस्पॉट:**

- एक जैवविविधता हॉटस्पॉट में ग्रह पर मौजूद अन्य संबद्ध क्षेत्रों की तुलना में पादपों का घनत्व अधिक होता जिसमें संवहनी पादपों की कम-से-कम 1,500 प्रजातियाँ पाई जाती हैं जो विश्व के अन्य क्षेत्रों में पाई जाने वाली कुल प्रजातियों के 0.5% से अधिक का प्रतिनिधित्व करती हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- इसके मूल क्षेत्र में 70% का ह्रास हुआ है जो दर्शाता है कि वर्तमान में यह खतरे की स्थिति में है। इसकी मूल प्राकृतिक वनस्पति 30% अथवा उससे कम है। **अतः कथन 2 सही है।**

102.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- पुष्पागिरी वन्यजीव अभयारण्य (PWS) कर्नाटक के कोडागु ज़िले में 102.59 वर्ग किलोमीटर में विस्तरित अभयारण्य है। इसमें हाथी, बाघ, स्लेंडर लोरिस, नीलगिरी मार्टेंस और बोनट मकाक जैसे विविध स्तनपायी जंतुओं के साथ-साथ ग्रेट पाइड हॉर्नबिल, मालाबार ट्रोगोन तथा नीलगिरि ब्लैकबर्ड जैसी दुर्लभ एवं लुप्तप्राय पक्षी प्रजातियाँ पाई जाती हैं। **अतः विकल्प A सही है।**

103.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**गिफेन वस्तुएँ :**

- गिफेन वस्तु एक कम आय वाला, गैर-लक्जरी उत्पाद है जिसकी कीमत बढ़ने के साथ-साथ मांग भी बढ़ती है। **अतः कथन 1 सही है।**
- गिफेन वस्तु में ऊपर की ओर झुका हुआ मांग वक्र होता है जो मांग के मूलभूत नियमों के विपरीत होता है जो नीचे की ओर झुके हुए मांग वक्र पर आधारित होते हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- गिफेन वस्तुओं की मांग निकट स्थानापन्नों के अभाव और आय के दबाव से काफी प्रभावित होती है। **अतः कथन 3 सही है।**

104.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**बीटी कपास:**

- बीटी कपास को ट्रांसजेनिक पौधे बनाने के लिये मिट्टी के जीवाणु बैसिलस थुरिंगिएन्सिस से जीन के सम्मिलन के माध्यम से आनुवंशिक रूप से संशोधित किया जाता है। अतः कथन I सही है।
- ये प्रोटीन प्रमुख कपास कैटरपिलर कीटों जैसे तंबाकू बडवर्म और बॉलवर्म लार्वा को प्रभावी ढंग से मारते हैं। अतः कथन II सही है।

**इसलिये, विकल्प A सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन I के लिये सही व्याख्या है।**

105.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**आईटी (मध्यवर्ती दिशा-निर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता) नियम, 2021:**

- इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने फरवरी 2021 में नियमों को अधिसूचित किया, जिसमें सोशल मीडिया, शिकायत निवारण तंत्र तथा डिजिटल मीडिया हेतु आचार संहिता सहित बिचौलियों के लिये समुचित परिश्रम की रूपरेखा तैयार की गई।
- वर्ष 2021 के नियम सोशल मीडिया मध्यस्थों को उन मध्यस्थों के रूप में परिभाषित करते हैं जो मुख्य रूप से या पूरी तरह से दो या दो से अधिक उपयोगकर्त्ताओं के बीच ऑनलाइन बातचीत को सक्षम बनाते हैं। **अतः कथन 1 सही है।**

नोट :

- फैक्ट चेक यूनिट के पास यह तय करने की असीमित शक्तियाँ हैं कि कौन-सी जानकारी झूठी है और साथ ही यह सोशल मीडिया मध्यस्थों को इन निष्कर्षों के आधार पर कार्य करने के लिये बाध्य भी करती है। **अतः कथन 2 सही है।**

106.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**शहर:**

- दिसंबर 2023 की योजना के अनुसार, भूटान के प्रधानमंत्री भारत की सीमा के पास गेलेफू में अद्वितीय भूटानी वास्तुकला और निवेशक-अनुकूल नीतियों के साथ 1,000 वर्ग किलोमीटर के विशेष प्रशासनिक क्षेत्र "गेलेफू माइंडफुलनेस सिटी" (GMC) को विकसित करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। अतः युग्म 1 सही सुमेलित है।
- नुसंतारा को देश की राष्ट्रीय भू-राजनीतिक दृष्टि के प्रतीक के रूप में इंडोनेशिया की नई राजधानी के आधिकारिक नाम के रूप में चुना गया था, जिसे वावासन नुसंतारा के नाम से जाना जाता है। **अतः युग्म 2 सही सुमेलित है।**
- नियोम, वर्ष 2017 में सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस बिन सलमान द्वारा शुरू किया गया एक नया शहरी क्षेत्र, लाल सागर के उत्तरी सिरे पर ताबुक में स्थित है। अतः युग्म 3 सही सुमेलित है।

107.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**संचालन:**

- ऑपरेशन ऑल क्लियर असम अलगाववादी विद्रोही समूहों के खिलाफ रॉयल भूटान सैन्य बलों द्वारा चलाया गया एक सैन्य अभियान था। **अतः युग्म 1 सही सुमेलित नहीं है।**
- ऑपरेशन 1027 अक्तूबर 2023 में सैन्य जुंटा के खिलाफ म्याँमार राष्ट्रीय एकता सरकार (NUG) और जातीय सशस्त्र संगठनों (EAO) द्वारा शुरू किया गया एक प्रभावी अभियान था। **अतः युग्म 2 सही सुमेलित है।**
- ऑपरेशन कावेरी 2023 सूडान संघर्ष के दौरान सूडान से भारतीय नागरिकों और विदेशी नागरिकों को निकालने के लिये भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा चलाया गया एक ऑपरेशन था। अतः युग्म 3 सही सुमेलित नहीं है।

108.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**अंतर्राष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारा (International North-South Transport Corridor- INSTC):**

- यह एक बहु-मॉडल परिवहन मार्ग है जो हिंद महासागर और फारस की खाड़ी को ईरान के माध्यम से कैस्पियन सागर से जोड़ता है, जिसका विस्तार सेंट पीटर्सबर्ग, रूस के माध्यम से उत्तरी यूरोप तक है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- इस गलियारे में सड़क और रेल मार्गों के साथ-साथ फारस की खाड़ी एवं कैस्पियन क्षेत्र में बंदरगाह शामिल हैं। **अतः कथन 2 सही है।**

109.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**नमामि गंगे कार्यक्रम:**

- वर्ष 2014 में केंद्र सरकार द्वारा 20,000 करोड़ रुपए के बजट परिव्यय के साथ 'फ्लैगशिप प्रोग्राम' के रूप में स्वीकृत, यह एक एकीकृत संरक्षण मिशन है। **अतः कथन 1 सही है।**
- जल शक्ति मंत्रालय का जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग दो लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिये इसका संचालन करता है: प्रदूषण को प्रभावी ढंग से कम करना तथा राष्ट्रीय नदी गंगा का संरक्षण एवं कायाकल्प करना। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- परियोजना कार्यान्वयन के लिये एक त्रिस्तरीय निगरानी तंत्र प्रस्तावित किया गया है, जिसमें राष्ट्रीय स्तर पर कैबिनेट सचिव की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय टास्क फोर्स, मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक राज्य स्तरीय समिति और ज़िला मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में एक ज़िला स्तरीय समिति शामिल है। **अतः कथन 3 सही है।**

110.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**केंद्रीय जल आयोग:**

- यह जल संसाधनों के क्षेत्र में भारत का अग्रणी तकनीकी संगठन है, जो वर्तमान में भारत सरकार के अधीन जल शक्ति मंत्रालय के एक संलग्न कार्यालय के रूप में कार्य कर रहा है।**अतः कथन 1 सही है।**

नोट :

- इसका अध्यक्ष भारत सरकार के पदेन सचिव का दर्जा प्राप्त एक अध्यक्ष होता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- आयोग बाढ़ नियंत्रण, सिंचाई, नेविगेशन, पेयजल आपूर्ति और जल विद्युत विकास पर ध्यान केंद्रित करते हुए देश भर में जल संसाधनों के प्रबंधन, संरक्षण तथा उपयोग के लिये संबंधित राज्य सरकारों के परामर्श से योजनाएँ शुरू करने, समन्वय करने एवं आगे बढ़ाने के लिये ज़िम्मेदार है।

**111.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**मानव विकास सूचकांक (HDI):**

- यह एक सारांश समग्र माप है जिसमें किसी देश की स्वास्थ्य, शिक्षा और जीवन स्तर में औसत उपलब्धियों को शामिल किया जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- मानव विकास रिपोर्ट वर्ष 1990 से संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP) द्वारा प्रतिवर्ष प्रकाशित की जाती रही है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- जीवन प्रत्याशा, शिक्षा और प्रति व्यक्ति सकल राष्ट्रीय आय सहित HDI के सभी संकेतकों में प्रगति के साथ वर्ष 2022 में भारत की रैंक 135 से बढ़कर 134 हो गई। **अतः कथन 3 सही है।**

**112.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**समग्र जल प्रबंधन सूचकांक:**

- नीति आयोग द्वारा समग्र जल प्रबंधन सूचकांक (CWMI) लॉन्च किया गया जिसका उद्देश्य भारत में राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों (UT) के जल क्षेत्र की स्थिति तथा जल प्रबंधन प्रदर्शन का वार्षिक स्नैपशॉट(आशुचित्र) प्रदान करना था।
- **अतः विकल्प A सही है।**

**113.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**बंदरगाह:**

- चटगाँव आधिकारिक तौर पर चट्टोग्राम बांग्लादेश का दूसरा सबसे बड़ा शहर है। चटगाँव बंदरगाह, बांग्लादेश का सबसे व्यस्त बंदरगाह है। अतः युग्म 1 सही सुमेलित है।
- मोंगला, खुलना शहर का एक बंदरगाह है, जो उत्तर में स्थित है। यह बांग्लादेश का दूसरा सबसे बड़ा और दूसरा व्यस्ततम बंदरगाह है। अतः युग्म 2 सही से सुमेलित नहीं है।
- क्याउकप्यू म्याँमार के सबसे पश्चिमी राज्य रखाइन में एक तटीय शहर है। यह एक प्रमुख बंदरगाह एवं विशेष आर्थिक क्षेत्र (SEZ) परियोजना का स्थल है, जिसे चीन द्वारा विकसित किया जा रहा है। अतः युग्म 3 सही सुमेलित है।

**114.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**अनुच्छेद 356:**

- यह भारत सरकार अधिनियम, 1935 पर आधारित है। **अतः कथन 1 सही है।**
- अनुच्छेद 356 के अनुसार संवैधानिक मशीनरी की विफलता के आधार पर भारत के किसी भी राज्य पर राष्ट्रपति शासन लगाया जा सकता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- राष्ट्रपति शासन को प्रति छह महीने में बढ़ाया जा सकता है, शुरुआत में छह महीने के लिये और बाद में संसदीय मंज़ूरी के बाद तीन वर्ष तक के लिये बढ़ाया जा सकता है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**115.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अधिनियम, 2024:**

- हाल ही में यूरोपीय संघ की संसद ने लगभग तीन वर्षों के विचार-विमर्श के बाद आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अधिनियम को मंज़ूरी दे दी। यूरोपीय संघ (EU) आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अधिनियम पहला प्रमुख नियामक अधिनियम है जिसका उद्देश्य सीधे तौर पर कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) के व्यावसायीकरण से उत्पन्न जोखिमों से निपटना है। **अतः विकल्प A सही है।**

**116.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (NATO):**

- वर्ष 1949 में वाशिंगटन संधि पर हस्ताक्षर के माध्यम से स्थापित, नाटो (NATO) एक सुरक्षा गठबंधन है। **अतः कथन 1 सही है।**
- स्वीडन आधिकारिक तौर पर NATO का 32वाँ सदस्य बन गया, जिससे द्वितीय विश्व युद्ध के बाद उसकी दशकों पुरानी तटस्थता समाप्त हो गई। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

117.

उत्तर: B

व्याख्या:

**फिएट मनी:**

- फिएट मनी केवल सरकार द्वारा जारी मुद्रा है और किसी निजी संस्था द्वारा जारी नहीं की जाती है तथा यह सोने जैसी किसी वस्तु द्वारा समर्थित नहीं है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- फिएट मनी केंद्रीय बैंकों को अर्थव्यवस्था पर अधिक नियंत्रण देती है क्योंकि वे नियंत्रित कर सकते हैं कि कितना पैसा मुद्रित किया जाए। **अत: कथन 2 सही है।**
- अधिकांश आधुनिक कागज़ी मुद्राएँ, जैसे कि अमेरिकी डॉलर, फिएट मुद्राएँ हैं।
- फिएट मनी का एक खतरा यह है कि सरकारें इसे बहुत अधिक छाप सकती हैं, जिसके परिणामस्वरूप अत्यधिक मुद्रास्फीति हो सकती है।

118.

उत्तर: C

व्याख्या:

**इनिशियल पब्लिक ऑफर ( IPO ):**

- इसमें एक निजी स्वामित्व वाली या सरकारी स्वामित्व वाली कंपनी जनता या नए निवेशकों को शेयर बेचकर धन जुटाना शामिल है। **अत: कथन 1 सही है।**
- IPO के बाद कंपनी स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध हो गई है। **अत: कथन 2 सही है।**
- एक सूचीबद्ध कंपनी एक अनुवर्ती सार्वजनिक पेशकश (Follow-on Public Offering) या FPO के माध्यम से भविष्य में वृद्धि और विस्तार के लिये शेयर पूंजी जुटा सकती है। **अत: कथन 3 सही है।**

119.

उत्तर: D

व्याख्या:

**चुनावी ट्रस्ट योजना:**

- चुनावी ट्रस्ट योजना, 2013 को केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (CBDT) द्वारा अधिसूचित किया गया था।
- केवल कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 25 के तहत पंजीकृत कंपनियाँ ही चुनावी ट्रस्ट के रूप में आवेदन करने के लिये पात्र हैं जिन्हें प्रत्येक तीन वित्तीय वर्षों में नवीकरण की आवश्यकता होती है। **अत: कथन 1 सही है।**
- चुनावी ट्रस्टों को अपने वार्षिक योगदान का 95% लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के तहत पंजीकृत राजनीतिक दलों को वितरित किया जाना आवश्यक है। **अत: कथन 2 सही है।**

120.

उत्तर: B

व्याख्या:

**इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर डेमोक्रेसी एंड इलेक्टोरल असिस्टेंस:**

- यह एक अंतर-सरकारी संगठन है जिसकी स्थापना वर्ष 1995 में की गई थी। इसका लक्ष्य विश्व स्तर पर स्थायी लोकतंत्र को बढ़ावा देना है। **अत: कथन 1 सही है।**
- भारत इसका एक संस्थापक सदस्य है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- इसे संयुक्त राष्ट्र पर्यवेक्षक का दर्जा प्रदान किया गया है। **अत: कथन 3 सही है।**
- संस्थान का सचिवालय स्टॉकहोम, स्वीडन में स्थित है।

121.

उत्तर: C

व्याख्या:

**लाल बहादुर शास्त्री:**

- शास्त्रीजी ने सर्वेंट्स ऑफ पीपल सोसाइटी के अध्यक्ष के रूप में कार्य किया, जिसकी स्थापना लाला लाजपत राय ने की थी, जो हरिजनों के उत्थान हेतु कार्य करती थी। **अत: कथन 1 सही है।**
- वर्ष 1928 में वह एक सक्रिय सदस्य के रूप में भारतीय राष्ट्रीय कॉन्ग्रेस में शामिल हुए।
- वर्ष 1930 में उन्हें इलाहाबाद कॉन्ग्रेस कमेटी के अध्यक्ष का पद दिया गया। **अत: कथन 2 सही है।**
- उन्होंने लोगों को सरकारी भूमि लाभ एवं करों का भुगतान करने का विरोध करने हेतु प्रोत्साहित करने के लिये सविनय अवज्ञा आंदोलन में भी भाग लिया। **अत: कथन 3 सही है।**
- उन्होंने गांधीजी के नमक सत्याग्रह के समय भी घर-घर जाकर अभियान चलाने का निर्देश दिया।

122.

उत्तर: D

व्याख्या:

**राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण :**

- यह कंपनी अधिनियम, 2013 के अंतर्गत उत्पन्न होने वाले नागरिक कॉर्पोरेट विवादों को संबोधित करने हेतु स्थापित एक अर्द्ध-न्यायिक निकाय है। **अत: कथन 1 सही है।**

- इसकी स्थापना बालकृष्ण इराडी समिति की अनुशंसा पर की गई थी। **अतः कथन 2 सही है।**
- यह सिविल प्रक्रिया संहिता में निर्धारित नियमों द्वारा सीमित अथवा बाध्य नहीं है तथा प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों द्वारा निर्देशित है, इस अधिनियम के अन्य प्रावधानों एवं केंद्र सरकार द्वारा बनाए गए किसी भी नियम के अधीन है।
- यह अपने द्वारा दिये गए किसी भी आदेश को उसी प्रकार लागू कर सकता है जैसे कोई न्यायालय लागू करता है। **अतः कथन 3 सही है।**

**123.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**क्रय प्रबंधकों की सूची:**

- यह सर्वेक्षण-आधारित एक प्रणाली है जिसमें उत्तरदाताओं से पिछले महीने की तुलना में प्रमुख व्यावसायिक चर के संबंध में उनकी धारणा में बदलाव के बारे में पूछा जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इसकी गणना विनिर्माण एवं सेवा क्षेत्रों के लिये अलग-अलग की जाती है और फिर एक समग्र सूचकांक भी बनाया जाता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- PMI को विश्व भर की 40 से अधिक अर्थव्यवस्थाओं के लिये IHS मार्किट द्वारा संकलित किया जाता है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**
  - IHS मार्किट विश्व भर की अर्थव्यवस्थाओं को चलाने वाले प्रमुख उद्योगों और बाज़ारों के लिये सूचना, विश्लेषण एवं समाधान में वैश्विक अग्रणी प्रणाली है।
  - IHS मार्किट S&P ग्लोबल का हिस्सा है।

**124.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**अविश्वास प्रस्ताव:**

- लोकसभा का नियम 198 विश्वास या अविश्वास प्रस्ताव की प्रक्रिया निर्दिष्ट करता है, जिसका उल्लेख संविधान में नहीं है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- कोई भी लोकसभा सांसद, जो 50 सहयोगियों का समर्थन प्राप्त कर सकता है, किसी भी समय मंत्रिपरिषद के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव पेश कर सकता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- अविश्वास प्रस्ताव केवल लोकसभा में ही लाया जा सकता है। इसे राज्यसभा में पेश नहीं किया जा सकता। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**125.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**आदर्श आचार संहिता (MCC):**

- यह निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव से पूर्व राजनीतिक दलों और उनके उम्मीदवारों के विनियमन तथा स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने हेतु जारी दिशा-निर्देशों का एक समूह है। **अतः कथन 1 सही है।**
- राजनीतिक दलों की आलोचना केवल उनकी नीतियों, कार्यक्रमों, पिछले रिकॉर्ड और कार्य तक सीमित होनी चाहिये। **अतः कथन 2 सही है।**
- हालाँकि MCC के पास कोई वैधानिक समर्थन नहीं है, लेकिन चुनाव आयोग द्वारा इसके सख्त कार्यान्वयन के कारण पिछले दशक में इसे शक्ति मिली है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**126.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**भारतीय प्रतिस्पर्द्धा आयोग (CCI):**

- यह भारत सरकार का एक सांविधिक निकाय है और प्रतिस्पर्द्धा अधिनियम, 2002 के तहत स्थापित किया गया था। **अतः कथन 1 सही है।**
- CCI का उद्देश्य अर्थव्यवस्था में समान प्रतिस्पर्द्धा सुनिश्चित करना और बनाए रखना, उत्पादकों के लिये समान अवसर प्रदान करना तथा उपभोक्ताओं को लाभ पहुँचाना है। **अतः कथन 2 सही है।**
- आयोग में एक अध्यक्ष और छह सदस्य होते हैं जिन्हें केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त किया जाएगा। **अतः कथन 3 सही है।**

**127.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**इंडियन ओशन रिम एसोसिएशन:**

- इंडियन ओशन रिम के सभी संप्रभु देश जो चार्टर के सिद्धांतों और उद्देश्यों का अनुपालन करने के लिये सहमत हैं वे इंडियन ओशन रिम एसोसिएशन की सदस्यता प्राप्त कर सकते हैं। **अतः कथन-I सही है।**
- यह हिंद महासागर की सीमा से लगे देशों के बीच आर्थिक सहयोग और क्षेत्रीय एकीकरण को बढ़ावा देने के लिये स्थापित एक अंतर-सरकारी संगठन है। **अतः कथन-II सही है।**

नोट :

**अत: विकल्प A सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन I की सही व्याख्या है।**

128.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**कोलंबो सिक्योरिटी कॉन्क्लेव (CSC):**

- यह एक क्षेत्रीय सुरक्षा समूह है जिसमें भारत, श्रीलंका, मालदीव और मॉरीशस शामिल हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- इसमें शामिल देशों की गतिविधियों के समन्वय और NSA निर्णयों के कार्यान्वन के लिये वर्ष 2021 में कोलंबो में एक स्थायी सचिवालय स्थापित किया गया था। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

129.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**भारतीय संविधान की पाँचवीं अनुसूची:**

- यह उन अनुसूचित क्षेत्रों एवं अनुसूचित जनजातियों के प्रबंधन तथा प्रशासन से संबंधित है जहाँ जनजातीय समूहों की बहुलता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- पाँचवीं अनुसूची असम, मेघालय, त्रिपुरा एवं मिज़ोरम को छोड़कर, किसी भी राज्य में अनुसूचित क्षेत्रों तथा अनुसूचित जनजातियों के प्रशासन और नियंत्रण के लिये लागू होती है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

130.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**वहन क्षमता:**

- वहन क्षमता उस अधिकतम जनसंख्या को कह सकते हैं जो एक पारिस्थितिकी तंत्र के माध्यम से अपने संसाधनों या स्वास्थ्य को हानि पहुँचाए बिना स्थायी रूप से समर्थन कर सकती है। **अत: कथन-I सही है।**
- जब जनसंख्या वृद्धि के कारण पृथ्वी की वहन क्षमता अधिक हो जाती है, तो इससे अस्वीकार्य नकारात्मक प्रभाव पड़ते हैं। **अत: कथन-II सही है।**
- दीर्घकालिक स्थिरता सुनिश्चित करने के लिये मानवीय गतिविधियों तथा प्राकृतिक पारिस्थितिक तंत्र के संरक्षण के बीच संतुलन को समझने एवं प्रबंधित करने हेतु वहन क्षमता का आकलन महत्त्वपूर्ण है।

**इसलिये, विकल्प B सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।**

131.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**राष्ट्रीय प्रशिक्षुता संवर्द्धन योजना (NAPS):**

- NAPS भारत सरकार की एक पहल है जिसका उद्देश्य समग्र देश में प्रशिक्षुता को प्रोत्साहन देना और युवा कौशल विकास को बढ़ावा देना है। **अत: कथन 1 सही है।**
- सरकार नियोक्ताओं को प्रशिक्षुता प्रदान करने के लिये प्रोत्साहित करने और उनके वित्तीय भार को कम करने के लिये प्रति प्रशिक्षु प्रति माह 25% स्टाइपेंड, अधिकतम 1500 रुपए की सहायता प्रदान करती है। **अत: कथन 2 सही है।**

132.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (NPCI):**

- इसकी स्थापना भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) और भारतीय बैंक संघ (IBA) द्वारा संयुक्त रूप से की गई थी जिसका उद्देश्य भारत में एक सुदृढ़ भुगतान तथा निपटान बुनियादी ढाँचा तैयार करना था। **अत: कथन 1 सही है।**
- इसे कंपनी अधिनियम 1956 के तहत "नॉट फॉर प्रॉफिट" कंपनी के रूप में निगमित किया गया है। **अत: कथन 2 सही है।**
- नेशनल फाइनेंशियल स्विच (NFS) और इमीडिएट पेमेंट सिस्टम (IMPS) के अतिरिक्त यह आधार-सक्षम भुगतान प्रणाली (AEPS) तथा नेशनल ऑटोमेटेड क्लियरिंग हाउस (NACH) जैसी कई सेवाएँ भी संचालित करता है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

133.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**मर्चेंट डिस्काउंट रेट (MDR):**

- MDR एक शुल्क है जो एक व्यापारी को उसके जारीकर्त्ता बैंक द्वारा अपने ग्राहकों से क्रेडिट और डेबिट कार्ड के माध्यम से भुगतान स्वीकार करने के लिये लिया जाता है। **अत: कथन-I सही है।**
- MDR कार्ड जारी करने वाले बैंक, प्वाइंट ऑफ सेल टर्मिनल स्थापित करने वाले बैंक एवं नेटवर्क प्रदाताओं और उनकी सेवाओं के लिये पेमेंट गेटवे को मुआवज़ा देता है। **अत: कथन-II सही है।**

नोट :

**अत: विकल्प A सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन I के लिये सही स्पष्टीकरण है।**

134.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- बंगलुरु, जो पहले कल्याण नगर या झीलों का शहर था, में मानव प्रयास से बनाई गई झीलें थीं, जहाँ बारिश का पानी राजकलुवेस नामक चैनलों के माध्यम से बहता था।
- झीलों का निर्माण एक शृंखला में किया गया था, जिसमें ऊपर की ओर की झीलों से अतिप्रवाह नीचे की ओर झीलों में बहता था, झीलों के चारों ओर आर्द्रभूमि भूजल पुनर्भरण में मदद करती थी।
- झीलों के निकट कई छोटे जल निकाय थे, उदाहरण के लिये, कल्याणी (मंदिर के तालाब), बावियाँ (कुआँ/बावड़ी) और गोकट्टे (मवेशियों के स्नान हेतु तालाब)।

**अत: विकल्प A सही है।**

135. **BharatNet परियोजना के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह ऑप्टिकल फाइबर का उपयोग करने वाला विश्व स्तर पर सबसे बड़ा ग्रामीण ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी कार्यक्रम है जिसे भारत ब्रॉडबैंड नेटवर्क लिमिटेड (BBNL) द्वारा कार्यान्वित किया जाता है।
2. इसे यूनिवर्सल सर्विस ऑब्लिगेशन फंड (USOF) द्वारा वित्तपोषित किया जाता है।
3. इसे संचार मंत्रालय के तहत दूरसंचार विभाग द्वारा कार्यान्वित किया जा रहा है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

135.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**BharatNet परियोजना:**

- नेशनल ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क (NOFN) अक्तूबर 2011 में लॉन्च किया गया था और वर्ष 2015 में इसका नाम बदलकर भारत नेट परियोजना (Bharat Net Project) कर दिया गया।
- यह ऑप्टिकल फाइबर का उपयोग करने वाला विश्व स्तर पर सबसे बड़ा ग्रामीण ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी कार्यक्रम है जिसे भारत ब्रॉडबैंड नेटवर्क लिमिटेड (BBNL) द्वारा कार्यान्वित किया जाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- इसे यूनिवर्सल सर्विस ऑब्लिगेशन फंड (USOF) द्वारा वित्तपोषित किया जाता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- इसे संचार मंत्रालय के तहत दूरसंचार विभाग द्वारा कार्यान्वित किया जा रहा है। **अत: कथन 3 सही है।**

136.

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**PM-AASHA योजना:**

- प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान' (PM-AASHA) किसानों के लिये न्यूनतम समर्थन मूल्य (Minimum Support Price- MSP) सुनिश्चित करने की एक व्यापक योजना है। **अत: कथन 1 सही है।**
- PM-AASHA के तहत, राज्य/केंद्रशासित प्रदेश निर्दिष्ट खरीद सीज़न में पूरे राज्य के लिये एक विशिष्ट तिलहन फसल के मूल्य समर्थन योजना (PSS) या मूल्य कमी भुगतान योजना (PDPS) का चयन कर सकते हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
- एक वस्तु के संबंध में एक राज्य में केवल एक योजना यानी PSS या PDPS चालू की जा सकती है। **अत: कथन 3 सही है।**

137.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**वन अधिकार अधिनियम, 2006:**

- इसे वन में रहने वाली अनुसूचित जनजातियों और अन्य पारंपरिक वन निवासियों को वन अधिकारों तथा वन भूमि पर कब्ज़े को मान्यता देने के लिये लागू किया गया था। **अत: कथन 1 सही है।**
- वन अधिकारों का दावा उन व्यक्तियों या समुदायों द्वारा किया जा सकता है जो 13 दिसंबर, 2005 से पहले कम-से-कम तीन पीढ़ियों (75 वर्ष) से अपनी आजीविका के लिये वन भूमि में निवास कर रहे हैं। **अत: कथन 2 सही है।**

138.

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**उमंग एप:**

- उमंग मोबाइल एप (यूनिफाइड मोबाइल एप्लीकेशन फॉर न्यू-

एज गवर्नेंस) भारत सरकार का एकल, एकीकृत, सुरक्षित, मल्टी-चैनल, मल्टी-प्लेटफॉर्म, बहुभाषी, मल्टी-सर्विस मोबाइल एप है। **अतः कथन 1 सही है।**
- उमंग एप को राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस डिवीज़न (NeGD), इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा विकसित किया गया था। **अतः कथन 2 सही है।**

**139.**

**उत्तरः B**

**व्याख्याः**

**प्रधानमंत्री कौशल विकास योजनाः**
- इसे कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय (MSDE) के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (NSDC) द्वारा कार्यान्वित किया जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- PMKVY 3.0 के तहत मांग-आपूर्ति के अंतराल को पाटने के लिये नए युग और उद्योग 4.0 में नौकरी की भूमिका के क्षेत्रों में कौशल विकसित करने पर ज़ोर दिया गया है जिससे इसे अधिक प्रशिक्षु एवं शिक्षार्थी-केंद्रित बनाया जा सके। **अतः कथन 2 सही है।**
- PMKVY 3.0 को राज्यों / केंद्रशासित प्रदेशों तथा ज़िलों से समर्थन और उन्हें दी गई अधिक ज़िम्मेदारियों के साथ ज़्यादा विकेन्द्रीकृत संरचना में लागू किया जाएगा। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**140.**

**उत्तरः C**

**व्याख्याः**

**नेशनल इंटेलिजेंस ग्रिड (NATGRID):**
- यह भारत सरकार की मुख्य सुरक्षा अभिकरणों के डेटाबेस को जोड़ने वाले एक एकीकृत इंटेलिजेंस ग्रिड के रूप में कार्य करता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- घटनाओं की स्पष्ट समझ और संदिग्धों पर नज़र रखने के लिये बड़ी मात्रा में उत्पन्न डेटा का विश्लेषण करने के लिये बिग डेटा एनालिटिक्स का उपयोग किया जाता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- एंड-टू-एंड एन्क्रिप्शन के कारण उचित प्राधिकरण और प्रमाणीकरण पूरा होने पर ही डेटा तक पहुँच प्राप्त की जा सकती है। **अतः कथन 3 सही है।**

**141.**

**उत्तरः B**

**व्याख्याः**

**वेचूर संरक्षण परियोजनाः**
- वेचूर संरक्षण परियोजना का उद्देश्य वेचूर मवेशियों (गाय की एक प्रजाति) की नस्लों का संरक्षण और सुधार करना है। **अतः विकल्प B सही है।**

**142.**

**उत्तरः B**

**व्याख्याः**

**मुख्य निर्वाचन आयुक्त (CEC) और निर्वाचन आयुक्त (EC):**
- CEC और EC का चयन एक पैनल की सिफारिश पर किया जाता है जिसमें प्रधानमंत्री, एक केंद्रीय कैबिनेट मंत्री एवं विपक्ष के नेता/लोकसभा में सबसे बड़े विपक्षी दल के नेता शामिल होते हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- इस समिति में कोई पद रिक्त होने पर भी चयन समिति की सिफारिशें मान्य होती हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- कैबिनेट सचिव की अध्यक्षता वाली एक खोज समिति चयन समिति को नामों का एक पैनल प्रस्तावित करती है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**143.**

**उत्तरः B**

**व्याख्याः**

**सहायक प्रजनन तकनीकः**
- इसमें शरीर के बाहर शुक्राणु या अंडे की कोशिकाओं में हेर-फेर करके और परिणामी भ्रूण को महिला की प्रजनन प्रणाली में स्थानांतरित करके गर्भावस्था प्राप्त करने के सभी तरीके शामिल हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- इसमें शामिल हैं- शुक्राणु दान, इन-विट्रो-फर्टिलाइज़ेशन (IVF) (जहाँ शुक्राणु को प्रयोगशाला में निषेचित किया जाता है) और गर्भकालीन सरोगेसी (बच्चा जैविक रूप से सरोगेट से संबंधित नहीं है)। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- इसे स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय (MoHFW) द्वारा जारी सहायक प्रजनन प्रौद्योगिकी विनियम 2023 के तहत विनियमित किया जाता है। **अतः कथन 3 सही है।**

**144.**

**उत्तरः A**

**व्याख्याः**

**PM-WANI:**
- PM-WANI की रूपरेखा एक मज़बूत डिजिटल संचार बुनियादी ढाँचे के निर्माण के राष्ट्रीय डिजिटल संचार नीति, 2018 (NDCP) के लक्ष्य को आगे बढ़ाती है। **अतः कथन-I सही है।**

नोट :

- PM-WANI का लक्ष्य राष्ट्रव्यापी डिजिटल संचार बुनियादी ढाँचे को मज़बूत करने के लिये विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में सार्वजनिक वाई-फाई हॉटस्पॉट उपलब्धता को बढ़ाना है। **अतः कथन-II सही है।**

**इसलिये, विकल्प A सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन I के लिये सही व्याख्या है।**

**145.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**हेज फंड:**

- हेज फंड अपने निवेशकों हेतु अधिक रिटर्न की तलाश में अधिक आक्रामक निवेश रणनीतियों को नियोजित करने के लिये प्रसिद्ध हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- हेज फंड निजी निवेश हैं जो केवल मान्यता प्राप्त निवेशकों के लिये उपलब्ध हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- हेज फंड में म्यूचुअल फंड के समान ही मूल एकत्रित निधि संरचना होती है। **अतः कथन 3 सही है।**

**146.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**शॉर्ट सेलिंग:**

- शॉर्ट सेलिंग वह प्रक्रिया है जिसमें एक निवेशक किसी स्टॉक अथवा प्रतिभूति को उधार लेता है तथा उसका विक्रय खुले बाज़ार में करता है एवं भविष्य में कीमत में संभावित गिरावट का अनुमान लगाते हुए बाद में उसी परिसंपत्ति को कम कीमत पर पुनर्खरीद करने का लक्ष्य रखता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- भारत के नियम शॉर्ट सेलिंग की अनुमति देते हैं, लेकिन वित्तीय अधिकारियों को व्यापारियों के ऑर्डर के समय शॉर्ट सेलिंग की पहचान करने की आवश्यकता होती है। **अतः कथन 2 सही है।**

**147.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**वर्ल्ड हैप्पीनेस रिपोर्ट 2024:**

- फिनलैंड निरंतर सातवें वर्ष इस सूची में शीर्ष पर रहा उसके बाद डेनमार्क, आइसलैंड और स्वीडन का स्थान है। **अतः कथन 1 सही है।**
- भारत 126वें स्थान पर है जबकि चीन 60वें, नेपाल 93वें, पाकिस्तान 108वें, म्याँमार 118वें, श्रीलंका 128वें और बांग्लादेश 129वें स्थान पर है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- वर्ल्ड हैप्पीनेस रिपोर्ट संयुक्त राष्ट्र सतत् विकास समाधान तंत्र द्वारा प्रतिवर्ष प्रकाशित की जाती है और इसमें छह कारकों को ध्यान में रखा जाता है जिनमें प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद, स्वस्थ जीवन प्रत्याशा, किसी पर भरोसा करना, जीवन में विकल्प चयन की स्वतंत्रता, उदारता एवं भ्रष्टाचार से मुक्ति शामिल है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**148.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016:**

- दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 के अनुसार दिव्यांग वह व्यक्ति है जो ऐसी दीर्घकालिक अपंगता अथवा अक्षमता (Impairment) रखता है जो उसकी शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक या संवेदी क्षमताओं को प्रभावित करती है। **अतः कथन 1 सही है।**
- दिव्यांगता के मौजूदा 7 प्रकारों को बढ़ाकर 21 कर दिया गया है तथा केंद्र सरकार के पास दिव्यांगता के और अधिक प्रकारों को शामिल करने की शक्ति होगी। **अतः कथन 2 सही है।**
- यह अधिनियम भारत द्वारा हस्ताक्षरित दिव्यांगजन अधिकार पर संयुक्त राष्ट्र अभिसमय (UNCRPD) के दायित्वों के अनुरूप है। **अतः कथन 3 सही है।**

**149.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- जलवायु और स्वच्छ वायु गठबंधन सरकारों, संगठनों एवं व्यवसायों की एक साझेदारी है जो अल्पकालिक जलवायु प्रदूषकों को कम करने के कार्यों के माध्यम से वायु गुणवत्ता में सुधार करने के लिये प्रतिबद्ध है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- क्रूक्स एलायंस विश्व भर में प्रभावी और महत्त्वाकांक्षी नीति डिज़ाइन एवं सलाहकार सेवाएँ प्रदान करता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
  - महत्त्वाकांक्षी, अत्याधुनिक जलवायु नीतियों के तेज़ी से कार्यान्वयन का समर्थन करने के लिये वर्ष 2018 में क्रूक्स एलायंस की स्थापना की गई थी। गहन नीति डिज़ाइन विशेषज्ञता वाले शीर्ष गैर-लाभकारी संगठनों द्वारा क्रूक्स एलायंस 20 सबसे अधिक उत्सर्जन वाले देशों में नीति निर्माताओं को दीर्घकालिक जलवायु स्थिरता हेतु महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों के लिये कार्बन शमन नीतियाँ डिज़ाइन करने में मदद करता है।

नोट :

- एशिया के लिये NDC ट्रांसपोर्ट इनिशिएटिव एक क्षेत्रीय पहल है जिसका उद्देश्य चीन, भारत, वियतनाम और अन्य एशियाई देशों में परिवहन क्षेत्र को डीकार्बोनाइज़िंग करने के लिये एक समग्र दृष्टिकोण है। **अतः कथन 3 सही है।**

**150.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**ग्लोबल नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम (Global Navigation Satellite System- GNSS):**

- BeiDou या BDS, पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना अर्थात् चीन के स्वामित्व वाली और चीन द्वारा संचालित एक वैश्विक नेविगेशन उपग्रह प्रणाली है। BDS को औपचारिक रूप से वर्ष 2020 में चालू किया गया था। परिचालन प्रणाली में 35 उपग्रह शामिल हैं। BDS को पूर्व में कंपास कहा जाता था। **अतः युग्म 1 सही सुमेलित नहीं है।**
- गैलीलियो (Galileo) एक वैश्विक GNSS है जिसका स्वामित्व और संचालन यूरोपीय संघ (EU) द्वारा किया जाता है। EU ने वर्ष 2016 में गैलीलियो प्रारंभिक सेवाओं की शुरुआत की घोषणा की और वर्ष 2021 में 24+ उपग्रहों की प्रणाली को पूरा करने की योजना बनाई है। **अतः युग्म 2 सही सुमेलित है।**
- ग्लोनास (ग्लोबलनाया नेविगेशनया स्पुतनिकोवाया सिस्तेमा, या ग्लोबल नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम- GLONASS) रूसी संघ के स्वामित्व वाली और रूस द्वारा संचालित एक वैश्विक GNSS है। पूरी तरह से संचालित इस प्रणाली में 24+ उपग्रह शामिल हैं। अतः युग्म 3 सही सुमेलित है।

**151.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**भारत में आय एवं संपत्ति असमानता रिपोर्ट:**

- विश्व असमानता प्रयोगशाला द्वारा जारी भारत में आय एवं संपत्ति असमानता रिपोर्ट के अनुसार, भारत की शीर्ष 1% आय और संपत्ति हिस्सेदारी ऐतिहासिक ऊँचाई पर पहुँच गई है तथा दुनिया में सबसे अधिक है। **अतः विकल्प A सही है।**

**152.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**डेटा एक्सचेंज:**

- स्केलेबल इकोसिस्टम के रूप में डेटा एक्सचेंज विभिन्न हितधारकों को संगठित करता है, जो परिणाम-उन्मुख निर्णय लेने और पैमाने की अर्थव्यवस्थाओं को प्राप्त करने के लिये उन्नत विश्लेषण करने के लिये सतह प्रदान करता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeiTY) ने हाल ही में राष्ट्रीय डेटा गवर्नेंस फ्रेमवर्क नीति (NPD फ्रेमवर्क) का अनावरण किया है। **अतः कथन 2 सही है।**
- भारत शहरी डेटा एक्सचेंज की स्थापना आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय द्वारा भारतीय विज्ञान संस्थान के सहयोग से की गई है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**153.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**महत्त्वपूर्ण मिशन:**

- मिशन दिव्यास्त्र: भारत ने मल्टीपल इंडिपेंडेंटली टारगेटेबल री-एंट्री व्हीकल (MIRV) के साथ स्वदेशी रूप से विकसित अग्नि-5 मिसाइल का पहला उड़ान परीक्षण मिशन दिव्यास्त्र का सफलतापूर्वक परीक्षण किया। अतः युग्म 1 सही सुमेलित है।
- मिशन शक्ति 27 मार्च, 2019 को रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (DRDO) द्वारा आयोजित एक एंटी-सैटेलाइट (ASAT) मिसाइल परीक्षण था। मिशन का लक्ष्य अत्यधिक शक्तिशाली ASAT हथियार विकसित करना था। **अतः युग्म 2 सही सुमेलित है।**
- मिशन डेफस्पेस: यह भारतीय उद्योग और स्टार्ट-अप के माध्यम से अंतरिक्ष क्षेत्र में तीनों सेवाओं (भारतीय वायु सेना, नौसेना एवं सेना) के लिये अभिनव समाधान विकसित करने का एक महत्त्वाकांक्षी प्रयास है। अतः युग्म 3 सही सुमेलित नहीं है।
  - INS अरिहंत भारत की परमाणु-संचालित बैलिस्टिक मिसाइल पनडुब्बी है, जिसे SSBN कार्यक्रम के अंतर्गत वर्गीकृत किया गया है। **अतः विकल्प B सही है।**

**154.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**अग्नि-V:**

- अग्नि-V ठोस ईंधन से चलने वाली एक अंतर-महाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल (ICBM) है। अतः कथन 1 सही है
- यह तीन चरणों वाली ठोस रॉकेट से चलने वाली मिसाइल है जो 1.5 टन का परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

155.

उत्तर: C

व्याख्या:

**प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (PMKSY):**

- यह एक केंद्र प्रायोजित योजना (कोर योजना) है जिसका शुभारंभ वर्ष 2015 में किया गया था। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह एक व्यापक योजना है जिसके दो प्रमुख घटक हैं जिसमें त्वरित सिंचाई लाभ कार्यक्रम (AIBP) और हर खेत को पानी (HKKP) शामिल हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
- PMKSY का वाटरशेड विकास घटक (WDC) भूमि संसाधन विभाग द्वारा कार्यान्वित किया जा रहा है। **अत: कथन 3 सही है।**

156.

उत्तर: D

व्याख्या:

**मिशन अमृत सरोवर:**

- अमृत सरोवर मिशन का शुभारंभ 24 अप्रैल, 2022 को किया गया था जिसका उद्देश्य भविष्य के लिये जल का संरक्षण करना था।
- इस मिशन का उद्देश्य आज़ादी के अमृत महोत्सव के एक भाग के रूप में देश के प्रत्येक ज़िले में 75 जल निकायों का विकास और कायाकल्प करना है। **अत: कथन 1 सही है।**
- इस मिशन के तहत लगभग एक एकड़ अथवा उससे अधिक क्षेत्रफल के 50,000 जल निकायों का निर्माण किया जाएगा। **अत: कथन 2 सही है।**
- मिशन इन प्रयासों को पूरा करने के लिये नागरिक और गैर-सरकारी संसाधनों को जुटाने हेतु प्रोत्साहित करता है। **अत: कथन 3 सही है।**

157.

उत्तर: A

व्याख्या:

**विश्व जल विकास रिपोर्ट (World Water Development Report- WWDR):**

- यूनेस्को (UNESCO) विश्व जल मूल्यांकन कार्यक्रम संयुक्त राष्ट्र-जल के लिये विश्व जल विकास रिपोर्ट (WWDR) के उत्पादन का समन्वय करता है, जिसे यूनेस्को प्रतिवर्ष 22 मार्च को मनाए जाने वाले विश्व जल दिवस पर प्रकाशित करता है। **अत: विकल्प A सही है।**

158.

उत्तर: B

व्याख्या:

**संयुक्त राष्ट्र-जल (UN-Water):**

- UN-वॉटर जल और स्वच्छता मामलों पर ध्यान केंद्रित करने वाली संयुक्त राष्ट्र संस्थाओं (सदस्यों) तथा अंतर्राष्ट्रीय संगठनों (साझेदारों) से युक्त एक समन्वय निकाय है। **अत: कथन-I सही है।**
- जल संबंधी मुद्दों के लिये विशेष रूप से समर्पित कोई भी संयुक्त राष्ट्र एजेंसी, कोष या कार्यक्रम नहीं है। **अत: कथन-II सही है।**

**अत: विकल्प B सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।**

159.

उत्तर: B

व्याख्या:

- चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (CPEC) बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव का एक भाग है। **अत: कथन-I सही है।**
- बेल्ट एंड रोड पहल का उद्देश्य दक्षिण-पूर्व एशिया, मध्य एशिया, खाड़ी क्षेत्र, अफ्रीका तथा यूरोप को भूमि एवं समुद्री मार्गों के नेटवर्क से जोड़ना है। **अत: कथन-II सही है।**

**अत: विकल्प B सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I के लिये सही व्याख्या नहीं है।**

160.

उत्तर: B

व्याख्या:

- वर्ष 2015 में पेरिस समझौते द्वारा अनुकूलन पर वैश्विक लक्ष्य (GGA) की अवधारणा प्रस्तुत की, जो वैश्विक शमन लक्ष्य के समानांतर है, जिसका उद्देश्य वैश्विक तापमान वृद्धि को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित करना है। **अत: कथन 1 सही है।**
- जबकि शमन प्रगति को एकल मैट्रिक का उपयोग करके मापा जा सकता है, अनुकूलन हेतु अधिक जटिल मूल्यांकन पद्धति की आवश्यकता होती है।**अत: कथन 2 सही है।**
- COP-26 में प्रारंभ किये गए अनुकूलन पर वैश्विक लक्ष्य को लेकर ग्लासगो, शर्म अल शेख वर्क-प्रोग्राम, ने COP-28 द्वारा GGA हेतु एक परिचालन ढाँचा स्थापित करने के लिये कार्यशालाओं एवं वार्ताओं की एक श्रृंखला शुरू की गई। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

नोट :

161.

उत्तर: B

व्याख्या:

**PIB की फैक्ट चेक यूनिट:**

- इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने हाल ही में वर्ष 2021 के आईटी नियमों के तहत प्रेस सूचना ब्यूरो की फैक्ट चेक यूनिट को शामिल करने की अधिसूचना जारी की है। **अत: कथन 1 सही है।**
- इसमें केवल भारत सरकार से संबंधित प्रश्नों को ही कार्रवाई योग्य माना जाता है, जबकि अन्य को कार्रवाई के लिये अप्रासंगिक माना जाता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- भारतीय सूचना सेवा (IIS) का एक वरिष्ठ DG/ADG स्तर का अधिकारी इसका प्रमुख होता है, जिसके दैनिक संचालन का प्रबंधन विभिन्न स्तरों पर IIS अधिकारियों द्वारा किया जाता है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

162.

उत्तर: B

व्याख्या:

**राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 (NFSA):**

- यह अधिनियम लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत 75% ग्रामीण आबादी और 50% शहरी आबादी को सब्सिडी वाले खाद्यान्न का कानूनी अधिकार प्रदान करता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- इस अधिनियम के तहत राशन कार्ड जारी करने के लिये परिवार की 18 वर्ष या उससे अधिक उम्र की सबसे बड़ी महिला को परिवार का मुखिया होना आवश्यक है। **अत: कथन 2 सही है।**
- इस अधिनियम के तहत केंद्र खाद्यान्न आवंटित करता है, जबकि राज्य अथवा केंद्रशासित प्रदेश अधिनियम को लागू करने हेतु ज़िम्मेदार हैं। **अत: कथन 3 सही है।**

163.

उत्तर: A

व्याख्या:

**प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (PMGKAY):**

- सरकार राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत आने वाले परिवारों को सब्सिडी वाले राशन के अलावा प्रति माह 5 किलो अतिरिक्त मुफ्त खाद्यान्न उपलब्ध कराती है। **अत: कथन 1 सही है।**
- विधवाओं, असाध्य रूप से बीमार व्यक्तियों, विकलांग व्यक्तियों या 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के बिना गारंटीकृत आय या समुदाय के समर्थन वाले परिवारों के अलावा इस योजना में अन्य समूह भी शामिल हैं जैसे- गरीबी रेखा से नीचे के परिवारों से संबंधित सभी नागरिक आदि। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

164.

उत्तर: A

व्याख्या:

**CERT-In:**

- CERT-In एक नोडल एजेंसी है जिसका कार्य हैकिंग एवं फिशिंग जैसे साइबर सुरक्षा खतरों से निपटना है। यह इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (Ministry of Electronics and Information Technology - MoEIT) के तहत संचालित होता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- CERT-In सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के दायरे से बाहर काम करता है और इसकी गतिविधियों एवं कामकाज के बारे में जानकारी तक सार्वजनिक पहुँच को सीमित करता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

165.

उत्तर: A

व्याख्या:

**राष्ट्रीय डेटा और एनालिटिक्स प्लेटफॉर्म (National Data and Analytics Platform- NDAP):**

- नीति (NITI) आयोग ने मंत्रालयों और राज्य सरकारों के साथ मिलकर एक अभिनव ओपन डेटा प्लेटफॉर्म NDAP पेश किया है।
- नेशनल डेटा एंड एनालिटिक्स प्लेटफॉर्म (NDAP) केंद्र एवं राज्य सरकार की संस्थाओं से उपयोगकर्त्ता के अनुकूल इंटरफेस और पॉवरफुल एनालिटिक्स के साथ-साथ मशीन-रिडेबल प्रारूपों में मूलभूत डेटासेट प्रदान करता है। **अत: कथन-I सही है।**
- NDAP का लक्ष्य उपयोगकर्त्ता की मांगों, कौशल और चुनौतियों पर व्यापक शोध का लाभ उठाकर सरकारी डेटा के उपयोग में मौजूदा सीमाओं का समाधान करना है। **अत: कथन-II सही है।**

**अत: विकल्प A सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन I की सही व्याख्या है।**

नोट :

166.

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**राज्यपाल ( Governor ):**

- किसी राज्य की सरकार की सभी कार्यकारी कार्रवाइयाँ औपचारिक रूप से राज्यपाल के नाम पर की जाती हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- वह मुख्यमंत्री तथा अन्य मंत्रियों की नियुक्ति करता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- वह कुलाधिपति के रूप में कार्य करता है और राज्य के विश्वविद्यालयों के कुलपतियों की नियुक्ति करता है। **अत: कथन 3 सही है।**

167.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**क्षय रोग ( TB ):**

- TB मुख्य रूप से फेफड़ों को प्रभावित करता है और माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस जीवाणु के कारण होता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह एक उपचार योग्य और रोकथाम योग्य बीमारी है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- कमज़ोर प्रतिरक्षा प्रणाली वाले, जैसे- HIV, कुपोषण, मधुमेह से पीड़ित अथवा तंबाकू का सेवन करने वाले व्यक्तियों में TB से ग्रसित होने का जोखिम काफी अधिक होता है। **अत: कथन 3 सही है।**

168.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**फारस की खाड़ी:**

- यह पश्चिमी एशिया में स्थित है और हिंद महासागर का एक खंड है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह ओमान की खाड़ी का विस्तार है और पूर्व में होर्मुज़ जलडमरूमध्य के माध्यम से हिंद महासागर से जुड़ता है। **अत: कथन 2 सही है।**

169.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**सिलीगुड़ी कॉरिडोर:**

- यह पश्चिम बंगाल में स्थित भूमि का एक संकीर्ण विस्तार है, जो भारत के पूर्वोत्तर राज्यों को शेष भारत से जोड़ता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- इसकी सीमा नेपाल, बांग्लादेश और भूटान साम्राज्य से लगती है। **अत: कथन 2 सही है।**



170.

उत्तर: A

व्याख्या:

**सूचना का अधिकार अधिनियम:**

- सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 का प्राथमिक उद्देश्य नागरिकों को सूचना तक पहुँचने में सक्षम बनाना, सरकारी कार्यों में पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा देना है। **अत: कथन-I सही है।**
- सूचना का अधिकार, 2005 संविधान के अनुच्छेद 19 के तहत भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के मौलिक अधिकार से लिया गया है। **अत: कथन-II सही है।**
  - राज नारायण बनाम यूपी राज्य मामले में इसे अनुच्छेद 19 का हिस्सा घोषित किया गया था।

**अत: विकल्प A सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन I के लिये सही स्पष्टीकरण है।**




171.

उत्तर: D

व्याख्या:

**धन शोधन निवारण अधिनियम (PMLA):**

- अधिनियम का उद्देश्य मनी लॉन्ड्रिंग को रोकना है और मनी लॉन्ड्रिंग से प्राप्त या उपयोग की गई संपत्तियों को ज़ब्त करने की अनुमति देता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- वित्त मंत्रालय के तहत राजस्व विभाग का एक हिस्सा, प्रवर्तन निदेशालय (ED) को मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम (PMLA) के अनुसार मनी लॉन्ड्रिंग अपराधों की जाँच करने का काम सौंपा गया है। **अत: कथन 2 सही है।**

172.

उत्तर: C

व्याख्या:

**महाड सत्याग्रह:**

- दलित आंदोलन की पृष्ठभूमि महाड सत्याग्रह से संबंधित है। **अत: कथन-I सही है।**
  - महाड सत्याग्रह से पहले, जाति-विरोधी विरोध प्रदर्शन अधिकांशत: स्थानीय स्तर तक सीमित थे जिससे यह घटना समुदाय द्वारा सामूहिक रूप से जाति व्यवस्था को अस्वीकार करने और अपने मानवाधिकारों की मांग को प्रदर्शित करने का पहला उदाहरण बनी।

नोट :

- वर्ष 1927 के महाड सत्याग्रह में अंबेडकर की आहम भूमिका के साथ बाबासाहेब अंबेडकर की सबसे उल्लेखनीय उपलब्धि दलित मुक्ति आंदोलन को सक्रिय करना, उनकी चेतना को जागृत करना और राजनीतिक प्रभाव के लिये उनकी खोज को आगे बढ़ाना था। अत: कथन-II गलत है।

**अत: विकल्प C सही है क्योंकि कथन-I सही है तथा कथन-II गलत है।**

173.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (NCRB):**

- भारत सरकार के गृह मंत्रालय (MHA) के तहत वर्ष 1986 में स्थापित यह ब्यूरो अपराध और अपराधियों के संबंध में जानकारी एकत्र करने का कार्य करता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- इसकी स्थापना टंडन समिति, राष्ट्रीय पुलिस आयोग (1977-1981) और गृह मंत्रालय की टास्क फोर्स की अनुशंसा पर की गई थी। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- NCRB द्वारा लॉन्च किया गया राष्ट्रीय डिजिटल पुलिस पोर्टल, पुलिस अधिकारियों को CCTNS डेटाबेस पर अपराधियों अथवा संदिग्धों की खोज करने में सुविधा प्रदान करता है और नागरिकों को ऑनलाइन शिकायत दर्ज करने जैसी सेवाएँ प्रदान करता है। **अत: कथन 3 सही है।**

174.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**नैनो यूरिया:**

- इसे भारतीय किसान उर्वरक सहकारी लिमिटेड (IFFCO) द्वारा विकसित और पेटेंट कराया गया है। **अत: कथन 1 सही है।**
- पारंपरिक यूरिया प्रिल की तुलना में, नैनो यूरिया का वांछनीय कण आकार लगभग 20-50 nm और अधिक पृष्ठीय क्षेत्रफल होता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- यह कम कार्बन फुटप्रिंट के साथ ऊर्जा-कुशल, पर्यावरण-अनुकूल उत्पादन प्रक्रिया द्वारा उत्पादित किया जाता है। **अत: कथन 3 सही है।**

175.

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**राष्ट्रीय जैविक उत्पादन कार्यक्रम:**

- इसमें प्रमाणन निकायों के लिये प्रमाणन कार्यक्रम, जैविक उत्पादन के लिये मानक, जैविक खेती को बढ़ावा देना आदि शामिल है। **अत: कथन 1 सही है।**
- इसे कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (APEDA), वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा कार्यान्वित किया जाता है। **अत: कथन 2 सही है।**

176.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**गेलेफू स्मार्ट सिटी परियोजना (Gelephu Smart City Project):**

- गेलेफू माइंडफुलनेस सिटी भूटान में एक योजनाबद्ध 1,000 वर्ग किलोमीटर का कार्बन-उदासीन शहर है, जो युवा पलायन जैसी चुनौतियों से निपटने के लिये जलविद्युत परियोजना और पर्यटन से परे देश के आर्थिक विविधीकरण प्रयासों के हिस्से के रूप में IT, शिक्षा, होटल एवं अस्पतालों जैसे पर्यावरण-अनुकूल उद्योगों पर ध्यान केंद्रित करता है। **अत: विकल्प A सही है।**

177.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**विश्व सामाजिक सुरक्षा रिपोर्ट:**

- हाल ही में अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन ने 'विश्व सामाजिक सुरक्षा रिपोर्ट 2020-22' जारी की जिसके अनुसार विश्व स्तर पर, 4.1 बिलियन लोग किसी भी प्रकार के सामाजिक सुरक्षा तंत्र के अभाव में जीवन यापन कर रहे हैं।
- इस रिपोर्ट में बताया गया कि महामारी की प्रतिक्रिया में की गई कार्यवाई असमान और अपर्याप्त थी। इस प्रकार कोविड-19 ने सार्वभौमिक सामाजिक सुरक्षा प्राप्त करने के महत्त्वपूर्ण महत्त्व को और अधिक रेखांकित किया। **अत: विकल्प A सही है।**

178.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना:**

- यह योजना BPL परिवारों को प्रत्येक LPG कनेक्शन के लिये 1600 रुपए की वित्तीय सहायता प्रदान करती है। **अत: कथन 1 सही है।**

नोट :

- उज्ज्वला 2.0 के लाभार्थियों को डिपॉज़िट-फ्री LPG कनेक्शन के साथ पहला रिफिल और एक चूल्हा निशुल्क दिया जाता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- लाभार्थी सीधे अपने बैंक खातों में सब्सिडी राशि प्राप्त करने के लिये पहल (PAHAL) योजना से भी जुड़ सकते हैं। **अत: कथन 3 सही है।**

**179.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- जल आपूर्ति और स्वच्छता राज्य के अधीन एक विषय है। **अत: कथन 1 सही है।**
- आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय शहरी जल आपूर्ति का प्रभारी नोडल मंत्रालय है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- केंद्रीय लोक स्वास्थ्य और पर्यावरणीय इंजीनियरिंग संगठन (CPHEEO) शहरी जल आपूर्ति के कार्यान्वयन, संचालन एवं रखरखाव में संबंधित राज्य एजेंसियों तथा शहरी स्थानीय निकायों (ULB) को परामर्श देने के लिये केंद्रीय स्तर पर एक सलाहकार निकाय के रूप में कार्य करता है। **अत: कथन 3 सही है।**

**180.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**पेय जल सर्वेक्षण पुरस्कार:**

- आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय ने हाल ही में पहले पेय जल सर्वेक्षण पुरस्कारों की घोषणा की। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- पुरस्कारों के रूप में सर्वश्रेष्ठ जल निकाय, स्थिरता चैंपियन, पुन: उपयोग चैंपियन, जल गुणवत्ता, शहर संतृप्ति और अमृत 2.0 रोटेटिंग ट्रॉफी ऑफ द ईयर की सराहना की जाती है। **अत: कथन 2 सही है।**

**181.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**भारत निर्वाचन आयोग (Election Commission of India- ECI):**

- ECI के पास जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, (RPA) 1951 के तहत पार्टियों को पंजीकृत करने का अधिकार है। **अत: कथन 1 सही है।**
- ECI के पास जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, (RPA) 1951 के तहत पार्टियों को पंजीकृत करने की शक्ति है, लेकिन उसके पास निष्क्रिय पार्टियों का पंजीकरण रद्द करने की शक्ति नहीं है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
    - किसी पार्टी का पंजीकरण केवल तभी रद्द किया जा सकता है यदि उसका पंजीकरण धोखाधड़ी से प्राप्त किया गया हो; यदि इसे केंद्र सरकार द्वारा अवैध घोषित किया गया है या यदि कोई पार्टी अपने आंतरिक संविधान में संशोधन करती है और ECI को सूचित करती है कि वह अब भारतीय संविधान का पालन नहीं कर सकती है।

**182.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP):**

- वित्त मंत्रालय के तहत आर्थिक मामलों का विभाग भारत में UNDP से संबंधित सभी मामलों के लिये नोडल एजेंसी के रूप में कार्य करता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- UNDP ने प्रदूषण को संबोधित करने में सरकार के अटल इनोवेशन मिशन (AIM) के साथ सहयोग करने के लिये भारत में अपनी एक्सेलेरेटर लैब की शुरुआत की। **अत: कथन 2 सही है।**
- जेंडर सोशल नॉर्म्स इंडेक्स UNDP द्वारा प्रकाशित किया जाता है। **अत: कथन 3 सही है।**

**183.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**ताइवान जलडमरूमध्य:**

- ताइवान जलडमरूमध्य, जिसे फॉर्मोसा जलडमरूमध्य भी कहा जाता है, ताइवान द्वीप और महाद्वीपीय एशिया को अलग करने वाली 180 किलोमीटर चौड़ी जलडमरूमध्य है। **अत: कथन 1 सही है।**
- ताइवान जलडमरूमध्य की मध्य रेखा चीनी मुख्य भूमि को ताइवान से अलग करने वाली एक अनौपचारिक सीमा के रूप में कार्य करती है। **अत: कथन 2 सही है।**

**184.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- पूर्वोत्तर अफ्रीका में स्थित सूडान की सीमा उत्तर में मिस्र, पूर्व में लाल सागर, इरिट्रिया व इथियोपिया, दक्षिण में दक्षिण सूडान, पश्चिम में मध्य अफ्रीकी गणराज्य और उत्तर पश्चिम में लीबिया से लगती है। **अत: विकल्प B सही है।**

नोट :




185.

उत्तर: C

व्याख्या:

**फिलिस्तीन शरणार्थियों के लिये संयुक्त राष्ट्र राहत और कार्य एजेंसी (UNRWA):**

- यह गाज़ा, इज़रायल के कब्ज़े वाले वेस्ट बैंक, लेबनान, सीरिया और जॉर्डन में संचालित होता है, जहाँ शरणार्थियों ने निष्कासित होने के बाद आश्रय मांगा था। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह अमेरिका जैसे राज्यों के स्वैच्छिक दान पर बहुत अधिक निर्भर करता है, जिसमें संयुक्त राष्ट्र से मिलने वाली एक छोटी सब्सिडी केवल प्रशासनिक व्यय को कवर करती है। **अत: कथन 2 सही है।**



186.

उत्तर: B

**व्याख्या:**

**डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना:**

- डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढाँचे में डिजिटल नेटवर्क शामिल हैं जो नागरिकों को सामाजिक सेवाओं की डिलीवरी की सुविधा प्रदान करते हैं, जिनमें आधार, यूनाइटेड पेमेंट्स इंटरफेस (UPI) और फास्टैग जैसे उल्लेखनीय उदाहरण शामिल हैं। **अत: कथन-I सही है।**
- नेशनल एसोसिएशन ऑफ सॉफ्टवेयर एंड सर्विसेज़ कंपनीज (NASSCOM) और बोस्टन स्थित प्रबंधन परामर्श फर्म आर्थर डी लिटिल इंटरनेशनल की एक रिपोर्ट के अनुसार, डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (DPI) भारत को वर्ष 2030 तक 8 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने में मदद कर सकता है। **अत: कथन-II सही है।**

**अत: विकल्प B सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन I के लिये सही स्पष्टीकरण नहीं है।**

187.

उत्तर: C

**व्याख्या:**

- केंद्रीय निर्गम मूल्य (CIP) वह दर है जिस पर सरकार राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 और अन्य कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों के लिये राज्यों को केंद्रीय पूल से खाद्यान्न प्रदान करती है। **अत: कथन 1 सही है।**
- न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) वह कीमत है जिस पर सरकार किसानों से फसल खरीदती है और उन्हें बाजार की कीमतों में अचानक गिरावट की स्थिति में सुरक्षा मिलती है। **अत: कथन 2 सही है।**

188.

उत्तर: B

**व्याख्या:**

- ताजिकिस्तान की सीमा लगती है:
  - दक्षिण में अफगानिस्तान से
  - पश्चिम में उज़्बेकिस्तान से
  - उत्तर में किर्गिस्तान से
  - पूर्व में चीन से **अत: विकल्प B सही है।**

189.

उत्तर: A

**व्याख्या:**

**जैवविविधता अधिनियम, 2002:**



- संसद ने 1992 में आयोजित जैवविविधता सम्मेलन (CBD) के तहत भारत की प्रतिबद्धताओं के अनुसार जैव विविधता अधिनियम, 2002 पारित किया। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह एक 3-स्तरीय ढाँचा स्थापित करता है जिसमें राष्ट्रीय स्तर पर एक राष्ट्रीय जैवविविधता प्राधिकरण (NBA) तथा राज्य स्तर पर राज्य जैवविविधता बोर्ड (SBB) और स्थानीय निकाय स्तर पर जैवविविधता प्रबंधन समितियाँ (BMC) शामिल हैं। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**190.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- नंदा देवी बायोस्फीयर रिज़र्व (NDBR), देश का दूसरा बायोस्फीयर रिज़र्व है तथा यह उत्तराखंड के तीन ज़िलों- चमौली, पिथौरागढ़, और बागेश्वर में विस्तृत है। **अतः कथन 1 सही है।**
- नंदा देवी राष्ट्रीय उद्यान (NDNP) और फूलों की घाटी राष्ट्रीय उद्यान (VoFNP), दोनों को यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल के रूप में मान्यता प्रदान की गई है। **अतः कथन 2 सही है।**
- इस क्षेत्र की विविध स्थलाकृति के परिणामस्वरूप यहाँ विभिन्न सूक्ष्म जलवायु देखने को मिलती है जिससे निम्न क्षेत्रों में शुष्क पर्णपाती वन और उच्च तुंगता पर अल्पाइन घास के मैदान पाए जाते हैं। **अतः कथन 3 सही है।**

**191.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**NI-KSHAY:**

- NI-KSHAY राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम (NTEP) के तहत टीबी नियंत्रण के लिये वेब-सक्षम रोगी प्रबंधन प्रणाली है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह प्रणाली राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (NIC) और भारत के विश्व स्वास्थ्य संगठन कार्यालय के साथ साझेदारी में सेंट्रल टीबी डिवीज़न (CTD) द्वारा बनाई एवं प्रबंधित की जाती है। **अतः कथन 2 सही है।**
- NIKSHA 2.0 पोर्टल कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (CSR) के अवसरों तक पहुँच की सुविधा प्रदान करके टीबी रोगी सहायता को बढ़ाता है, जिससे उपचार के परिणामों में सुधार होता है। **अतः कथन 3 सही है।**

**192.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- MeitY ने API मार्केटप्लेस कम डायरेक्ट्री पोर्टल के रूप में काम करने के लिये मार्च 2020 में API सेतु प्रोजेक्ट शुरू किया, जिसे ओपन API प्लेटफॉर्म प्रोजेक्ट के रूप में भी जाना जाता है, जिसका उद्देश्य नीति कार्यान्वयन को गति प्रदान करना है। **अतः कथन 1 सही है।**
- जुलाई 2015 में इलेक्ट्रॉनिक्स और IT मंत्रालय (MeitY) द्वारा एक 'Open API' नीति अधिसूचित की गई थी, जिसका उद्देश्य सरकार के निर्बाध सेवा वितरण को सक्षम करने के लिये एक खुला एवं इंटरऑपरेबल प्लेटफॉर्म विकसित करना था। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**193.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**भारत रोज़गार रिपोर्ट 2024:**

- अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (ILO) और मानव विकास संस्थान (IHD) ने संयुक्त रूप से "भारत रोज़गार रिपोर्ट 2024" शीर्षक से एक रिपोर्ट प्रकाशित की है। **अतः विकल्प A सही है।**

**194.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (IRDAI):**

- यह IRDA अधिनियम 1999 के तहत स्थापित एक स्वायत्त और वैधानिक निकाय है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह वित्त मंत्रालय के अधिकार क्षेत्र में कार्य करता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- यह भारत में बीमा क्षेत्र की देख-रेख करने वाली शीर्ष संस्था है जो पॉलिसीधारकों के हितों की सुरक्षा सुनिश्चित करती है और उद्योग के व्यवस्थित विकास, विनियमन एवं विकास को बढ़ावा देती है। **अतः कथन 3 सही है।**

**195.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**वित्त आयोग:**

- यह एक संवैधानिक निकाय है जो संघ और राज्यों के साथ-साथ राज्यों के बीच कर राजस्व के वितरण की सिफारिश करता है। **अतः कथन 1 सही है।**

नोट :

- वित्त आयोग का गठन संविधान के अनुच्छेद 280 के तहत भारत के राष्ट्रपति द्वारा किZ **है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।**

198.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**रामकृष्ण आंदोलन:**

- रामकृष्ण आंदोलन की शुरुआत स्वामी विवेकानंद ने वेदांत के सार्वभौमिक संदेश के प्रचार-प्रसार के लिये की थी। **अतः कथन-I सही है।**
- वेदों में निहित वेदांत, विश्व के प्राचीन और सबसे व्यापक आध्यात्मिक दर्शनों में से एक है। **अतः कथन-II सही है।**

**अतः विकल्प B सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।**

199.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**सशस्त्र बल विशेषाधिकार अधिनियम (AFSPA):**

- 1958 में संसद द्वारा अधिनियमित सशस्त्र बल विशेषाधिकार अधिनियम, सशस्त्र बलों को "अशांत क्षेत्रों" में सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखने के लिये विशेष शक्तियाँ और प्रतिरक्षा प्रदान करता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- केंद्र सरकार, किसी राज्य के राज्यपाल या केंद्रशासित प्रदेश के प्रशासक के पास किसी राज्य या केंद्रशासित प्रदेश या उसके किसी हिस्से को अशांत क्षेत्र घोषित करने का अधिकार है। **अतः कथन 2 सही है।**
- अधिनियम के तहत सशस्त्र बलों को अभियोजन से छूट प्राप्त है जब तक कि केंद्र सरकार अभियोजन एजेंसियों को मंज़ूरी नहीं देती। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

200.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**भारत TB रिपोर्ट 2024:**

- रिपोर्ट के अनुसार, भारत में तपेदिक (TB) की अनुमानित संख्या और वास्तविक मामलों के बीच का अंतर कम हो रहा है। **अतः कथन 1 सही है।**
- केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा भारत TB रिपोर्ट 2024 जारी की गई। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

नोट :